ईश्वर में हमारा विश्वास


# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • श्रावण शुक्ल पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 28 जुलाई 2023 • वर्ष-24 • अंक- 175 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अनुराग कश्यप की 'कैनडी' आईएफएफएम के ... पेज 12 पर



NEWS इन ब्रीफ

### बकोरिया मुठभेड़ मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट स्वीकार

**रांची।** बकोरिया मुठभेड़ के मामले में सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट को सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी प्रवीण उरांव ने गुरुवार को स्वीकार कर लिया है। मामले में रांची सीबीआई की ओर से क्लोजर रिपोर्ट दायर करते हुए बताया गया है कि अब मामले में आगे कोई जांच नहीं होगी।

### सिल्की और अनुराग हत्याकांड का आरोपी दोषी करार, फैसला 31 को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त आसिफ इकबाल की अदालत ने रांची के चर्चित सिल्की और अनुराग विश्वकर्मा हत्याकांड के आरोपित अनमोल वर्मा उर्फ अनमोल कांटी को दोषी करार दिया है। अदालत ने पुलिस की ओर से पेश किये गए साक्ष्य और गवाहों के आधार पर अनमोल को दोषी करार दिया। अदालत ने मामले में फैसले की तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है।

### मिड डे मील घोटाला:3 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन एक को

**रांची।** मिड डे मील में करोड़ों रुपये की राशि घोटाले के आरोपित संजय तिवारी, राजू वर्मा और सुरेश कुमार के खिलाफ एक अगस्त को आरोप गठन किया जायेगा। ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान यह निर्देश दिया।

## सीएम ने गरीब इंजीनियरिंग छात्र को दिया डेढ़ लाख का चेक

# हर प्रतिभावान बच्चे को पढ़ाएगी सरकार

### इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ उच्च शिक्षा के लिए भी आर्थिक मदद करेंगे

### प्रवीण की सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का काम करेगी

### गरीबी के कारण किसी बच्चे की पढ़ाई बाधित नहीं होगी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की मदद से एक अत्यंत गरीब परिवार के प्रतिभावान छात्र प्रवीण उरांव का आईआईटी, खड़गपुर से इंजीनियरिंग करने का सपना साकार होगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को रांची जिले के बेड़ो प्रखंड के सुदूरवर्ती गांव के रहने वाले प्रवीण उरांव को पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख पचास हजार रुपए का चेक सौंपा। वे प्रवीण के आर्थिक तंगी के बीच पढ़ाई करने के जज्बे तथा संघर्ष को देखकर अत्यंत भावुक हुए और गौरवान्वित भी महसूस किया। उन्होंने प्रवीण को बधाई और शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने प्रवीण से कहा कि उसकी इंजीनियरिंग की पढ़ाई के साथ अगर उच्च शिक्षा भी लेना चाहे तो उसके लिए आर्थिक मदद की जाएगी मुख्यमंत्री ने प्रवीण से यह भी कहा कि अगर उसके दोनों भाइयों की पढ़ाई और रोजगार अथवा स्वरोजगार उपलब्ध कराने कराने की दिशा में सरकार पूरा सहयोग करेगी। इस मौके पर प्रवीण की चाची प्रिया मणि जी भी मौजूद थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे अत्यंत खुशी हो रही है कि प्रवीण उरांव नाम के एक ऐसे बच्चे से मिलने का मौका मिला, जिसने गरीबी से संघर्ष करते हुए पढ़ाई जारी रखा और आईआईटी जेईई जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित की। प्रवीण की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए निश्चित तौर पर प्रेरणा का काम करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पैसे के अभाव में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सुभाष मुंडा हत्याकांड में एसआईटी गठित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड के मामले में पुलिस मुख्यालय की तरफ से रांची डीआईजी और एसएसपी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द इस हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करें।

झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल होमकर ने गुरुवार को बताया कि माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड को सुलझाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी को रांची के सिटी एसपी लीड कर रहे हैं। टीम में हेड क्वार्टर 2, डीएसपी साइबर, रातू थाना प्रभारी, नगड़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। आईजी अभियान के अनुसार इस जघन्य हत्याकांड को लेकर पुलिस मुख्यालय बेहद गंभीर है। रांची डीआईजी और एसएसपी को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह हर हाल में जल्द से जल्द हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करें। आईजी ने बताया कि हत्यारों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई बुधवार की रात से ही शुरू कर दी गई है। ना सिर्फ रांची में बल्कि रांची से बाहर भी टीम छापेमारी कर रही है, जितने भी संदिग्ध इस मामले में अब तक चिन्हित हुए हैं, सब को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## भाजपा विधायक दल की बैठक

# जय प्रकाश बन सकते हैं विधायक दल के नेता

### सीपी सिंह, विरंची नारायण के नाम की चर्चा

### केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे पर्यवेक्षक बन कर बैठक में हुए शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नेता विधायक दल के चयन को लेकर केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे भी मौजूद रहे। उनके साथ झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत



वाजपेयी भी बैठक में मौजूद रहे। जानकारी के मुताबिक, नेता विधायक दल के नेता मांडू विधायक व पूर्व मंत्री जयप्रकाश भाई पटेल का नाम सबसे आगे चल रहा है। विधायकों की मौजूदगी में उनके अलावा सीपी सिंह, बिरंची नारायण के नामों पर भी चर्चा हुई। हालांकि, खबर लिखे जाने तक नेता विधायक दल के नाम पर अंतिम मुहर नहीं लग पायी थी।

### हाईकोर्ट ने बच्चू यादव पर सीसीए लगाने के मामले में मांगा दस्तावेज

**रांची।** हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के सहयोगी बच्चू यादव के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) लगाए जाने को चुनौती देने वाली याचिका मामले में गृह विभाग को बच्चू यादव के खिलाफ सीसीए लगाने से संबंधित मूल दस्तावेज को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 10 अगस्त निर्धारित की है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में सुनवाई हुई। राज्य सरकार ने सीसीए के तहत बच्चू यादव के खिलाफ डिटेंशन ऑर्डर पास किया था। बच्चू यादव के खिलाफ सरकार ने साहिबगंज के डीसी के आदेश के आलोक में चार मार्च 2023 को सीसीए लगाया था।

## आत्म विकास की ओर अग्रसर सरकारी स्कूल के बच्चे

### 80 उत्कृष्ट विद्यालय एवं पांच जिलों के 60 स्कूल में लागू है पाठयक्रम

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में शुरू हुए उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चे हर्ष जोहार के जरिए अब अपने पाठ्यक्रम के महत्व के साथ-साथ रचनात्मकता और भावनात्मक तर्क विकसित करने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। राज्य सरकार ने कक्षा एक से कक्षा 12 तक की आवश्यकता और सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर ध्यान केंद्रित कर इसको शुरू किया है।




हर्ष जोहार पाठ्यक्रम का उद्देश्य राज्य के बच्चों को नकारात्मक भावनात्मक अनुभवों से उबरने की कला सीखना, जटिल समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने में सक्षम बनाना, आत्म विकास के लिए उनके प्रयास को बल देना, एक दूसरे से सकारात्मक संबंध बनाने एवं दूसरों के प्रति सहानुभूति के महत्व को समझाना है।

### पांच जिलों में है लागू

हर्ष जोहार सभी 80 उत्कृष्ट विद्यालयों और राज्य के 5 जिलों चतरा, पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## खतियान आधारित स्थानीय नीति विस के पटल पर लाएगी सरकार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड के तत्कालीन राज्यपाल द्वारा स्थानीय व्यक्तियों की झारखंड परिभाषा और ऐसे स्थानीय व्यक्तियों को परिणामी, सामाजिक, सांस्कृतिक और अन्य लाभ प्रदान करने के लिए विधेयक, 2022, भीड़ हिंसा और मॉब लिंचिंग निवारण विधेयक, 2021 एवं पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण की सीमा 27 प्रतिशत करने संबंधी विधेयक को वापस करने के बाद राज्य सरकार पुनः इस विषय की गंभीरता को देखते हुए विधेयक को विधानसभा के पटल पर रखने की योजना पर कार्य कर रही है। इसके लिए राज्यपाल सचिवालय द्वारा लौटाये गये उक्त विधेयक को भारत के संविधान के अनुच्छेद 200 एवं झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम-98 (1) के तहत राज्यपाल के संदेश के साथ राज्य सरकार एवं विधानसभा को उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध राज्यपाल सचिवालय से किया है।

## बरही में एटीएम उखाड़ ले गए चोर, छानबीन में जुटी पुलिस

### 18 लाख 11 हजार 500 रुपए थे

### गीताची एजेंसी की देख रेख में दिया जा रहा था सर्विस

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

जीटी रोड बरसोत चौक मणिलाल चौधरी के मकान में स्थित एसबीआई के एटीएम मशीन सहित एटीएम के बगल में खड़ी सवारी गाड़ी संख्या जेएच 48 7707 को चोरों ने ले भागा। घटना बुधवार की रात्रि साढ़े बारह बजे रात की है। जिसकी जानकारी गुरुवार की सुबह मकान मालिक को हुई।




इसकी सूचना स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी को दिया। मुखिया ने तत्काल इसकी सूचना एसडीओ पूनम कुजूर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित सिंह को दी। जानकारी मिलते ही तीनो पदाधिकारी दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## एनडीए के 430 सांसदों से अलग-अलग समूहों में मुलाकात करेंगे पीएम मोदी

# 2024 को लेकर 'मेगा मुलाकात' अभियान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

2024 में होने वाले लोक सभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए गठबंधन के 430 सांसदों के साथ अलग-अलग समूहों में मुलाकात करने का फैसला किया है। एनडीए सांसदों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात को लेकर एक मेगा कार्यक्रम तय किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 31 जुलाई से एनडीए सांसदों के साथ मुलाकात करने का सिलसिला शुरू करेंगे और यह 10 अगस्त तक चलेगा। प्रधानमंत्री मोदी 31 जुलाई से लेकर 10 अगस्त तक अलग-अलग समूहों में एनडीए के लोक सभा एवं राज्य सभा के 430 सांसदों से मुलाकात कर राजनीतिक माहौल को लेकर




चर्चा करेंगे, उनसे जमीनी फीडबैक लेंगे और चुनावी तैयारियों के मद्देनजर महत्वपूर्ण टिप्स भी देंगे। मुलाकात के दौरान सांसद अपने-अपने कामकाज की रिपोर्ट भी प्रधानमंत्री को सौंपेंगे। सांसदों के साथ मुलाकात के सिलसिले के दौरान अलग-अलग मौकों पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और नितिन गडकरी सहित सरकार के कई मंत्री मौजूद रहेंगे।

जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी सबसे पहले 31 जुलाई को शाम 6:30 बजे उत्तर प्रदेश के ब्रज, पश्चिम, कानपुर और बुंदेलखंड से आने वाले 42 सांसदों से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात के दौरान जेपी नड्डा और नितिन गडकरी मौजूद रहेंगे। इस बैठक को सुचारू ढंग से कराने का जिम्मा यानी मेजबानी का दायित्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान और बीएल वर्मा को सौंपा गया है।

प्रधानमंत्री 31 जुलाई को ही उत्तर प्रदेश के बाद शाम 7:30 बजे पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के 41 सांसदों के दूसरे समूह के साथ अलग से मुलाकात करेंगे। इस समूह के साथ मुलाकात के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक की मेजबानी केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और शांतनु ठाकुर करेंगे।

प्रधानमंत्री 2 अगस्त को शाम 6:30 बजे उत्तर प्रदेश के काशी, गोरखपुर और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड वन



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

संदेश

समस्त झारखण्डवासियों को
74वें वन महोत्सव 2023
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ

वन एवं वृक्ष की महत्ता और आवश्यकता से हम सभी परिचित हैं। वृक्ष हमारे जीवन हेतु अति आवश्यक ऑक्सीजन, तरह-तरह की औषधियाँ, फल, फूल, बीज आदि देते हुए प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से भू एवं जल तथा जैव विविधता का संरक्षण करते हुए काफी लाभ पहुँचाते हैं।

वन महोत्सव का मुख्य उद्देश्य हमारी पृथ्वी की घटती हरियाली को पुन: जीवित जैव विविधता संरक्षण एवं पारिस्थितिक तंत्र के मूल रूप में वापसी में सहायता प्रदान करना है।

आज घटती हरियाली के वजह से हमारी पृथ्वी व मानव जाति पर बढ़ते मरुस्थलीकरण, पारिस्थितिक तंत्र का ह्रास और बढ़ता वायु प्रदूषण एवं ग्लोबल वार्मिंग का खतरा सामने है।

हमारे झारखण्ड के लिए अत्यंत गर्व का विषय है कि ईश्वर द्वारा हमें प्राकृतिक रूप से जल, जंगल, जमीन प्रचुर संपदा के रूप में प्रदान किया गया है। झारखण्डवासियों के अमूल्य प्रयास एवं सहयोग के द्वारा यहाँ के वनों के क्षेत्रफल एवं उसकी गुणवत्ता में वृद्धि हो रही है। झारखण्ड सरकार पर्यावरण के नुकसान, पारिस्थितिकी तंत्र, वायु और जल प्रदूषण तथा ग्लोबल वार्मिंग की समस्याओं को कम करने को लेकर सतत् प्रयत्नशील है।

आईये, वन महोत्सव के अवसर पर हम संकल्प लें कि हम सभी इस वर्ष कम से कम दो पौधा लगायेंगे तथा उसकी देखभाल करते हुए उसे एक पूर्ण वृक्ष के रूप में विकसित करने हेतु किये जा रहे प्रयासों में अपना योगदान देंगे।

जोहार!

PR No. 303472 (Forest, Environment and Climate Changes) 2023-24

वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार

## सीपीआईएम नेता की हत्या के विरोध में सड़क जाम

# बंद रही दुकानें, कई वाहनों में की गई तोड़फोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रातू**

सीपीआई (एम) के राज्य कमिटी सदस्य सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में रातू पूरी तरह से बंद रहा। बंद समर्थको द्वारा रातू के चट्टी,काठीटांड, तिलता व दलादिली रिंग रोड को पूरी तरह से बंद कर दिया था। बंद समर्थकों द्वारा जगह - जगह वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई । बुधवार रात को सीपीआईएम नेता सुभाष मुंडा की हत्या बाइक सवार तीन अपराधियो ने गोली मार कर कर दी थी। बेलगाम अपराधियों ने श्री मुंडा की हत्या दलादिली स्थित ऑफिस में घुस कर कर दी। उन्हें 6 से 7 गोली मारी गयी थी। गोली मारने के बाद अपराधी फरार हो गये। गंभीर रूप से घायल सुभाष मुंडा को परिजनो ने कटहल मोड़ स्थित रिंची अस्पताल पहुंचाया जहां



चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के आदिवासी समाज के हजारों लोगों ने शव के साथ दलादिली रिंग रोड,तिलता, पिर्रा के अलावा कटहल मोड़ को जाम कर दिया। इस दौरान दर्जनों वाहनों के शीशे तोड़ दिये गये, दर्जन भर ठेला व एक शराब की दुकान में आग लगा दिया गया। हत्या से गुस्साये लोग अपराधियों को जल्द पकड़ने की मांग कर रहे थे। घटना के बाद पुलिस को जाम हटाने के लिए काफी मुसक्कत का सामना करना पड़ा। रात 12 बजे सीनियर एसपी ,आईजी,डीआईजी, कई थाने के पुलिस व भारी संख्या में पुरुष व महिला पुलिस बल की तैनाती की गई। वार्ता व अपराधियो की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद रात 2 बजे जाम को समाप्त कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद गुरुवार की सुबह 10 बजे उनका पार्थिव शरीर दलादिली लाया गया व शव यात्रा निकाला गयी। शव यात्रा में रांची शहर के पार्टी साथियो सहित राज्य सचिव प्रकाश विप्लव, जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, आदिवासी अधिकार मंच के प्रफुल्ल लिंडा, दलित शोषण मुक्ति मंच के शिव बालक पासवान, किसान सभा के सुफल महतो, विरेन्द्र कुमार, सीपीआई के अजय सिंह, माले के मनोज भक्त सीटू के अनिर्वाण बोस,एक्टू के शुभेंदु सेन, पार्टी के पूर्व केंद्रीय कमिटी सदस्य गोपी कांत बक्सी, साझा मंच के अमल आजाद और एडवा की वीणा लिंडा ने उनके शव पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## भाजपा नेताओं ने विधि व्यवस्था पर राज्य सरकार को घेरा

**रांची।** माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या पर भाजपा ने राज्य सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, हटिया विधायक नवीन जायसवाल मृत माकपा नेता के घर पहुंचे थे। बाबूलाल मरांडी ने माकपा के युवा नेता सुभाष मुंडा की रांची के दलादली में हुई हत्या पर अपनी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि आदिवासी मुख्यमंत्री का दंभ भरने वाले हेमंत सोरेन की सरकार में राज्य का आदिवासी असुरक्षित है। आए दिन राज्य के होनहार आदिवासी युवक युवतियों की हत्या हो रही है। मरांडी ने कहा कि इस सरकार की शुरूआत ही आदिवासियों की हत्या से हुई है। आए दिन आदिवासी बहन बेटियों के साथ दुष्कर्म बलात्कार और हत्या की घटनाएं हो रही।

# माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्या के विरोध में आदिवासी संगठनों ने कराया बेड़ो बंद

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

पड़हा समाज,आदिवासी मूलवासी संगठन केंद्रीय पड़हा समिति, प्रार्थना सभा राजी पड़हा, आदिवासी के विभिन्न संगठन व मूलवासी के अगुवा ने गुरुवार को माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्या के विरोध में महावीर चौक बेड़ो में विरोध प्रदर्शन किया।इसके पूर्व संगठन के लोगों ने जुलूस निकालकर कर नारेबाजी करते हुए बेड़ो की दुकानें बंद कराई। उन्होंने अपराधियो को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा देने की मांग किया। वहीं राजधानी व झारखंड में आये दिन महिलाओं व आदिवासी नेताओं की हो रही हत्या अब बर्दाश्त नहीं करंगे। सरकार कानून व्यवस्था को यथाशीघ्र दुरुस्त करें। कानून व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर हम



सभी संगठन चरणबद्ध तरीके आंदोलन करने को बाध्य होंगे। एनएच अनिश्चितकालीन बंद किया जाएगा। वहीं इसकी सूचना मिलते ही सीओ सुमंत तिर्की थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम सदल बल महावीर चौक पहुंचे। वहीं पदाधिकारियों के समझाने बुझाने के बाद लोगों ने विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इसके बाद दुकानें खुली और वाहनों का आवागमन सुचारु हो गया। वही संगठन के पदाधिकारीयो ने सीओ को उपायुक्त रांची के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें हत्यारों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने का मांग किया है। सीओ सुमंत तिर्की ने कहा कि वे शीघ्र ही उनके मांगपत्र पर अग्रतर कार्रवाई के लिए वरीय अधिकारियों को भेज देंगे। मौके पर केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव, उपाध्यक्ष राकेश भगत, सचिव धनंजय कुमार राय, आदिवासी महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष महतो भगत, राजी पड़हा के सुखदेव उरांव, सरहुल पूजा महासमिति बेड़ो के प्रवक्ता मंगा पहान, आशा उरांव सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# माकपा नेता मर्डर केस- पुलिस मुख्यालय गंभीर, आदेश जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड को लेकर पुलिस मुख्यालय बेहद गंभीर है। मुख्यालय की तरफ से रांची डीआईजी और एसएसपी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह जल्द से जल्द सुभाष हत्याकांड में शामिल अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाएं। वहीं दूसरी तरफ सुभाष मुंडा के हत्या के विरोध में राजधानी के ग्रामीण और कुछ शहरी इलाकों में सुबह से लेकर दोपहर तक हंगामा होता रहा।

**जल्द गिरफ्तारी करेः** झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल होमकर ने बताया कि माकपा नेता सुभाष मुंडा के हत्याकांड को सुलझाने के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। एसआईटी को रांची के सिटी एसपी लीड कर रहे हैं। टीम में हेड क्वार्टर 2 ,डीएसपी साइबर , रातू थाना प्रभारी ,नगड़ी थाना प्रभारी सहित कई पुलिस कर्मियों को शामिल किया गया है। आईजी अभियान के अनुसार इस जघन्य हत्याकांड को लेकर पुलिस मुख्यालय बेहद गंभीर है रांची डीआईजी और एसएसपी को सख्त निर्देश दिया गया है कि वह हर हाल में जल्द से जल्द हत्याकांड में शामिल अपराधियों को गिरफ्तार करें। आईजी के अनुसार हत्यारों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई बुधवार की रात से ही शुरू कर दी गई है न सिर्फ रांची में बल्कि रांची से बाहर भी टीम छापेमारी कर रही है। जितने भी संदिग्ध इस मामले में अब तक चिन्हित हुए हैं सब को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

### सुबह से दोपहर तक होता रहा हंगामा

वहीं दूसरी तरफ सुभाष मुंडा के हत्या से आक्रोशित आदिवासी समाज के सैकड़ों लोगों ने दिनभर राजधानी हंगामा करते नजर आएं। जैसे ही सुभाष मुंडा का शव नगड़ी पहुंचा ,आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव के साथ ही रांची गुमला मार्ग को जाम कर दिया। इस सड़क पर जाम की स्थिति दोपहर तक बनी रही। हत्या के विरोध में गुरुवार को रांची बंद का भी कॉल किया गया था, बंद के दौरान राजधानी में कई स्थानों पर समर्थकों के द्वारा सड़क पर आगजनी भी की गई। रातू ,नगड़ी ,पुंदाग ,बेड़ो ,मांडर ,ओरमांझी और बरियातू थाना क्षेत्रों में बंद समर्थकों का उत्पात भी देखने को मिला। रांची गुमला और रांची डालटेनगंज मार्ग पर गुरुवार की सुबह 7 बजे से लेकर दोपहर के 2 बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। खासकर राजधानी के आउटर रिंग रोड को समर्थकों ने घंटों जाम किए रखा। जाम की वजह से गुमला और डालटेनगंज जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुधवार को भी हत्या के विरोध में जमकर हंगामा किया गया था। बुधवार की रात करीब सवा आठ बजे ग्रामीणो सड़क पर उतर आए। आक्रोशित भीड़ ने दलादली चौक को जाम कर दिया। इसके बाद उग्र भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया। लाठी-डंडे से लैस भीड़ ने रिंग रोड से गुजर रहे दो दर्जन से ज्यादा ट्रक, दो व तीन पहिया वाहनों के शीशे को न सिर्फ क्षतिग्रस्त किया, बल्कि उनके चालकों के साथ भी जमकर मारपीट की ,भीड़ में शामिल ग्रामीण इतना आक्रोशित थ।

## मुहर्रम को लेकर राज्यभर में पुलिस बलों की तैनाती

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय ने मुहर्रम को लेकर राज्यभर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। राज्य पुलिस प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि वैसे जगहों पर जहां पूर्व में सांप्रदायिक घटनाएं हुई हैं, खास कर रांची, जमशेदपुर, पलामू, बोकारो, गिरिडीह, लोहरदगा, हजारीबाग में अतिरिक्त बलों की तैनाती की गई है। उन जिलों में विशेष सतर्कता बरतने का आदेश भी जिलों के एसपी को दिया गया है। आईजी अभियान ने बताया कि सभी जिलों में शांति समिति की बैठक कर वॉलेंटियर चिन्हित किए गए हैं। असमाजिक तत्वों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है, थानों में बांड भरने की प्रक्रिया भी की जा रही है। संवेदनशील जगहों पर इलेक्ट्रानिक सर्विलांस भी रखा जा रहा है। सोशल मीडिया पर निगरानी, हॉट स्पाट भी चिन्हितआईजी अभियान ने बताया कि असमाजिक तत्वों के द्वारा ट्वीटर, फेसबुक, व्हाटसएप ग्रुप में अफवाह न फैलाया जाए, इसके लिए सभी जिलों के एसएसपी व एसपी को निर्देश दिया गया है।

# कर्बला के शहीदों की स्मृति में गरीबों को कराया गया भोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

रांची/रामगढ़। सामाजिक संस्था डिवाइन ओंकार मिशन के सौजन्य से रामगढ़ में कर्बला के शहीदों की स्मृति में सैयद शाहरुख हसन रिजवी के सहयोग से अंजुमन जफरिया, रांची के बैनर तले गरीब, मजदूर, यतीम और बेसहारा बच्चों को भोजन कराया गया। इस मौके पर मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी ने इस नेक कार्य की सराहना करते हुए कहा कि सही मायने में यही पैगाम हुसैनीयत है। पूरी दुनिया यह नारा दे रही है कि कोई भूखा न रहे। यह नारा सबसे पहले हजरत अली ने दी। हम सब मुसलमान मिलकर हजरत अली के नारे को जन-जन तक पहुंचा कर इंसानियत के अलंबरदार बन जाएं। ओंकार मिशन के सचिव राजेश



कुमार ने शाहरुख रिजवी के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा कि इनका जुड़ना हमारे मिशन की मजबूती है। ज्ञात हो कि शाहरुख रिजवी एक समाजसेवी हैं और सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर इनकी सहभागिता रहती है। ये कुरान पाक के उस बयान पर अमल करते हैं की एक हाथ से किसी की मदद की जाए तो दूसरे हाथ को पता न चले। शारूख रिजवी कि इस तरह के नेक कार्य और भी हैं। जिसे वो बताना नहीं चाहते। शारूख रिजवी के पिता रेलवे में कार्यरत थे। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद श्री रिजवी रांची में ही बिजनेस कर रहें।

# सुभाष मुंडा के अंतिम यात्रा में पहुंचे भाजपा नेता, परिवार को बंधाया

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

नगड़ी थाना क्षेत्र के दलादली चौक स्थित ऑफिस में घुसकर माकपा नेता सुभाष मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके बाद दलादली स्थित सुभाष मुण्डा के आवास पहुंचे भाजपा युवा नेता सन्नी टोप्पो ने सुभाष मुंडा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और शोक संवेदना प्रकट किया। सन्नी टोप्पो ने परिजनों से मुलाकात कर परिजनों को ढांढस बंधाया। सन्नी टोप्पो ने कहा दुःखद घटना समाजसेवी सह माकपा नेता सुभाष मुंडा की अपराधियों ने दलादली चौक स्थित उनके दफ्तर में गोली मारकर हत्या कर दी, आज फिर एक आदिवासी समाज के हक की लड़ाई लड़ने वाला भाई बलि चढ़ गया। हेमंत सरकार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुका है, सड़क के साथ-



साथ अब लोग अपने घरों एवं दफ्तरों में भी सुरक्षित नहीं हैं। हेमंत सरकार के नियंत्रण से बाहर हुई विधि-व्यवस्था, सिर्फ घोषणा कर रहे। राज्य की विधि व्यवस्था चरमरा गई है, सरकार की नाकामी की वजह से कोई भी सुरक्षित नहीं है। इस सरकार के कार्यकाल में विकास के नाम पर लूट, हत्या, बलात्कार, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी में वृद्धि हुई है। नेतागिरी और अफसरशाही चरम पर है।

# कार्मेल स्कूल में सम्मान समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

ब्राम्बे स्थित कार्मेल स्कूल में ताइक्वांडो के बेल्ट ग्रेडिंग में सफल सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं बेल्ट देकर सम्मानित किया गया। यह बेल्ट ग्रेडिंग टेस्ट रांची जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा आयोजित किया गया था। बेल्ट ग्रेडिंग में येलो बेल्ट के लिए 39, ग्रीन वन बेल्ट के लिए 1 एवं ब्लू बेल्ट के लिए 5 बच्चों को सफल घोषित किया गया। सभी बच्चों को झारखंड ताइक्वांडो संघ के द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया। बच्चों के इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर मनीषा बाघेला ने बच्चों को शुभकामनाएं देते कहा कि हमारे विद्यालय में छात्रों को पढ़ाई के साथ विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता , सांस्कृतिक, शारिरिक एवं मानसिक विकास के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसमे बच्चें अपनी प्रतिभा को खुलकर दिखाकर अव्वल आते रहे हैं।स्कूल परिवार को इन प्रतिभाशाली बच्चों पर गर्व है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में इंद्रप्रस्थ कार्यक्रम आयोजित

# सलीम अफरोज व उनकी टीम हंग्री वुल्फ प्रतियोगिता की चैम्पियन बनी




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में इंद्रप्रस्थ नामक एक रोमांचक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इंद्रप्रस्थ व्यापार, वित्त और रणनीति की दुनिया का प्रतिनिधित्व करने वाला एक रोचक कार्यक्रम है। इस आयोजन में आकर्षण के तीन मुख्य कार्यक्रम थे- द हंग्री वुल्फ जो कि स्टॉक सिमुलेशन से संबंधित था, एक अभिनव कार्यक्रम- बजट योर बिड जो एक मनोरंजक नीलामी प्रतियोगिता थी तथा हैच पिच जो कि एक अनुभव व्यवसायिक योजना प्रतियोगिता थी। इसने छात्रों को अपनी प्रतिभा दिखाने, अपनी क्षमता का पता लगाने और व्यापार और वाणिज्य के क्षेत्र में अमूल्य अनुभव प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया। रणनीति और प्रतिस्पर्धा के मिश्रण के साथ इंद्रप्रस्थ एक अविस्मरणीय कार्यक्रम साबित हुआ जिसने अगली पीढ़ी को व्यापार और वित्त संबंधी कई महत्वपूर्ण जानकारियां सशक्त ढंग से उपलब्ध कराई। हैच पिच सेगमेंट की विजेता धृति माहेश्वरी की टीम बनी, बजट योर बिड सेगमेंट के विजेता वत्स शर्मा और उनकी टीम बनी जबकि सलीम अफरोज और उनकी टीम हंग्री वुल्फ प्रतियोगिता की चैम्पियन बनी। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन में स्कूल के अभिनव प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस तरह के आयोजन करने में छात्रों की अपार क्षमता की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए भविष्य में इस तरह के और भी नवीन कार्यक्रमों की योजना बना रहा है।

## निंदा मणिपुर के मुद्दे पर झारखंड विधानसभा में हंगामे के आसार

# सदन के बाहर धरना देंगे कांग्रेसी विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र से पहले कांग्रेस विधायक दल की बैठक में मणिपुर की घटना चर्चा के केंद्र में रही। पार्टी की महिला विधायक दीपिका पांडेय सिंह, पूर्णिमा नीरज सिंह, शिल्पी नेहा तिर्की और अंबा प्रसाद ने एक मत से कहा कि मानसून सत्र के दौरान गंभीरता से मणिपुर की स्थिति और वहां कुकी समुदाय की आदिवासी महिलाओं के साथ घटी घटना पर निंदा प्रस्ताव लाया जाए। विधायक दल की बैठक के दौरान इस मुद्दे पर यह सहमति बनी कि मानसून सत्र के पहले ही दिन सदन के बाहर सभी कांग्रेस विधायक धरने पर बैठेंगे। इसके जरिए सभी मणिपुर की घटना की निंदा के साथ-साथ केंद्र और मणिपुर सरकार की चुप्पी का विरोध करेंगे।वापस लौटाए गए विधेयक को फिर से भेजा जाएगा राजभवनः कांग्रेस विधायक दल की बैठक समाप्त होने के बाद विधायक दल के नेता और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने मीडिया से



बातचीत की। उन्होंने कहा कि आज की बैठक में शामिल सभी कांग्रेस विधायकों ने पिछले दिनों राजभवन से वापस कर दिए गए मॉब लिंचिंग विधेयक, ओबीसी आरक्षण विधेयक और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति विधेयक को फिर से सदन से पारित कराकर राजभवन भेजने पर सहमति जताई है।आलमगीर आलम ने कहा कि आज की बैठक में सभी विधायकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह पूरी प्रमुखता से अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में जरूर उठाएं। सरकार की फ्लैगशिप जन कल्याणकारी योजनाओं को भी सदन में चर्चा का हिस्सा बनाने का आह्वान किया है। आलमगीर आलम ने कहा कि सदन की कार्यवाही के माध्यम से राज्यभर की जनता को यह जानना चाहिए कि महागठबंधन की सरकार किस तरह से जनहित के लिए काम कर रही है।विधि व्यवस्था को लेकर चिंतित दिखे कांग्रेस विधायकः कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि आज की बैठक में सभी विधायकों ने पिछले कुछ दिनों से राज्य में खराब हुई विधि व्यवस्था को लेकर अपनी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कई विधायकों ने तो यहां तक कहा कि सरकार अगर चाहे तो उनकी सुरक्षा व्यवस्था वापस ले ले। लेकिन राज्य वासियों को पूरी सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यह बेहद गंभीर मुद्दा है और इस पर जल्द ही वह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात करेंगे।दो निलंबित विधायक भी बैठक में हुए शामिलः कांग्रेस विधायक दल की बैठक में आज पार्टी से निलंबित दो विधायक डॉक्टर इरफान अंसारी और नमन विक्सल कोंगाड़ी भी शामिल हुए। राज्य से बाहर रहने की वजह से निलंबित विधायक राजेश कच्छप बैठक में शामिल नहीं हो पाए।

## नव प्रोन्नत तीन आईपीएस अधिकारियों ने दिउड़ी मंदिर में मत्था टेका

**तमाड़।** प्राचीनकालीन सोलहभुजी मां दिउड़ी का दर्शन करने गुरुवार को झारखंड राज्य की सेवा में तैनात तीन नव प्रोन्नत आईपीएस अधिकारी अजय कुमार, पीताम्बर सिंह खेरवार, डॉ विमल कुमार साहू परिवार के साथ पहुंचे। दिउड़ी मंदिर के पुजारी मनोज पंडा ने सभी अधिकारियों से पूजा-अर्चना कराई। वहीं सभी अधिकारियों ने मां के चरणों में मत्था टेककर परिवार की मंगल कामना की। तीनों आईपीएस अधिकारियों ने अपनी प्रोन्नति और नई जिम्मेवारी मिलने पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हम कृतसंकल्प हैं। ज्ञात हो कि कुछ दिनों पूर्व झारखंड के 24 पुलिस अधिकारियों का आईपीएस अधिकारी के रूप में प्रोन्नति हुई है और सभी अधिकारियों को राज्य के मुख्यमंत्री ने एक सम्मान समारोह में बैच लगाकर सम्मानित किया है। वर्तमान में आईपीएस अधिकारी अजय कुमार बुंडू अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं। वहीं राज्य सरकार द्वारा दो दिन पूर्व आईपीएस अधिकारी पीतांबर सिंह खेरवार को दुमका जिला एसपी और आईपीएस अधिकारी डॉ विमल कुमार साहू को सरायकेला खरसावां जिला एसपी के रूप में नियुक्ति हुई है।


**समाहरणलय सिमडेगा**
**(पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य षाखा)**
sportofficesimdega@gmail.com

**प्रेस विज्ञाप्ति**

निदेशक, खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखण्ड, राँची के पत्रांक– 320/ दिनांक– 25.07.2023 के द्वारा विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) के अवसर पर "झारखण्ड आदिवासी महोत्सव, 2023" के अन्तर्गत दिनांक– 09 एवं 10 अगस्त, 2023 को विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स, सिमडेगा में किया जाना है।

विश्व आदिवासी दिवस (09 अगस्त) के अवसर पर विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन निम्नवत् है:–

| क्र0 | खेल गतिविधियों का विवरण | जिला स्तर खेल आयोजन की तिथि एवं स्थान | आयुवर्ग | अभ्युक्ति |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | फुटबॉल प्रतियोगिता (पुरूष एवं महिला) | दिनांक– 09, अगस्त, 2023 एवं 10, अगस्त,2023 | ओपन (कोई आयु सीमा नहीं) | इन ,खेल प्रतियोगिताओं मे प्रमुख रूप से अनुसूचित जनाजतियों वर्ग के खिलाड़ी भाग लेंगे। |
| 2 | हॉकी प्रतियोगिता (पुरूष एवं महिला) | | | |
| 3 | एथेलेटिक्स (100मी0 दौड़, 200मी0 दौड़, 4X400 मी0 रिले दौड़, 4X100 मी0 रिले दौड़ पुरुष एवं महिला) | | | |
| 4 | तीरंदाजी (इंडियन राउण्ड) (पुरूष एवं महिला) | | | |

- उपरोक्त विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में जिला स्तर पर सीधे इच्छुक प्रतिभागी टीमों/खिलाड़ियों का निबंधन निर्धारित स्थान पर करा सकते हैं।
- प्रतियोगिता के विजेता टीम प्रथम/द्वितीय/तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता टीमों/खिलाड़ियों को नकद पुरूस्कार से पुरूस्कृत किया जायगा। (फुटबॉल एवं हॉकी विजेता– 21000/– एवं एथेलेटिक्स एवं तीरंदाजी विजेता – 5000/–)

ह0/–
जिला खेल पदाधिकारी, सिमडेगा।

PR.NO.303438 District(23-24):D

### पिछड़ों की उपेक्षा करना बंद करे सरकार

# '27% आरक्षण की व्यवस्था लागू करे'



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड आंदोलनकारी महेश्वर साहु ने कहा है कि झारखंड में पिछड़ों के साथ भेदभाव और उपेक्षा विगत 22 वर्षों से की जा रही है। संयुक्त बिहार में तमाम पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण का लाभ दिया जाता था। झारखंड के लोगों ने सोचा था कि अलग राज्य बनने के बाद उनकी सुविधा एवं संसाधन में बढ़ोत्तरी की जायेगी. लेकिन अफसोस की बात है कि उनके बाल-बच्चों के भविष्य के साथ ही खिलवाड़ कर दिया गया। पिछड़ों के 27% आरक्षण कोटा को घटा कर मात्र 14% कर दिया गया है। यह पिछड़ों के साथ घोर अन्याय और बाबा भीमराव अम्बेदकर के संविधान की अवहेलना है। यह सामाजिक न्याय की भावनाओं के भी विपरीत है। इससे ओबीसी छात्रों एवं नौकरी के अभ्यर्थियों को भारी नुकसान पहुंचा है। श्री साहु ने कहा कि वैश्य मोर्चा कई वर्षों से मांग करती आ रही है कि सरकार अपने वायदे के अनुसार पिछड़े वर्ग को 27% आरक्षण की व्यवस्था लागू कर दे। अब चूंकि कल 28 जुलाई से विधानसभा का मॉनसून सत्र आहूत है तो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं महागठबंधन सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए कि इसी सत्र में ही संवैधानिक अड़चनों को दूर करके ओबीसी को 27% आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कराया जाए। नहीं तो 3 अगस्त को विधानसभा के समक्ष 'त्राहिमाम धरना-प्रदर्शन' का आयोजन किया जायेगा। श्री साहु ने कहा कि हम विपक्ष के सारे विधायक एवं नेतागण से भी आग्रह करते हैं कि राज्य सरकार पर दबाव बना कर 27% आरक्षण देने की बात हो। श्री साहु ने यह भी कहा कि राजनीतिक दल एवं नेताओं को यह मालूम होना चाहिए कि पूरे देश में पिछड़ा वर्ग एक बड़ी ताकत और आबादी है। झारखंड में भी ओबीसी की आबादी 54% के करीब है।

## एनजीओ के सहयोग से नाबालिग को कराया मुक्त

**रांची।** राजधानी रांची से दिल्ली ले जाई गयी एक नाबालिग को चाईल्ड राईट फाउंडेशन के सहयोग से बरामद कर लिया गया है। लगभग 17 महीने से दिल्ली में बंधक बनी नाबालिग को चाइल्ड राइट फाउंडेशन, दिल्ली पुलिस, महिला आयोग और शक्ति वाहिनी के सहयोग से मुक्त कराया गया। एक सप्ताह पूर्व नाबालिग ने किसी तरह अपनी बहन को फोन कर बतायी कि नार्थ दिल्ली के आदर्श नगर के शंकराचार्य रोड स्थित सी-7 काम करती हूं। मुझे घर से निकलने नहीं दिया जाता है। घर के मालिक कहीं जाते है तो बंद कर दिया जाता है। इस संबंध में नाबालिग की बहन ने रांची के एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी। चाईल्ड राईट फाउंडेशन के बैधनाथ कुमार और चंदन कुमार ने नाबालिग की रिहाई में अहम भूमिका निभाई। नाबालिग को जबरन घर में बंधक बनाकर रखा गया था।

### चिन्मय मिशन में सप्ताह के पंचम दिवस की श्रीमद भागवत कथा का आयोजन

# भगवान अपने प्रति वैर भाव रखने वालों को भी उर्ध्व गति प्रदान करते हैं : स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चिन्मय मिशन, रांची द्वारा आयोजित भागवत सप्ताह के पंचम दिवस की कथा भी परंपरानुसार भागवत व व्यास पीठ के पूजन से प्रारंभ हुई। पूज्य स्वामी परिपूर्णानन्द जी ने भगवान के प्राकट्य के समय की स्थिति का वर्णन करते हुए कहा कि इस समय जेल के दरवाजे खुल गए , पहरेदार सो गए। कंस के भय से वासुदेव जी भगवान को गोकुल ले गए। गोकुल में भगवान की बाल लीला में पूतना का उद्धार अर्थात अविद्या का नाश किया, शकटासुर का उद्धार अर्थात जड़वाद का नाश एवं तृणवृत्त का उद्धार अर्थात कामना का नाश किया। कुलगुरू द्वारा कृष्ण एवं बलराम दोनों भाइयों का नामकरण संस्कार हुआ। भगवान की मिट्टी खाने की लीला, ऊखल बन्धन लीला बताई गई। भगवान ने यमलार्जुन, वत्सासुर, बकासुर एवं अधासुर का उद्धार किया। भगवान अपने प्रति वैर भाव रखने वालों को भी उर्ध्व गति प्रदान करते हैं। स्वामी जी ने पुरूष सुक्त के माध्यम से परमात्मा की वंदन की। ब्रह्मा जी को भी भगवान के प्रति मोह हो गया था, उनका भी मोह दूर किया। गोप को परेशान करने वाली कालिया नाग का दमन किया। वेणुगीत व चीर हरण प्रसंग के माध्यम से भगवान को प्राप्त करने हेतु आवरण हटाने की साधना बताईं गईं।

इन्द्र के घमण्ड को चूर किया और व्रजवासियों को गोवर्धन पूजा करने की प्रेरणा दी। कल भगवान की प्रौढ़ लीला के प्रसंग के साथ रूक्मणी विवाह के प्रसंग की कथा होगी। सुचारू व्यवस्था के लिए श्री गढ़यान जी एवं टोरका जी के मार्गदर्शन में शलभ, उत्तम टिबड़ेवाल, श्याम किशोर, संजय सुल्तानिया आदि श्रद्धालुओं की एक बड़ी टीम लगी हुई है। विशेष उपस्थिति - ललित केडिया, सज्जन सराफ, ओम प्रकाश प्रणव, प्रकाश साबू आदि की रही।

## नव नियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**रांची।** रांची जिला अंतर्गत समाहरणालय, प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालयों में नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं, प्रखण्ड एवं अंचल में अभिलेखों के संधारण एवं टंकण आदि का परिबोध प्रशिक्षण दिया जायेगा। उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जारी आदेश में इनके प्रशिक्षण के लिए तिथिवार समय सारणी निर्धारित की गयी है। साथ ही इनके ट्रेनिंग के लिए प्रभारी प्रशिक्षकों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है जो निर्धारित तिथि अनुसार आवंटित प्रशिक्षण कार्यालयों में प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। सभी संबंधित प्रभारी प्रशिक्षक को नवनियुक्त निम्नवर्गीय लिपिकों को प्रशिक्षण प्राप्त कराने में आवश्यक सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देश दिया गया है। जारी आदेश में सूची में शामिल नव नियुक्त निम्न वर्गीय लिपिकों के अलावा अगर कोई अन्य लिपिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक हैं तो उन्हें भी किसी भी ग्रुप में शामिल होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने की अनुमति प्रदान की गई है।

## सुभाष मुंडा की हत्या की जांच हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त जज से कराए सरकार : राजेन्द्र

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने समाज सेवी व जमीन कारोबारी सुभाष मुंडा की हत्या किए जाने की घटना की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है। प्रसाद ने कहा कि हत्या की जांच सरकार हाईकोर्ट के किसी सेवानिवृत्त न्यायधीश से कराए। प्रसाद ने कहा आए दिन देखने को मिल रहा है कि जो समाज सेवी झारखण्ड के लिए अच्छी सोच रखते हैं उनकी साजिश के तहत हत्या हो रही है। व्यवसाय से जुड़े लोगों का भी यही हाल है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि अपराधियों का एनकाउंटर पुलिस करें, इसके लिए सरकार को पुलिस को खुला छूट देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हत्यारा की गिरफ्तारी जल्द से जल्द होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हत्या का खुलासा के लिए न्यायिक जांच आवश्यक है।

## माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या की निंदा

**रांची।** रांची के दलदली चौक पर माकपा नेता सुभाष मुंडा की हत्या पर रांची जिला राजद के अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने खेद जताया है उन्होंने कहा कि अपराधियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी होनी चाहिए सरकार को भी कानून व्यवस्था बनाए रखने की आवश्यकता है इन दिनों लगातार शहर में चीन चीन ताई मर्डर लूटपाट की घटनाएं हो रही है जो सरकार के लिए चिंताजनक बात है एक सरकार के अंग होने के नाते हमें भी बहुत अफसोस है कि सरकार इस पर कुछ नहीं कर पा रही है सरकार और पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द इन अपराधियों को गिरफ्तार करें ताकि पता चले कि आखिर ऐसी कौनसी दुश्मनी थी जिनके चलते माकपा नेता की हत्या कर दी गई।

## अनगड़ा में विकास योजनाओं की दी गई जानकारी

**अनगड़ा।** कल्याण विभाग द्वारा गुरुवार को अनगड़ा प्रखंड में एकदिनी जागरुकता सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। सेमिनार में अनगड़ा प्रखंड की विभिन्न पंचायत के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मेसो निदेशक सुधीर बाड़ा और जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण ने अजजा, अजा और पिछड़ी जाति के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजनाओं के बारे में बताया। वहीं अनुदान की योजनाओं की जानकारी दी गई। इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार ने किया। मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, उपप्रमुख जयपाल हजाम, जिला परिषद सदस्य राजेन्द्र शाही मुंडा, अनुराधा मुंडा, मुखिया रामानंद बेदिया, सरिता तिर्की, सीमा देवी, जानकी कुमारी, दुर्गा मुंडा, राजू महली और सारथी कुमारी आदि मौजूद थे।

# अग्रवाल सभा की वार्षिक आम सभा 30 जुलाई को



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** अग्रवाल सभा कार्यकारिणी सदस्यों की एक बैठक अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया की अध्यक्षता में अग्रसेन भवन के अग्रवाल सभा के कार्यालय हुई। इस बैठक में अग्रवाल सभा की नई कमेटी द्वारा 1 वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई एवं भावी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय किया गया। बैठक में अग्रवाल सभा के मंत्री मनोज चौधरी ने कहा कि अग्रवाल सभा रांची की वार्षिक आम- सभा 30 जुलाई को पूर्वाह्न 11 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में होगा। आम- सभा मे अग्रवाल सभा द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा, मंत्री का प्रतिवेदन, वर्ष 2022-23 के आय-व्यय का अंकेक्षित ब्यौरा, अंकेक्षक की नियुक्ति, आगत प्रस्तावों पर विचार तथा अध्यक्ष की अनुमति से विविध बातों पर विचार- विमर्श किया जाएगा। बैठक में- अग्रवाल सभा के वरीय उपाध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष सज्जन पाड़िया,विजय खोवाल, अजय डीडवानिया, राजकुमार केडिया, सुरेश चंद्र अग्रवाल, ललित कुमार पोद्दार, कमल कुमार केडिया,शिव कुमार भावसिंहका, पवन कुमार पोद्दार, चंडी प्रसाद डालमिया, निर्मल बुधिया, रमेश खेमका, कौशल राजगढ़िया, संजय सर्राफ, नरेश बंका, अशोक लाठ, अजय खेतान, मनोज रूईया, रीना सुरेखा, अलका सरावगी सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।



# कांग्रेसियों ने एपीजे अब्दुल कलाम को किया याद



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** कांग्रेस भवन, चाईबासा में गुरुवार को महान वैज्ञानिक एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई. भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर तथा दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें नमन किया गया. कांग्रेसियों ने डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के व्यक्तित्व, उनके जीवन, उनकी शिक्षा एवं संदेश पर परिचर्चा किया .कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए वक्ताओं ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम ना सिर्फ एक महान वैज्ञानिक थे बल्कि प्रेरणादायक नेता के साथ अद्भुत इंसान भी थे. चमत्कारिक प्रतिभा के धनी अब्दुल कलाम का व्यक्तित्व इतना उन्नत था कि उन्हें सभी धर्म जाति एवं संप्रदायों के व्यक्ति एक नजर आते थे . वह एक ऐसे भारतीय थे जो सभी के लिए एक महान आदर्श बन चुके है. मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर दास , सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय , ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष रंजीत यादव , जिला महासचिव कैरा बिरुवा , सचिव जगदीश सुंडी , संतोष सिन्हा , प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैयां , इम्तियाज खान, राफेल बांकिरा, बिशन जोंको, सन्नी रॉबर्ट अंथोनी, संदीप कुमार महतो, मांझी जोंको, विजय सिंह तुबिद, अनिल दास, सत्यन्त कुमार बरजो, राजू कारवा, सुशील कुमार दास, ब्रज मोहन देवगम आदि उपस्थित थे .

# हरीन्द्रानंद जी का मनाया गया 71वां जन्मोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को शिव शिष्यता के जनक साहब श्री हरीन्द्रानंद जी कि अर्द्धांगिनी और साहब श्री के साथ इस धरा पर 'शिव जन जन के गुरु हैं' का उद्घोष करने वाली दीदी नीलम आनंद जी के इकहतरवें(71वें) जन्मोत्सव के अवसर पर साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के आवास उपवन में श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब पांच हजार लोग उपस्थित हुए और दीदी नीलम के योगदान को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित किया। न्यास/संस्था के मुख्य सलाहकार अर्चित आनंद ने बताया कि साहब श्री हरीन्द्रानंद जी के बनाये न्यास/संस्था द्वारा प्रति वर्ष यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है,पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी शिव शिष्यों/शिष्याओं ने पूरे देश और विदेश में इकहत्तर हजार (71 हजार) से अधिक पौधरोपण किया और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। शिव शिष्य हरीद्रानन्द फाउंडेशन की अध्यक्ष बरखा आनंद ने दीदी नीलम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा की दीदी ने अपना पूरा जीवन गुरु कार्य में लगा दिया अपने गुरु महादेव को जनमानस के दिलों में स्थापित करने में साहब श्री हरीन्द्रानंद जी का अहर्निश साथ दिया। इस अवसर पर रांची में भी अर्चित और श्रीमति बरखा, कन्हैया सिंह सहित 500 से अधिक लोगों ने पौधरोपण किया। सभी आगंतुकों के लिए भोजन एवं प्रसाद की व्यवस्था थी।




# सुभाष मुंडा की हत्या के विरोध में आक्रोश रैली

## हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता सुभाष मुंडा की रांची में हत्या के खिलाफ 27 जुलाई गुरुवार को सीपीआईएम ने आक्रोश रैली निकाली. आक्रोश रैली गांधी सेवा सदन से निकली व हीरापुर चौक, कोर्ट मोड के रास्ते पुनः रणधीर वर्मा चौक पहुंची. आक्रोश रैली में जमकर नारे लगाए गए. हत्यारे की गिरफ्तारी की मांग की गई व रांची जिला प्रशासन की कार्यशैली पर पर कई सवाल खड़े किए. मौके पर सीपीआईएम के जिला सचिव सपन मांझी ने कहा कि अगर जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो विरोध और तीव्र होगा. उन्होंने कहा कि सुभाष मुंडा की हत्या की गूंज सदन तक जाएगी. इस रैली में डीवाईएफआई, सीपीआईएम, दलित शोषण मुक्त अभियान के कार्यकर्ता भी भारी संख्या में शामिल थे बता दें कि पिछले दिनों अपराधियों ने ऑफिस में घुसकर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ता सुभाष मुंडा को दिनदहाड़े गोलियों से भून दिया था. उनके शरीर पर 7 गोलियां दागी गई थी, जिससे उनकी मौत हो गई थी.

## दलित युवती को निर्वस्त्र कर पीटा, पेड़ से बांधा, 4 गिरफ्तार

**गिरिडीह।** गिरीडीह जिले के सरिया थाना क्षेत्र के नावाडीह में एक दलित युवती को निर्वस्त्र कर पेड़ में बांधकर उसके साथ मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है. घटना 26 जुलाई रात करीब 11 बजे की है. घायल महिला को परिजनों ने सरिया के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. जानकारी के अनुसार, मामला प्रेम प्रसंग का है. पुलिस ने नावाडीह निवासी आरोपी युवक श्रवण कुमार और उसके संबंधी विकास सोनार, रेखा देवी व मुन्नी देवी को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया. सभी से सरिया थाने में पूछताछ की जा रही थी. बताया गया कि पीड़िता और आरोपी युवक श्रवण कुमार के साथ फोन पर अक्सर बात होती थी. युवती ने बताया कि आरोपी के परिजनों ने दो दिन पहले उसे घर से उठा लेने की धमकी दी थी. अगले दिन यानी बुधवार की रात श्रवण ने उसे फोन किया और गाली-गलौज करने लगा. जिसका उसने विरोध किया. गुस्से में वह जैसे ही घर से बाहर निकली युवक के परिजनों ने पीछे से पकड़ लिया और मुंह बंद कर अपने घर लेजाकर निर्वस्त्र कर लात-घूंसों से बेरमी से पिटाई की.

# तोपचांची टीएपी उवि. में रंगोली पेंटिंग और निबंध प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** केंद्रीय संचार ब्यूरो धनबाद, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित जनसंख्या दिवस पखवाड़ा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं केंद्र सरकार की अन्य कल्याणकारी योजनाओं पर तोपचांची प्रखंड के टीएपी+2 उच्च विद्यालय में दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन गुरुवार 27 जुलाई को हुआ. टीएपी +2 उच्च विद्यालय तोपचांची में छात्र, छात्राओं के बीच निबंध, रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिताएं हुईं. छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. जनसंख्या वृद्धि के निवारण विषय पर छात्रों ने मनमोहक रंगोलियां बनाई व चित्रांकन किए गए. मौके पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है. लोगों का जागरूक होना जरूरी है. प्रखंड प्रमुख आनंद महतो ने कहा कि जनसंख्या पर नियंत्रण नहीं हुआ तो भविष्य पर गहरा असर पड़ने वाला है. प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश पांडेय ने भविष्य में छात्रों को जनसंख्या नियंत्रण में अपना रोल निभाने को कहा. क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ओंकार नाथ पांडेय ने देश में जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए सरकारी प्रयासों के बारे में जानकारी दी. निबंध प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की नीलम कुमारी और नमिता कुमारी ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं मुहम्मद साकिर तीसरे स्थान पर रहे. चित्रांकन में अभिनव कुमार प्रथम, आदित्य कुमार द्वितीय एवं अंशिका कुमारी तृतीय स्थान पर रही.

## संजीव सिंह को धनबाद के किसी भी अस्पताल में इलाज की इजाजत मिली

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले मे विगत छह वर्षों से जेल में बंद झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह की इच्छा मृत्यु व अंग दान की अनुमति देने की याचिका गुरुवार 27 जुलाई को अदालत ने खारिज कर दी. दो दिन पहले मंगलवार को संजीव सिंह ने अदिवक्ता के जरिये आवेदन देकर इच्छा मृत्यु की गुहार लगाई थी. हालांकि अदालत ने संजीव सिंह को राहत देते हुए जिले के अंदर किसी भी निजी अस्पताल में इलाज की इजाजत दे दी है. दूसरी ओर प्रशासन ने भी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने की अनुमति अदालत से मांगी. गुरुवार को कोर्ट में दलील देते हुए अधिवक्ता मो जावेद ने कहा कि संजीव सिंह की तबीयत लगातार खराब हो रही है. उनके शरीर का रंग बदलता जा रहा है. न जाने सरकारी अस्पताल में उन्हें किस तरह की दवा दी जा रही है. इसके पहले किसी निजी अस्पताल में अनुमति की मांग संजीव के परिजनों ने भी की थी. संजीव सिंह की पत्नी भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा था कि उन्हें बेहतर इलाज की जरूरत है और वह किसी निजी अस्पताल में ही मिल सकता है.

## नोवामुंडी : इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए गुवा के 14 बच्चे कोलकाता रवाना



**चाईबासा।** कोलकाता के सुभाष चंद्र बोस इंडोर स्टेडियम में 29 से 30 जुलाई तक दो दिवसीय इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन होने जा रहा है. इसमें भाग लेने के लिए गुवा से 14 बच्चे कोलकाता के लिए गुरुवार को गुवा रेलवे स्टेशन से रवाना हुए. ज्ञात हो कि गुवा में महिला समिति द्वारा संचालित लक्ष्मी मार्शल आर्ट एकेडमी की कराटे ट्रेनर थर्ड ब्लैक बेल्ट डन से सुशोभित लक्ष्मी कुमारी के द्वारा बच्चों को कराटे का प्रशिक्षण दिया जाता है. इससे पूर्व भी गुवा के बच्चों ने दिल्ली में हुए नेशनल कराटे टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन करते हुए एक सिल्वर पदक तथा सात कांस्य पदक हासिल कर अपना परचम लहराया था. गुवा से कोलकाता रवाना होने से पूर्व सभी बच्चों को उनके माता-पिता ने बेहतर प्रदर्शन कर पदक हासिल कर लौटने का आशीर्वाद दिया.

## चाईबासा : कोल्हान विवि के संस्कृत विभाग के विद्यार्थियों ने किया पौधरोपण

**चाईबासा।** वन महोत्सव पर कोल्हान विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की ओर से विश्वविद्यालय के बी ब्लॉक भवन के सामने पौधरोपण किया गया. स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अर्चना सिन्हा तथा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर प्रो. दानगी सोरेन के दिशा-निर्देश के अनुसार स्नातकोत्तर द्वितीय एवं चतुर्थ सत्र की विद्यार्थियों ने भाग लिया. इसमें आम, पपीता, लीची, सखुआ,बोगनबेलिया आदि के पौधे लगाया गए. विद्यार्थियों ने पौधरोपन के साथ पौधों को बचाये रखने ,पर्यावरण को शुद्ध एवं हरा-भरा करने का संकल्प लिया. पौधरोपन पर शिक्षण सहायिका अष्टमी महतो एवं मनीषा बोदरा उपस्थित थी. पौधरोपण में गंगाधर सिंह सरदार, तुलसी लागुरी, ममता मुंडा, आशा महतो, पीयूष मिश्र, सरस्वती महतो, आरती केसरी बीणापाणि महतो, अमीषा परिया, लीलावती कुमार ,लक्ष्मी गोप, गीता सोरेन ,अमिता महतो ,पीकोन आदि ने सराहनीय योगदान दिया.

## नाबालिग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जमशेदपुर।** शहर से सटे कमलपुर थाना अंतर्गत बेलडीह निवासी 14 वर्षीय ऋतिका महतो ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. गुरुवार तड़के 3 बजे ऋतिका का शव घर पर फंदे से लटका पाया गया. जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को सूचित किया. इधर, सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. परिजनों से अनुसार ऋतिका हर सुबह टहलने के लिए निकलती थी. गुरुवार सुबह भी वह जागी पर टहलने के लिए नहीं गई. सुबह उसका शव फंदे से लटकता पाया गया.

## ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के टाटानगर स्टेशन के डाउन लाइन पर गुरुवार सुबह ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गई. सुबह रेल कर्मचारियों ने शव देखकर इसकी सूचना रेलवे के अधिकारियों को दी. सूचना पाकर टाटानगर रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. मृतक की पहचान नहीं हो पाई है. मृतक की उम्र 40 वर्ष के आस-पास की बताई जा रही है. मिली जानकारी के अनुसार रेल कर्मी गुरुवार की सुबह डाउन लाइन की ओर जा रहे थे तभी उन्होंने डाउन लाइन पर एक शव देखा.

## राज मिस्त्री की हत्या, पुलिस ने किया खुलासा

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र के डुमरिया टांड स्थित इकबाल मार्केट नामक लॉज में राज मिस्त्री की हत्या बदले की भावना से की गई थी. डीएसपी विधि व्यवस्था अरबिंद विन्हा ने प्रेस वार्ता में गुरुवार 27 जुलाई को कारणों का खुलासा करते हुए कहा कि आरोपी राजू गोस्वामी की पत्नी के साथ सुभान अंसारी के नाजायज संबंध की बात मालूम हुई है. बदले की भावना से उसकी हत्या कर दी गई. डीएसपी ने अधिक जानकारी देते हुए बताया कि हत्या के लिए लोहे की छेनी का इस्तेमाल किया गया था, जिसे बरामद कर लिया गया है. अब तक के अनुसंधान में हत्या के पीछे का कारण जो प्रकाश में आया है, वह नाजायज संबंध का प्रतिशोध बताया गया है. गिरफ्तार आरोपी का पिछला आपराधिक इतिहास भी रहा है. 2017 में लॉ कॉलेज धनबाद के निर्माण के दौरान आरोपी ने राजमिस्त्री राजेंद्र यादव की हत्या कर दी थी.

## मिले डेंगू के दो मरीज, अब तक 45 की पुष्टि

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में गुरुवार को डेंगू के दो मरीज पाए गए. इसकी पुष्टि जिले से एकत्र जांच सैंपल में हुई है. इन दो मरीज को मिलाकर जुलाई माह में अब तक 45 मरीजों में डेंगू पाया गया है. वहीं मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है. जिला सर्विलांस टीम मरीजों पर नजर बनाए रखे है. जिला सर्विलांस पदाधिकारी डॉ. असद ने बताया कि जहां भी डेंगू के मरीज मिल रहे है वहां एंटी लार्वा का छिड़काव किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि घर के आसपास पानी को जमा ना होने दे और मच्छर से बचने के लिए मच्छरदानी का इस्तेमाल जरुर करें.

# झमाडा कर्मियों के आश्रितों ने उग्र आंदोलन की दी चेतावनी




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** अनुकंपा बहाली की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे झमाडा कर्मियों के आश्रितों का गुरुवार 27 जुलाई को 520 दिन पूरे हो गए हैं. दूसरी ओर झमाडा प्रबंधन ने अबतक कोई पहल नहीं की है. जिससे खफा आश्रितों ने अपने साप्ताहिक आंदोलन के तहत गुरुवार को कार्यालय परिसर में प्रबंधन के खिलाफ घंटों नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया. इस दौरान आंदोलन की अध्यक्षता कर रहे आश्रित मेहराबुल अंसारी ने कहा कि सरकार से निर्देश प्राप्त होने के बावजूद झमाडा प्रबंधन अपने तानाशाही रवैया पर कायम है. जिसके लिए सरकार भी पूरी तरह से जिम्मेवार है. उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि प्रबंधन जल्द से जल्द कोई फैसला नहीं लेता तो आंदोलन और उग्र होगा. जिसकी जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी. प्रदर्शन में मुख्य रूप से कुलदीप प्रामाणिक, विक्की रावत, इंद्रजीत सिंह, मंजर आलम, अनुज कुमार, कमलेश कुमार, आबिद अंसारी, प्रेमचंद कुमार, धीरेंद्र राम, दुलाली देवी, मेहराबुल अंसारी, विशाल कुमार चौधरी, मो० अजहरुद्दीन खान, ऋषभ झा, संजय राम, शुभम आशीष, गौतम कोरंगा, गौरी शंकर हाड़ी, संजीत मंडल, दुलाल कोरंगा, उर्मिला देवी, अजय कुमार वर्मा, विक्की राम, अमित सिंह इत्यादि शामिल रहे.

## विधायक ने मुख्यमंत्री सोना सबरन योजना का किया शुभारंभ

**जमशेदपुर।** गुड़ाबांदा प्रखंड सभागार में गुरुवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का शुभारंभ बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती द्वारा किया गया. 26 कार्डधारियों के बीच साड़ी, धोती तथा लुंगी का वितरण विधायक ने किया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सभी कार्डधारियों को एक साड़ी और एक धोती/ लूंगी 10 रुपये में सरकार मुहैया करा रही है. इस योजना का लाभ लाल, हरा और अंत्योदय कार्ड धारियों को मिलेगा. विधायक ने कहा कि सरकार अधिक से अधिक लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभुकों को जोड़ना चाहती है. इससे अंतिम छोर पर मौजूद व्यक्तियों को इसका फायदा मिले. सरकार अपना सामाजिक सुरक्षा का दायित्व निभाते हुए इस योजना को लाई है. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी स्मिता नगेसिया, प्रमुख शुभोजीत मुंडा, जिला पार्षद शिवनाथ मांडी, बीस सूत्री अध्यक्ष असित मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि सुराई टुडू, पूर्व जिला पार्षद बेलवती मुर्मू, बुकाई सोरेन, बीस सूत्री उपाध्यक्ष श्यामपद टुडू, बालीजुड़ी मुखिया कारिया हेंब्रम आदि दुकानदार और कार्डधारी उपस्थित थे.

# धनबाद के नये डीसी वरुण रंजन ने पदभार संभाला



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद के नये उपायुक्त बरुण रंजन ने गुरुवार 27 जुलाई को कार्यभार संभाल लिया. पद संभालने के बाद उन्होंने कहा कि नागरिकों का जिला प्रशासन के प्रति विश्वास को मजबूत बनाना उनका पहला दियित्व होगा. उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का तय समय सीमा में काम पूरा हो, योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिले, इन सभी बातों को ध्यान में रखकर काम किया जाएगा. उन्होंने कहा कि धनबाद में बढ़ते अपराध, अवैध माइनिंग, अग्नि प्रभावित और भू धसान क्षेत्र में निवास कर रहे लोगों के पुनर्वास आदि समस्याओं को समझना होगा. अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी और समाधान निकाला जाएगा. जन प्रतिनिधि और मीडिया से प्राप्त सुझावों को भी अमल में लाने का काम किया जाएगा. उन्होंने धनबाद जिले की कमान सौंपने के लिए राज्य सरकार को धन्यवाद दिया. इससे पहले निवर्तमान डीसी संदीप सिंह ने बुके देकर उनका स्वागत किया. दोनों अधिकारियों ने पदभार से जुड़ी सभी कागजी प्रक्रिया पूरी की, दोनों ने एक दूसरे के साथ जिले की तमाम गतिविधियों पर भी चर्चा की. निवर्तमान उपायुक्त ने नये डीसी को विभागीय पदाधिकारियों से परिचय कराया. इस मौके पर डीडीसी शशि प्रकाश सिंह, डी आरडीए डायरेक्टर मुमताज अली, अनुमंडल पदाधिकारी प्रेम कुमार तिवारी, नगर आयुक्त सतेंद्र कुमार, डीसीएलआर सतीश चंद्रा, योजना पदाधिकारी महेश भगत आदि मौजूद थे.

## विधायक ने किया 'खोरठा गाइड सह प्रैक्टिस वर्क बुक' का लोकार्पण

**धनबाद।** मनोरंजन दास लिखित 'खोरठा गाइड सह प्रैक्टिस वर्क बुक' नामक पुस्तक का लोकार्पण टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने 27 जुलाई गुरुवार को सिजुआ में किया. विधायक ने कहा कि सम्पूर्ण जानकारी से भरी यह पुस्तक झारखंड की प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भी उपयोगी है. उन्होंने पुस्तक के लेखक के प्रयास को सराहनीय बताया है. इस अवसर पर खोरठा के सम्मानित साहित्यकार,कवि, गीतकार विनय तिवारी विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे. उन्होंने भी उम्मीद जताई कि प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए यह पुस्तक काफी उपयोगी साबित होगी. लेखक मनोरंजन दास ने कहा कि उनकी पुस्तक झारखंड के प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को समर्पित है. किताब की भाषा को सरल एवं सटीक बनाने की भरपूर कोशिश की गई है, ताकि विद्यार्थी आसानी से समझ सकें. झारखंडी भाषा संघर्ष समिति के संस्थापक सदस्य राजेश ओझा ने भी विश्वास जताया कि कठिन परिश्रम से तैयार यह पुस्तक विद्यार्थियों के लिए उपयोगी साबित होगी. खोरठा अभिनेता अमन राठौर ने कहा कि पुस्तक विद्यार्थियों के लिए बेहद लाभदायक सिद्ध होगी.

**निरीक्षण**

## किरीबुरू बस्तियों में पानी सप्लाई के लिए पीएचईडी विभाग की टीम ने किया दौरा

# सभी को पानी उपलब्ध कराने के लिए पहल शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सेल की किरीबुरू एंव मेघाहातुबुरु टाउनशिप के चारों तरफ झुग्गी-झोपड़ियां बनाकर रहने वाले हजारों परिवारों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है. सभी को पानी उपलब्ध कराने के लिए पहल शुरू हो गई है. इसे लेकर क्षेत्र का भौतिक निरीक्षण करने गुरुवार को पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता अवीक अम्बाला, कनीय अभियंता कामदेव उरांव स्थानीय जिप सदस्य के साथ सेल मेघालया गेस्ट हाउस पहुंचे. कार्यपालक अभियंता ने मेघालया गेस्ट हाउस में एक बैठक कर इस समस्या के समाधान हेतु चर्चा की. बैठक में किरीबुरू के महाप्रबंधक (सिविल) डीबी जयकर, उप महाप्रबंधक उदय भान सिंह राठौर, सहायक महाप्रबंधक प्रवीण कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक रोहित टोप्पो, मेघाहातुबुरु के वरिष्ठ प्रबंधक सीताराम महतो, मेघाहातुबुरु उत्तरी की मुखिया लिपि मुंडा, किरीबुरू पश्चिम की उप मुखिया सुमन मुंडू मौजूद थे. इस दौरान सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने मेघाहातुबुरु एवं किरीबुरू प्रबंधन के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओडिशा के पचरी स्थित कारो पंप हाउस का निरीक्षण किया. कार्यपालक अभियंता ने कहा कि यहां के पानी की समस्या से जुड़ा मामला जिला परिषद सदस्य देवकी कुमारी ने उपायुक्त के पास पहुंचाया था. इस पर उपायुक्त ने सेल की उक्त दोनों खदान प्रबंधनों के साथ संयुक्त बैठक व निरीक्षण कर पानी की समस्या को दूर करने का निर्देश दिया था. इस आलोक में सेल की दोनों खदानों का पानी एरेजमेंट क्या है, बस्ती वालों को कैसे एवं कितना पानी देना है, सेल का वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (ओटीपी), पानी टंकी का स्टोरेज क्षमता क्या है, कहां से व कैसे पानी ओटीपी में लाया जाता है आदि की जानकारी व कुछ डाटा सेल प्रबंधन से लिया गया है. इसी डाटा बेस के आधार पर अध्ययन कर समस्या दूर करने की रणनीति बनाई जाएगी.



## शांति और सद्भावना के साथ मुहर्रम मनाने को लेकर पुलिस प्रशासन की अपील

# त्याग और बलिदान का प्रतीक है मुहर्रम


एसडीओ पूनम कुजूर


एसडीपीओ नाजिर अख्तर


बीडीओ सीआर इंदीवर


सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो


थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** मोहर्रम का त्योहार त्याग और बलिदान का प्रतीक है. इसे आपसी सौहार्द के साथ मनाएं. उक्त अपील पुलिस प्रशासन ने सभी लोगो से किया है. किसी भी प्रकार के अश्लील, भड़काऊ या सामाजिक अथवा धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला संगीत नही बजाए. सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से किसी भी प्रकार के भ्रामक या तथ्यहीन अथवा आधारहीन या विद्वेष फैलाने वाला पोस्ट नही करे और न ही बच्चों को ऐसा करने दे. जिससे सामाजिक सद्भाव या सौहार्द बिगड़ जाए. ऐसा करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी. इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि किसी भी प्रकार के असामाजिक गतिविधियों की तत्काल सूचना कंट्रोल रूप या 100 नंबर पर दे अथवा कंट्रोल रूप में वॉट्सएप संख्या 8002529349 पर दे. जानकारी देने वालों का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा.

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाया जा रहा मुहर्रम पर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में मुहर्रम का पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में अकीदत के साथ मनाया जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में बुधवार 26 जुलाई सप्तमी की रात को मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। जुलूस में बरकट्ठा डीह, कोनहराखुर्द मजार शरीक, बरकट्ठा एवं बरवां गांव के लोग निशान, ताजिया लिए गाजेबाजे के साथ शामिल हुए। विभिन्न अखाड़ों के साथ पहुंचे लोगों ने पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके पश्चात बरकट्ठा चौक पर ताज क्लब, गुलशन क्लब, आजाद क्लब के खिलाड़ियों के द्वारा अस्त्र शस्त्र के साथ अपने कला कौशल का प्रदर्शन किया। मुहर्रम को लेकर बरकट्ठा में चारो ओर इस्लामिक झंडा लगाया गया है। मौके पर मौलवी मो मेराज खान, नसीम खान, गफ्फार खान, जाहीद खान, जसीम खान, सत्तार खान, मिनहाज अहमद, बबलू खान, सन्नी खान, हाजी मो फहीम, सुल्तान अंसारी, इकबाल अंसारी, अनवर हुसैन, मो इमरान, खलील अंसारी, अब्दुल शकूर, रफीक खान, आजाद अंसारी समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। बरकट्ठा के अलावे प्रखंड क्षेत्र के ग्राम तुईयो में सप्तमी की रात को जलसा ए पाक का आयोजन किया गया। मुहर्रम का पर्व प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराखुर्द, कोनहराकला, शिलाड़ीह, बंड़ासिंघा, कलहाबाद, जमुआ, बेड़ोकला, घंघरी, गोरहर में भी सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है।

## रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने किया पदभार ग्रहण



**रामगढ़।** जिला समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में गुरुवार को रामगढ़ जिले के 13 वें उपायुक्त के रूप में चंदन कुमार ने निवर्तमान उपायुक्त माधवी मिश्रा से विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा की सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारना, शिक्षा व स्वास्थ्य के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में रामगढ़ जिले का विकास सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता होगी।

## भवानी प्लाजा में कॉस्मेटिक दुकान का शुभारंभ

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बंशीलाल चौक स्थित भवानी प्लाजा में गुरुवार को एमएसजी कॉस्मेटिक की दुकान का उद्घाटन हुआ. इसका शुभारंभ संचालक की मां शमीमा खातून ने किया. मौके पर संचालक सोनू ने बताया कि इस दुकान में हर प्रकार के कॉस्मेटिक और आभूषण उपलब्ध हैं. ग्राहकों को उचित मूल्य पर बेहतर सामान उपलब्ध कराए जाएंगे. पहले ही दिन ग्राहकों ने खासी खरीदारी की. मौके पर गुरु आईएएस एकेडेमी के निदेशक राजेश गुरु, थारूणिका बूटिक डॉ. अमला राणा, मो. साजिद, गजाला परवीन, अजीत कुमार समेत कई लोग मौजूद थे.

## प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन आज

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र के ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल सूर्यकुंड धाम में 28 जुलाई को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया जायेगा. जिसमें सुबह नौ बजे से मैट्रिक व इंटरमीडिएट परीक्षा में 60% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा. स्थानीय जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया और श्रीकांत मैथेमेटिक्स के निदेशक चंद्रकांत पांडेय के सौजन्य से समारोह आयोजित होगा. जिसकी जानकारी समाजसेवी सीके पांडेय ने दी.

## हजारीबाग : कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साव कोर्ट से बरी

**हजारीबाग।** कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साव को कोर्ट से बरी कर दिया गया. उनके विरुद्ध कटकमदाग थाना में तीन केस दर्ज था और तीनों में उन्हें रिहाई मिली है. इसके साथ ही वह गुरुवार को जेल से बाहर निकल गए. जानकारी के मुताबिक, छह वर्ष पूर्व बानादाग रेलवे साइडिंग में एक निजी कंपनी के चालक की मौत हो गई थी. बानादाग साइडिंग के रेलवे प्रशासन और एनटीपीसी ने उसे अपना चालक मानने से साफ इनकार कर दिया. मृतक के परिजनों के हक में आवाज उठाने पर कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साहू और पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया. जब मुकदमा दर्ज किया गया, तो बानादाग साइडिंग और कटकमदाग थाना के खिलाफ एक दिन तक साइडिंग से कोयला ढुलाई ठप कर दी गई थी. शोक में मजदूरों ने काम बंद कर दिया था. पूर्व मुखिया और जिला परिषद सदस्य पर कटकमदाग थाना कांड संख्या 131/18 भादवि के तहत 143, 147, 341, 342 और 353 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया था. रिहाई पर पूर्व मुखिया ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है. जेल से रिहाई के वक्त पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने उनका स्वागत किया.

## भीम आर्मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष ने असफाक के परिजनों से मुलाकात की



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** भीम आर्मी सेना के प्रदेश अध्यक्ष संजय रविदास हाजत में मरने वाले आरोपी अशफाक के परिजनों से मुलाकात किया. पूरे घटनाक्रम को विस्तार से जाना और परिजनों को हर संभव मदद करने की बात कही. उन्होंने कहा कि अशफाक दोषी हो सकता है, यह जांच का विषय है. परंतु पुलिस के संरक्षण में हाजत में मृत्य के लिये पुलिस दोषी है. भीम आर्मी सेना न्याय दिलाने के लिए सड़क से सदन तक आवाज बुलंद करेगी. आवश्यकता पड़ी तो दिल्ली के सड़कों पर भी अशफाक मृत्यु की गूंज उठेगी. इतने दिनों के बाद अब तक परिजनों को प्राथमिकी की कॉपी उपलब्ध नहीं करवाना, पुलिस अधीक्षक की एक घंटे के आश्वासन के बावजूद आज सप्ताह दिन बाद भी निलंबन की कोई करवाई नही करना, पुलिसिया कारवाई पर संदेह खड़ा करता है. उन्होंने कहा कि परिजन अत्यंत गरीब और बेसहारा है इन्हें तत्काल मुआवजा मिलनी चाहिए. परिजनों से मुलाकात करने के बाद प्रदेश अध्यक्ष थाना प्रभारी से मुलाकात का अबतक की कारवाई की जानकारी लिया. साथ ही अब तक एफआईआर कॉपी उपलब्ध नहीं कराने की शिकायत किया. थाना प्रभारी रोहित सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष को दो दिन के अंदर एफआईआर कॉपी उपलब्ध करवाने की बात कही वही तीन पुलिस कर्मियों के निलंबन की भी पुष्टि किया. उक्त जानकारी प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने दिया. उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के साथ जिला अध्यक्ष कृष्णा कुमार, जिला सचिव राहुल अंबेदकर, जिला उपाध्यक्ष सुनील कुमार, गुलाब कुमार, रॉकी, किटू इत्यादि सहित कई लोग मौजूद थे.

### आईलेक्स पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

# एपीजे अब्दुल कलाम को किया याद, दी श्रद्धांजलि



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** बच्चो के चहेते और मिसाइल मैन के नाम से प्रख्यात देश 11वें राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की 8वीं पुण्यतिथि के पर आईलेक्स पब्लिक स्कूल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक शैलेश कुमार ने पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ किया. इस अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चे और कर्मी मौजूद रहे. निदेशक ने बच्चो को पूर्व राष्ट्रपति की जीवनी बताते हुए हुए पूर्व राष्ट्रपति की तरह विपरित परिस्थितियों का मुकाबला करने की सीख दी. पूर्व राष्ट्रपति की बातो को दुहराते हुए उन्होंने कहा कि सपना वह नही जो नींद में देखी जाए, सपना वह है जो आपको नींद ही नहीं आने दे. उन्होंने कहा कि मिसाइल मैन ने हमेशा सादा जीवन उच्च विचार की सिद्धांतो का पालन किया. उनकी मृत्यु देश के लिए अपूरणीय क्षति है. कार्यक्रम को अन्य शिक्षको ने भी संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति को श्रद्धांजलि दिया. अंत में उपस्थित सभी विद्यार्थियो सहित शिक्षक व शिक्षिकाओं ने उन्हें मौन श्रद्धांजलि भी दिया.

# दोषियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आजसू करेगी आंदोलन : दिलीप दांगी




**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** आजसू जिला कार्यालय में गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए पार्टी जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने कहा की अनुसूचित जनजाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार मुंडा पर जानलेवा हमले की आजसू पार्टी कड़ी निंदा करती है। कहा की मां कल्याणी होटल जहां मारपीट की घटना हुई है उस होटल में शराब की बिक्री करना एवं असामाजिक लोगों का जमावड़ा होना दुर्भाग्यपूर्ण है । बताया की कल देर रात आजसू नेता दीपक कुमार मुंडा रांची से लौटने के क्रम में अपने परिवार के साथ चाय पीने के लिए मां कल्याणी होटल में रुकते हैं और अचानक शराब के नशे में धुत 5-6 लोग अंधाधुन आजसू नेता पर जानलेवा हमला करते हैं। जो काफी निंदनीय है। कहा जिला प्रशासन से आजसू पार्टी मांग करती है रामगढ़ जिले के जिन होटलों में खुलेआम शराब बिक रहा है उसपर कार्रवाई की जाये। आजसू जिलाध्यक्ष ने कहा की माकपा नेता सुभाष मुंडा की रांची में अज्ञात अपराधियों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। आजसू पार्टी इसकी घोर निंदा करती है । कहा की राज्य की हेमंत सोरेन सरकार के राज में आदिवासी भाई बहनों पर अत्याचार और शोषण बढा है। आने वाले समय में राज्य की जनता हेमंत सोरेन सरकार को इसका करारा जवाब देगी। कहा की राज्य में विधि व्यवस्था नाम की चीज ही नही रह गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के केंद्रीय सचिव निरंजन मुंडा,नगर परिषद के निवर्तमान अध्यक्ष योगेश बेदिया,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश करमाली,जिला कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बेदिया, आजसू पार्टी जिला उपाध्यक्ष पवन करमाली, आजसू पार्टी जिला सह सचिव बबलू करमाली,नगर कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप वर्मा उपस्थित हुए।

## छड़वा में लहराया निशान, जुटे दो दर्जन अखाड़ाधारी

**हजारीबाग।** हजारीबाग स्थित कटकमसांडी के छड़वा के कर्बला मैदान में गुरुवार को लहराते निशान के साथ करीब दो दर्जन अखाड़ाधारियों का जुटान हुआ. इसके साथ ही आठवीं का जुलूस निकला और मीन दिवसीय मुहर्रम मेला शुरू हो गया. इसमें सैकड़ों अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ी. सभी जुलूस और ताजिया के साथ कर्बला मैदान में परंपरागत हथियारों के साथ खेल, तमाशे और हैरतअंगेज करतब दिखाए. मोहर्रम पर्व को लेकर हजारीबाग जिलेभर में उत्साह और उल्लास का माहौल है. अकीदतमंदों ने हसन-हुसैन की शहादत के नारे लगाए. इधर मुहर्रम की आठवीं के दिन विभिन्न इमामबाड़ों में मिट्टी के बर्तन में फातिया की गई. छड़वा मोहर्रम कमेटी के प्रवक्ता साजिद अली खान ने बताया कि कटकमसांडी, कटकमदाग, इचाक, सदर समेत विभिन्न मौजा के अखाड़ाधारियों ने भाग लिया. वहीं एक से दूसरे इमामबाड़ों तक पैकाहों का संदेश पहुंचाने का सिलसिला दूसरे दिन भी जारी रहा.

## बीमार व्यक्ति को निजी खर्च से जिप सदस्य कुमकुम ने पहुंचाया अस्पताल



**बरकट्ठा।** जब किसी गरीब ,बीमार के साथ आप अस्पताल में कदम से कदम मिलाकर चलते हैं ,उसे सहयोग करने के साथ साथ उसके साथ कुछ पल बिताते हैं तो यह व्यवहार आपका उस बीमार व्यक्ति के लिए दवा बन जाता है। ऐसा ही वाक्या गैयपहाडी निवासी डोमन रविदास जो लकवा बीमारी से ग्रस्त हैं के साथ हुआ। उन्होंने जिप सदस्य कुमकुम देवी को फोन कर समस्या से अवगत कराया तो कुमकुम ने निजी वाहन से सदर अस्पताल हजारीबाग पहुंचाया तथा घंटों उनके सेवा में रहकर सभी प्रकार की जांच कराई। कुमकुम देवी के सेवा भाव से श्री रविदास के परिजन प्रभावित होकर इनको हृदय से आभार प्रकट किया। आज जब इस चकाचौंध भरी दुनिया में लोग गरीबों की अनदेखी कर रहे हैं तो ऐसे समय में कुमकुम हर गरीब,बेबस के साथ खडी दिखाई देती है। जिसे लोग कुमकुम देवी को दया बहन भी कहते हैं।

## हिजाब पर रोक के बाद तिलक पर हुआ था बवाल, सुलझा विवाद

**हजारीबाग।** आदर्श डीएवी स्कूल विष्णुगढ़ में तिलक विवाद का पटाक्षेप हो गया. अभिभावकों और स्कूल परिवार के बीच गुरुवार को हुई बैठक के बाद इसपर विराम लग गया. बताया गया कि दरअसल इसकी शुरूआत हिजाब से हुई थी. एक छात्रा हिजाब में आयी थी. स्कूल ड्रेस कोड का हवाला देकर हिजाब में आने से छात्रा को मना कर दिया गया था. घर जाकर छात्रा ने इसकी जानकारी अपने अभिभावक को दी. अभिभावक विरोध दर्ज कराने स्कूल पहुंच गए और कई छात्रों के माथे पर त्रिपुंड व तिलक देखकर उसपर आपत्ति जताई. उन्होंने कहा कि हिजाब नहीं, तो तिलक क्यों ? यहीं से बात बढ़ गई और सोशल मीडिया में बवाल मच गया. फिर स्कूल की तरफ से त्रिपुंड पर रोक लगा दी गई. कहा गया कि त्रिपुंड की बजाय छात्र सामान्य तिलक लगाकर स्कूल आ सकते हैं. भगवान शिव का सावन महीना होने के कारण कुछ छात्र शिव भक्ति में त्रिपुंड धारण कर स्कूल आया करते थे. अब इस प्रकरण पर पूरी तरह विराम लग चुका है. स्कूल के संचालक राणा इकबाल खान ने बताया कि कुछ लोगों ने इसे तिल का ताड़ बनाकर मुद्दा बना दिया था, जबकि यह कोई मुद्दा था ही नहीं.

# कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साव कोर्ट से बरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साव को कोर्ट से बरी कर दिया गया. उनके विरुद्ध कटकमदाग थाना में तीन केस दर्ज था और तीनों में उन्हें रिहाई मिली है. इसके साथ ही वह गुरुवार को जेल से बाहर निकल गए. जानकारी के मुताबिक, छह वर्ष पूर्व बानादाग रेलवे साइडिंग में एक निजी कंपनी के चालक की मौत हो गई थी. बानादाग साइडिंग के रेलवे प्रशासन और एनटीपीसी ने उसे अपना चालक मानने से साफ इनकार कर दिया. मृतक के परिजनों के हक में आवाज उठाने पर कटकमदाग के पूर्व मुखिया उदय साहू और पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया. जब मुकदमा दर्ज किया गया, तो बानादाग साइडिंग और कटकमदाग थाना के खिलाफ एक दिन तक साइडिंग से कोयला ढुलाई ठप कर दी गई थी. शोक में मजदूरों ने काम बंद कर दिया था. पूर्व मुखिया और जिला परिषद सदस्य पर कटकमदाग थाना कांड संख्या 131/18 भादवि के तहत 143, 147, 341, 342 और 353 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया था. रिहाई पर पूर्व मुखिया ने कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है. जेल से रिहाई के वक्त पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी ने उनका स्वागत किया.

**दी सलाह**

### आई फ्लू की चपेट में हजारीबाग, एक-दूसरे से इंफेक्शन का खतरा

# ठीक होने तक बच्चों को स्कूल भेजने से करें परहेज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में इन दिनों आई फ्लू की बीमारी फैल रही है. यह बीमारी इंफेक्शन से होकर हो रही है. हजारीबाग सदर अस्पताल के नेत्र विभाग ओपीडी में प्रत्येक दिन 20 से 25 लोगों का इलाज हो रहा है. पीड़ित लोग अपनी आंखों में अलग-अलग समस्याएं बता रहे हैं. हजारीबाग के नेत्र विभाग के डॉक्टर उमेश ने बताया कि आई फ्लू इंफेक्शन आंखों की एक वायरल बीमारी है. यह अमूमन बरसात के मौसम में लोगों को अपनी चपेट में लेता है. पहले इस संक्रमण के मामले काफी कम आते थे. लेकिन इस साल संक्रमण के आंकड़ों में काफी इजाफा हुआ है. उन्होंने बताया कि प्रतिदिन ओपीडी में आने वाले कुल रोगियों में 20 से 25 मरीज आई फ्लू इंफेक्शन के ही आ रहे हैं. किसी बच्चे को कंजक्टिवाइटिस या फिर आंखों से जुड़े किसी भी तरह का कोई इंफेक्शन हुआ है, तो उसे अन्य लोगों के संपर्क में आने से बचाएं. बच्चे को तब तक स्कूल नहीं भेजें, जब तक वह पूरी तरह से संक्रमण से मुक्त नहीं हो जाए. स्कूल प्रशासन ने भी बच्चों के परिजनों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि इंफेक्शन स्कूल के अन्य बच्चों में न फैले, इस मामले में एहतियात बरतें. डॉ. उमेश के अनुसार आंख लाल होना, जलन या खुजली होना आई फ्लू के लक्षण हैं. ऐसा होने पर तुरंत डॉक्टरों से जाकर संपर्क कर उसका इलाज कराएं. डॉक्टर उमेश का कहना है कि थोड़ी-थोड़ी अवधि में आंखों में पानी के छींटे करें. इससे इंफेक्शन की सफाई होती है. आंखों को बार-बार छुआ ना करें. नाक और मुंह को छूने से बचें. आसपास सफाई का ध्यान रखें. भीड़ वाली जगह पर जाने से बचें. आंखों को हर दो घंटे में साफ पानी से अच्छी तरह से धोएं. इस संक्रमण से पीड़ित व्यक्ति से आई कांटेक्ट या उनके आंखों को देखने से बचें. पीड़ित व्यक्ति के किसी भी तरह के कपड़े, तौलिया या बेड का प्रयोग नहीं करें. यहां तक कि मोबाइल और टीवी से दूरी बनाकर रखें और अभी आप किसी काम से घर से बाहर निकल रहे हैं, तो काला चश्मा पहन कर ही बाहर निकलें.

# आई फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग सिमडेगा अलर्ट

## सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने जारी किए एडवाइजरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा में बारिश के महीने के साथ ही लगातार छोटी बड़ी बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है इधर जिले में इन दिनों आई फ्लू के मामले तेजी से बढ़ने लगे हैं। ऐसे में लगातार बढ़ रहे आई फ्लू को लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट है सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने गुरुवार को एडवाइजरी जारी करते हुए उन्होंने बताया कि आई फ्लू की वजह से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है यह आई फ्यू यानी कंजंक्टिवाइटिस को ₹पिंक आई₹ के रूप में भी जाना जाता है। यह एक संक्रमण है, जो कंजंक्टिवा की सूजन का कारण बनता है।कंजंक्टिवा क्लियर लेयर होती है, जो आंख के सफेद भाग और पलकों की आंतरिक परत को कवर करती है। मानसून के दौरान, कम तापमान और हाई ह्यूमिडिटी के कारण, लोग बैक्टीरिया, वायरस और एलर्जी के संपर्क में आते हैं, जो एलर्जिक रिएक्शन्स और आई इंफेक्शन जैसे कंजंक्टिवाइटिस का कारण बनते हैं। उन्होंने बताया कि आई फ्लू के प्रमुख लक्षणों में से आँख में लालपन, सूजन, खुजली जलन, रोशनी के प्रति संवेदनशीलता सफेद चिपचिपा पदार्थ निकलना सामान्य से अधिक आंसू आना है यह वायरल कंजंक्टिवाइटिस अत्यधिक संक्रामक है और अक्सर सामान्य सर्दी जैसे श्वसन संक्रमण के साथ होता है। यह दूषित सतहों या श्वसन बूंदों के सीधे संपर्क से आसानी से फैल सकता है। सिविल सर्जन डॉक्टर नवल कुमार ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि बैक्टीरियल कंजंक्टिवाइटिस बैक्टीरिया के कारण होता है और अत्यधिक संक्रामक भी हो सकता है। यह दूषित हाथों, मेकअप या कॉन्टैक्ट लेंस जैसे सोर्स से बैक्टीरिया के संपर्क में आने के कारण हो सकता है।यह तब होता है, जब कंजंक्टिवा पराग, धूल के कण, पालतू जानवरों के फर, या कुछ



दवाओं जैसे एलर्जी के प्रति रिएक्शन करती है।उन्होंने बताया कि इससे बचने के लिए हाथों की स्वच्छता बनाए रखें और अपने हाथ बार-बार धोएं, दूषित हाथों के कारण ही कंजंक्टिवाइटिस फैलता है। आंखों के मेकअप और तौलिये जैसी निजी वस्तुओं को साझा करने से बचें।आंखों के लिए इस्तेमाल होने ब्यूटी प्रोडक्ट को एक्सपायर होने की बाद इस्तेमाल न करें।अपने तकिए के कवर को बार-बार बदलें।अपने तौलिये को बार-बार धोएं और साफ कपड़े पहनें। चूंकि कंजंक्टिवाइटिस संक्रामक है, इसलिए जिन लोगों को आई फ्लू है, उनके साथ करीब जाने से बचें। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में नेत्र चिकित्सक मौजूद है और साथ ही इस आई फ्लू वायरल को लेकर सभी प्रकार की तैयारी पूरी की गई है जो भी से चपेट में आ रहे हैं वे सदर अस्पताल या फिर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र जाकर इलाज करा सकते हैं।

# नवविवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत, जांच में जुटी पुलिस

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा के तिलैया थाना क्षेत्र के झुमरी से बड़ी खबर सामने आई है. जहां नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला. 2 महीने पहले ही महिला की शादी हुई थी. शादी के बाद से महिला का ससुराल वालों के साथ विवाद चल रहा था. वहीं मृतक लड़की के परिजनों के मुताबिक शादी के बाद से ही लड़के के परिवार वाले बेटी को परेशान करते थे. साथ ही मृतक के परिजनों ने इस मामले को लेकर लड़के पर हत्या का आरोप लगाया. उनका कहना है कि लड़के का मुंबई में किसी लड़की के साथ अवैध संबंध था. जिसकी वजह से लड़के ने हमारी बेटी को मार डाला और फांसी के फंदे पर लटका दिया. मृतक लड़की के परिजनों ने ये भी बताया कि इस मामले को लेकर 1 महीने पहले पंचायत भी बुलाई गई थी. जिसमें यह समझौता हुआ था कि लड़का हमारी बेटी को अच्छे से रखेगा, लेकिन अचानक बुधवार की रात बेटी ने फोन पर बताया कि उसके साथ ससुराल वाले मारपीट कर रहे. जिसके बाद सुबह जब हम बेटी के ससुराल पहुंचे तो हमने बेटी को फंदे से लटकता देखा. मृतक लड़की के परिजनों ने बताया कि उसकी बेटी ने आत्महत्या नहीं की बल्कि उसे मारा गया है.

# जूनियर कैंब्रिज स्कूल में याद किए गए एजेपी अब्दुल कलाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** देशभर के लोगों ने प्रेरणा स्त्रोत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के पुण्यतिथि के अवसर पर जूनियर कैम्ब्रिज स्कूल सिमडेगा में एक भव्य अभियान का आयोजन किया, जिसमें स्कूल के छात्रों ने डॉ. कलाम के योगदान को याद करते हुए 'आज के बच्चे, कल के कलाम' का नारा बुलंद किया।स्कूल के सभी छात्र और शिक्षक इस अवसर पर एकजुट होकर डॉ. अब्दुल कलाम की महानता को याद करने और उनके दर्शनों को अपने जीवन में अमल करने की प्रेरणा लेने के लिए संगठित हुए और उनको श्रद्धांजलि अर्पित किए।इस विशेष अवसर पर, स्कूल के प्रधानाध्यापक प्रभा केरकेट्टा जी ने कहा, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम एक महान वैज्ञानिक, शिक्षाविद्, और पूर्व भारतीय राष्ट्रपति थे, जिन्होंने अपने जीवन के माध्यम से देश और दुनिया के लिए एक अद्भुत योगदान दिया। हमारे स्कूल में आज उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं और प्रतिज्ञा करते हैं कि हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। बच्चों को यह भी बताया कि कलाम जी ने सभी को बड़े और ऊंचे सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया है जिसके तहत हम सभी बच्चे बड़े-बड़े सपने जरूर देखें और उसे पूरा करने के लिए जी जान से मेहनत भी करें। रोज दिन हमें अपने पाठ्यक्रम से और दैनिक जीवन से नई नई चीजें सीखकर दूसरों को भी सीखने में मदद करनी चाहिए।समारोह के दौरान, आज के बच्चे, कल के कलाम के नारे के साथ सभी छात्र एक साथ खड़े होकर नारा लगाए। यह नारा उन्हें याद दिलाता है कि वे न केवल अपने सपनों को देखें, बल्कि कल्पनाओं को वास्तविकता में बदलें।

## केरसई के नवनियुक्त थाना प्रभारी ने की परिचयात्मक बैठक

**केरसई।** केरसई थाना परिसर में नवनियुक्त थाना प्रभारी मुन्ना रामानी के परिचयात्मक समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में शांति समिति के सदस्यों जनप्रतिनिधियों एवं आम जनता को संबोधित करते हुए नवनियुक्त थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने कहा की जनता की शिकायत का त्वरित निष्पादन करना अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना और क्षेत्र में अमन शांति स्थापित करना हमारा प्रमुख लक्ष्य है जनता में पुलिस का मैत्री भाव पैदा कर क्षेत्र में बेहतर और भयमुक्त वातावरण तैयार करने के साथ ही, तमाम थाना क्षेत्र वासियों से सहयोग की अपील करता हूं।उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से गैर कानूनी कार्य सोशल मीडिया में अफवाह और अवैध शराब पर पूरी तरह से कड़ाई की जयगी, कानून की बात नहीं मानने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचल अधिकारी जिला परिषद एवं प्रमुख ने भी अपने-अपने विचार रखे।

# कोडरमा एसपी कुमार गौरव को मानवाधिकार ने भेजा समन

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा एसपी कुमार गौरव को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली ने समन भेजा है. साथ ही आयोग के समक्ष उपस्थित होकर जवाब देने को कहा है. दरअसल एसपी पर गलत कामों में पुलिसकर्मियों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया गया है. बता दें कि, 10 फरवरी 2023 को डोमचांच थाना की पुलिस एक व्यक्ति को गिरफ्तार करने डोमचांच के ढोढाकोला पंचायत गई थी. जहां आरोपी नहीं था. जिसके बाद पुलिस ने उसकी पत्नी समिदा खातून और उसके बच्चे की पिटाई की थी. साथ ही पुलिस वालों ने महिला की नाबालिग बेटी के साथ अश्लील हरकत की थी. जिसकी लिखित शिकायत पीड़ित महिला ने एसपी से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई. जिसके बाद महिला ने कोडरमा न्यायालय में पुलिसकर्मी के खिलाफ केस किया. जिस पर न्यायालय ने 14 जुलाई 2023 को संज्ञान लिया. वहीं दूसरा मामला डोमचांच थाना कांड संख्या 126/21



का है. इस केस के अधिकारी सतबीर सिंह ने इस कांड के आरोपी श्यामदेव पासवान की बेरहमी से पिटाई की थी. जिसके बाद एसपी को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली से सशर्त समन इन दोनों मामलों में जारी किया गया है. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली वाद संख्या 2045/34/12/2022 श्यामदेव पासवान के साथ मारपीट मामले में आयोग ने एसपी से जांच रिपोर्ट तलब किया था, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट आयोग को नहीं सौंपा, जिसके बाद आयोग ने संज्ञान लेते हुए 17 अगस्त को एसपी को आयोग के समक्ष उपस्थित होने से संबंधित समन जारी किया है.

## अझाप्राशिसं की बैठक रिक्त पदों पर जल्द होगी चुनाव

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा जिला इकाई की बैठक गुरुवार को जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में कई निर्णय लिए गए।जिनमे प्रखंडों में रिक्त पढ़े पद को 15 अगस्त तक चुनाव कराने का निर्णय लिया गया जिसकी जिम्मेवारी संगठन मंत्री राजकुमार राम को दी गई।वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि वैसे जिला कमेटी के पदाधिकारी जो लगातार बिना सूचना के लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनसे स्पष्टीकरण पूछा जाए। बैठक में सभी ने इस वर्ष समय पर वार्षिक वेतन वृद्धि का कार्य होने पर जिला शिक्षा अधीक्षक को संगठन की ओर से धन्यवाद दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन संयुक्त सचिव अजीत तिर्की के द्वारा दी गई।मौके पर राजकुमार राम, दुखू नायक ,अभिषेक रंजन, मृगेंद्र कुमार ,फुलेंद्र कुमार साहू, अमर कुमार सिंह, अमानुल्लाह खान, सुबोध कुमार ,नौशाद परवेज, संजय वर्मा,अनिरुद्ध प्रसाद,संजय चौरसिया, उपस्थित थे।

# बानो में 26 किसानों के बीच केसीसी ऋण का वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** प्रखण्ड के सभागार में केसीसी ऋण वितरण शिविर का आयोजन, 26 किसानों के बीच ऋण किया गया ऋण वितरण शिविर में बीडीओ यादव बैठा जेएमएम प्रखण्ड अध्यक्ष ललित बड़ाईक ने सयुक्त रूप से लाभुकों के बीच ऋण वितरण किया।बीडियो यादव बैठा ने लाभुकों से कहा पैसे का गलत उपयोग न करें। ऋण के पैसे से कोई कार्य आरम्भ कर अच्छी आमदनी कमा सकते हैं। और समय पर किस्त भी भरें ताकि बाद में दिक्कत न हो। बाकी बताया गया कि सरकार महत्वकांक्षी योजनाओं में कसीसी ऋण योजना लाई है ताकि किसानों को आर्थिक समस्या उत्पन्न ना हो और वे खेती किसानी कार्य में सरकार की मदद से बेहतर किसानी कार्य करते हुए आत्मनिर्भर बन सके।मौके पर सीओ खगेन महतो ,बीटीएम सुनील समद ,लछमन महतो ,मो तनवीर आदिलोग उपस्थित थे।

## हर किसान हो खुशहाल और संपन्न : विमला

**सिमडेगा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को पूरे देश मे एक साथ 1.25 लाख कृषि समृद्धि केंद्र का ऑनलाइन शुरूआत किया,साथ ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि भी किसानों के खाते में बटन दबाकर डाला। कार्यकताओं के साथ गुलजार गली स्थित अनूप किसान समृद्धि केंद्र में कार्यक्रम को देख रही पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा एक ऐतिहासिक पहल की गई है कृषि समृद्धि केंद्र सिर्फ उर्वरक बिक्री का केंद्र नहीं है बल्कि देश के किसानों के साथ गहरा संबंध स्थापित करने का एक तंत्र है। साथ ही उन्होंने कहा की भारत दुनिया का पहला देश बन गया है जिसमें नैनो यूरिया का व्यवसायिक उत्पादन शुरू किया है। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक प्रधानमंत्री के किसान समृद्धि केंद्र के ऑनलाइन उद्घाटन के मौके पर कहा की मोदी जी ने जय जवान जय किसान जय विज्ञान और जय अनुसंधान का नारा दिया है,साथ ही किसान सम्मान निधि के बारे में किस्त के रूप में लगभग 16000 करोड़ रुपये भी किसानों के खाते में डाले हैं।

## जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

# पार्टी संगठन को मजबूत करें : डेविड



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** कांग्रेस द्वारा परिसदन में गुरुवार को कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की की अध्यक्षता में जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के निदेर्शानुसार खूंटी लोकसभा एवम लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के लिए समर्पित लीडरशिप डेवलपमेंट मिशन के तहत अधिक से अधिक कार्यकर्ताओ के बीच अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, अल्पसंख्यको को दोनों विधानसभा सिमडेगा एवम कोलेबिरा के साथ साथ सभी प्रखंडों में अधिक से अधिक भागीदारी देने को लेकर विशेष चर्चा की गई ।इस लीडरशिप डेवलमेंट अभियान के सिमडेगा कॉर्डिनेटर देबोजित देवघरिया एवम कोलेबिरा के प्रभारी संतोष गुप्ता जी उपस्थित थे । मौके पर उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि संगठन में भविष्य के लिए तैयार करने के उद्देश्य से लीडर डेवलपमेंट मिशन की शुरूआत की गई है और इसके लिए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा ताकि आगामी चुनाव में कांग्रेस को अत्यधिक मत से जीत दिलाई जा सके और संगठन मजबूत हो। बैठक में प्रदेश महासचिव पुष्पा कुल्लू, प्रदेश सचिव नोमिता बा ,प्रदेश युवा उपाध्यक्ष विशाल तिर्की,बिससूत्री जिला उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, पीसीसी डेलीगेट कौशल किशोर रोहिल्ला, शांतिबाला केरकेट्टा, जिला उपाध्यक्ष जोनसन मिंज, अजित लकड़ा, शिशिर मिंज जिला प्रवक्ता रणधीर रंजन ,कृष्ण नाग, बिपिन पंकज मिंज, फ्रांसिस बिलुंग, विरंजन बडा, अनूप लकड़ा, रावेल लकड़ा, शायमलाल प्रसाद, सरताज खान विकाश गुप्ता, नवीन बिरेन तिर्की, अशफाक आलम, रजत लकड़ा, जेफेरन तिर्की, तुलसी परांगत खलखो, बर्थलोमी तिर्की, सुलभः नेल्सन डांग अजित कंडुलना, पतरस एक्का, मो सम्मिउल्लाह , मनीषा खालखो, जुनैद खान, अदनान सैन, अशोक राम, सोनू नायक, मो अख्तर खान, जेम्स पी केरकेटा,वारिस रजा बरदान लकड़ा, फ्रेंकलिन तिर्की उपस्थित थे ।

# बोलबा प्रखंड में किया इंद्र पूजा का आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के मालसाड़ा गाँव में ग्रामीणों ने इंद्र पूजा का किया आयोजन ।इस मौके पर पण्डित परमेश्वर पंडा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के द्वारा पूजन कराया गया ।जिसमें यजमान के रूप में बाल गोविंद सिंह एवं पत्नी उपस्थित थे। ग्रामीणों ने अच्छी बारिस एवं अच्छी फसल की का कामना के साथ पूजन किया । इस दौरान ग्रामीणों द्वारा कीर्तन -भजन किया।इस मौके पर मालसाड़ा एवं खंडानिशान के ग्रामीण के साथ ज्योतिषाचार्य संजय मिश्रा, सरस्वती शिशु मंदिर प्रधानाचार्य जगरनाथ सिंह, केसरी सिंह, अरुण सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित थे।

## कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई ने सिमडेगा थाना प्रभारी से की शिष्टाचार भेंट

**सिमडेगा।** कांग्रेस छात्र संगठन एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष सरताज खान की अगुवाई में गुरुवार को सिमडेगा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जय गोविंद गुप्ता के साथ शिष्टाचार भेंट की गई इस दौरान उसे कुछ देकर उनको स्वागत किया गया। एनएसयूआई की तरफ से यह सूचना भी दिया गया कि शहर में बढ़ रहे शराब एवं अन्य प्रकार के नशा के कारण युवा और समाज में गलत प्रभाव पड़ रहा है जिससे युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है।

**आस्था**

## मन की सुख-शांति के लिए ईश्वर का सानिध्य जरूरी : शालिनी

# दीदी मनमोहिनीजी का पुण्य स्मृति दिवस मना

**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय अड्डी बांग्ला झुमरी तिलैया में संस्था की पूर्वअतिरिक्त मुख्य प्रशासिका दीदी मनमोहिनीजी का पुण्य स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, आनंद गुप्ता ,सुनीता सेठ ,तथा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी लक्ष्मी बहन उपस्थित थे। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की वही बीके लक्ष्मी बहन ने दीदीमनमोहिनी जी के जीवन के अविस्मरणीय पलो से अवगतकराया उन्होंने कहा दीदी मनमोहिनी जी एक सिंधी धनी परिवार से होते हुए भी ईश्वर का सच्चा स्वरूप जान कर विश्व सेवा में लग गई ,दीदी ने हमेशा भगवान की आज्ञा का पालन किया और हर कदम उनके मार्गदर्शन में चली। वह



हर परिस्थिति में स्थिरऔर शक्तिशाली रही ,चाहे उनके रास्ते में कितनी भी कठिनाइयांऔर बघाएं क्यों ना आई वह सदा आगे बढ़ती रही दीदीमनमोहिनी के पास लोगों को परखने की अद्भुत शक्ति थीअपनी इस विशेषता के कारण उन्होंने सैकडो हजारों लोगों को पवित्रताऔर योग का मार्ग दिखाया। उनकी प्रेरणा सेअनेकों नेअपना जीवन ईश्वरीय सेवा में अर्पण कर विश्व का कल्याण किया वहीं ,पूर्व जिला जिला पसरिषद की अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने कहा नारि वह शक्ति है जो शिव के साथजुड़ी रहने पर विश्व का कल्याण कर सकती है। यदि हमारा मन ईश्वर के प्रति सकारात्मक हो तो मन काआचरण ईश्वर से जोड़ना चाहिए हमें अपने मन की शक्ति को पहचानना है हम अपने विचारों के कारण ही अशांतऔर दुखी होते हैं इसीलिएशांत मन के लिए मेडिटेशन की आवश्यकता है। हमें सदा सकारात्मक रहना चाहिए हम उस अविनाशी की संतान है तो हमें कभी भी घबराना नहीं है सदा श्रेष्ठ कर्म करते रहना है उसके पश्चात दीदी जी को माल्यार्पण कर स्नेहा अंजलि दी तथा उनके सामानबनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सैकड़ो भाई-बहन उपस्थित रहे सुनील बरनवाल, शंकर, धनु जी प्रदीप जी , संजय अग्रवाल , स्वाति अग्रवाल, रजनी खेतान, कुसुम दुग्गल, सुनीता बरनवाल, संगीत अग्रवाल , मंजू विरा ग, बेबी ,गीता , विनीता , रीता , सुधा , आदि उपस्थित रहे।

# वन विभाग ने हाथी प्रभावितों के बीच मुआवजा राशि का किया वितरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**केरसई।** कुरडेग वन क्षेत्र के 27 लाभुकों के बीच हाथी के हमले से हुए क्षतिपूर्ति का भुगतान किया गया,वन विभाग द्वारा लाभुकों को कुल 765000 रूपया भुगतान किया गया।क्षतिपूर्ति भुगतान कार्यक्रम में लाभुकों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने कहा कि हाथी द्वारा जान-माल की क्षति, घर द्वार की छति या फिर फसल की क्षति हो ग्रामीणों को जागरूक होकर सरकार द्वारा देय योजनाओं एवं क्षतिपूर्ति का लाभ उठाना है।साथ ही ग्रामीणों की यह जिम्मेवारी है की जंगल की रक्षा करें अधिक से अधिक मात्रा में वन विभाग से मिलकर पेड़ पौधे लगाएं और गर्मी के दिनों में जंगल में आग नहीं लगाएं जंगल का क्षेत्रफल कम होने से पेड़ अधिक मात्रा में कटाई होने से हाथी अब जंगल छोड़कर हमारे घर तक पहुंचने लगी है जिससे जानमाल की क्षति हो रही है फसल की भी क्षति हो रही है, हाथी से बचने का स्थाई समाधान है कि हम सभी जंगलों की रक्षा करें एवं पेड़ पौधे अधिक लगाएं साथ ही घर में शराब बनाकर बिल्कुल ही ना रखें क्योंकि सर आज के महक से हाथी आकर्षित होते हैं। मौके पर टेंसर पूर्वी पंचायत की मुखिया अगुस्ता डुंगडुंग,वन समिति अध्यक्ष समीर केरकेट्टा,वन विभाग से वनरक्षी रंजीत सिंह ग्राम सभा अध्यक्ष महेश प्रधान,उप मुखिया सागर पहान पंचायत सच्चीव हालेन लकड़ा,रोजगार सेवक पोंसीयन कुजूर आदि उपस्थित थे।

# ग्रामीणों ने सीओ को आवेदन देकर अतिक्रमित पथ को खाली कराने की मांग की




**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** चपरी पंचायत के टीकर टोला के महिला पुरुष ग्रामीणों ने गुरुवार को अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव को लिखित आवेदन सौंपकर अतिक्रमित पथ को खाली कराने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि सीओ के आदेश पर सरकारी अमिन द्वारा मापी कर मुख्य पथ से लेकर जगदीश राम के घर तक पथ के उत्तर व दक्षिणी दिशा में दोनों तरफ पांच-पांच कड़ी रास्ता निकालकर खूंटा गड़ी करते हूए लाल रंग से चिन्हित किया हुआ है। सीओ द्वारा पथ को अतिक्रमणमुक्त संबंधी दो बार नोटिस निर्गत किये जाने के बाद सभी लोगों ने रास्ता से अपना-अपना अतिक्रमण हटा लिया है। परंतु लालू महतो और विजय प्रजापति के द्वारा रास्ता में बाउंड्री का निर्माण कर रास्ता को अतिक्रमण कर लिया गया है। इन लोगो द्वारा अतिक्रमण किये जाने से छोटी-छोटी वाहन भी घर तक नहीं पहुंच पा रही है। घर बनाने वाले व्यक्ति के घर तक भी सीमेंट बालू लेकर वाहन नहीं जा रहे हैं। अगर उस टोले में कोई महिला पुरुष बिमार पड़ जाते हैं, तो मरीज को लोग टांगकर मुख्य पथ पर खड़ी एम्बुलेंस या निजी वाहन तक ले जाने को विवश हो रहे हैं। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से अविलंब उस सरकारी रास्ता को उक्त दोनों व्यक्तियों से अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की। जिससे वाहनों की आवागमन सुचारू ढंग से हो सके। आवेदन देने वालो में श्रीकांत प्रजापति, आशीष कुमार, अशोक प्रजापति, संतोष कुमार, बालेश्वर राम, राजेंद्र गुप्ता, रामलाल बैठा, सूर्यदेव सिंह, लालचंद महतो, पिंटू गुप्ता, बबन सिंह, कांति देवी, शीला देवी, कमला देवी, कुंती देवी, विमला देवी, मानमती देवी, नंदनी देवी, रीना देवी, प्रतिमा देवी, रीता देवी आदि लोगों का नाम शामिल है।

## बाइक से गिरकर दो युवक घायल



**भवनाथपुर (गढ़वा)।** भवनाथपुर आसना बांध मार्ग के तीखे मोड़ के पास बाइक अनियंत्रित होने से बाइक पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गया। घायलों की पहचान बरवारी दामर के राम ध्यान सिंह एवं बीरबल सिंह के रूप में हुई है। समाजसेवी मनोज चंद्रवंशी ने दोनों घायलों को 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल राम ध्यान सिंह को गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मकरी पंचायत के बरवारी दामर टोला के राम ध्यान सिंह एवं बीरबल सिंह बाइक पर सवार होकर भवनाथपुर बाजार जा रहे थे। आसनबांध के तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर सड़क पर बाइक गिर गई।

# प्रखंड कार्यालय के सभागार में हुई पंचायत समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**डंडाई (गढ़वा)।** प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में गुरुवार को पंचायत समिति सदस्यों की बैठक हुई। आयोजित बैठक में पीएम आवास, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य, कल्याण मनरेगा अंचल जन वितरण प्रणाली सहित कई तरह के विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक शुरू होते ही सोनेहारा पंचायत समिति सदस्य लाल मुनी गुप्ता ने अस्पताल में दवा, डॉक्टरों की स्थिति व मलेरिया से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग की तैयारी के बारे में सवाल उठाया। उनके सवाल का जवाब देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डंडई के चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि डॉ प्रत्येक दिन अस्पताल में ड्यूटी दे रहे हैं। साथ ही हॉस्पिटल में मलेरिया जांच की भी व्यवस्था है। वही डंडई पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य शीला देवी ने हॉस्पिटल सही से संचालित नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि सही ढंग से प्रचार एवं प्रसार नहीं होने से डंडई के ग्रामीण ईलाज हेतु हॉस्पिटल नहीं पहुंच रहे हैं। कल्याण विभाग से सवाल दागते हुए पचोर पंचायत के वीडीसी प्रतिनिधि ने पूछा कि अब तक कितने लोगों का मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन के लिए फॉर्म जिला भेजा गया है। इस पर कल्याण विभाग के पदाधिकारी अभयानंद सिन्हा ने बताया कि अभी तक 350 लोगों का लोन के लिए फॉर्म भेजा जा चुका है। इधर पंचायत समिति सदस्य लालमणि गुप्ता व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद ने पंचायत में चल रही विकास योजनाओं में पंचायत समिति सदस्यों के भागीदारी सुनिश्चित कराने हेतु सदस्यों से भी अनुमोदन कराने का मामला उठाया। इसका जवाब देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि पंचायत में संचालित विकास योजनाओं का अनुमोदन मुखिया के द्वारा ही करने का प्रावधान है। इसी तरह पंचायत समिति सदस्य लालमुणि यादव ने जन वितरण प्रणाली में अनियमितता का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि सोनेहारा के डीलर पर कई लाभुकों ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को आवेदन दिया था उस पर अभी तक क्या कार्रवाई की गई। इसका जवाब देते हुए प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चोनाराम हेंब्रम ने कहा कि डीलर की जांच कर विभाग को आगे भेज दिया गया है। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि अगर डीलर राशन देने में आनाकानी करता है या राशन कम तौलता है तो इसकी शिकायत तुरंत करें निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई डीलर स्वेच्छा से काम छोड़ना चाहता है तो बेशक छोड़ सकता है। पंचायत समिति की बैठक में खुले आम उड़ाई गई प्रोटोकॉल की धज्जियां। निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों के अलावा उनके पतियों ने भी प्रतिनिधि बन कर अधिकारियों से सवाल दागते देखे गए। वहीं बैठक में भाग लिए पदाधिकारी भी प्रोटोकॉल को नजरअंदाज कर उनके सवालों का जवाब देते रहे। अधिकारियों के साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की बैठक में भाग लेने को लेकर उनके पतियों पर पूरी तरह रोक है। बावजूद वे किसी भी तरह की बैठक में भाग लेने से परहेज नहीं करते। मौके पर सभी पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, विभिन्न विभाग के कर्मी सहित कई लोग मौजूद थे।

# घर में श्रीमद्भागवत महापुराण पढ़ने से घर देवालय हो जाता है : जीयर स्वामी



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर (गढ़वा)।** नगर-दो चार धार्मिक किताब हर घर में होना चाहिए। एक गीता प्रेस की किताब है क्या करें क्या न करें, इसको रखना चाहिए। दूसरा है भवन भाष्कर। इसमे घर के बारे में बताया गया है कि कहां खिड़की होना चाहिए, कहां टीवी, बल्ब होना चाहिए। कहां नल होना चाहिए। तीसरा भागवत महापुराण रखना चाहिए। साक्षात भगवान श्री कृष्ण का स्वरूप हैं श्रीमद्भागवत महापुराण। हमेशा पढ़ना चाहिए वह घर देवालय हो जाएगा। बड़े महापुरूषों का लक्ष्य कहीं गलत नहीं होता। उक्त बातें पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में श्री श्री जीयर स्वामी ने कही। उनके अनुयायियों द्वारा तोड़ मरोड़कर ऐसे शब्दों में परोस दिया जाता है, जिससे समाज के लोग अस्त व्यस्त हो जाते हैं। धर्म एक ही है दर्शन अलग-अलग हो सकते हैं। धर्म एक ही है वह है सनातन धर्म, वैदिक धर्म। सनातन धर्म का अस्तित्व पहले भी था। आज भी है। आगे भी रहेगा। सनातन धर्म हमारे तन में, मन में, व्यवहार में, वाणी में समाया हुआ है। यही है सनातन धर्म। जैसे एक बेइमान, हिंसा करने वाला व्यक्ति को भी लगता है कि हमारे अगली पीढ़ी द्वारा बेइमानी, हिंसा न किया जाए। यही तो है सनातन धर्म। बड़ा विपत्ति वह है जिसमें हम परमात्मा को भूल जाएं। विपति को विपत्ति नहीं, संपत्ति को संपत्ति नहीं समझना चाहिए। हमारे पास जो विपत्ति आता है तो महापुरूष लोग यह मानते हैं कि जो मैने किया था उसका मार्जन हो गया। ऐश्वर्य इत्यादि आया तो यह मानते हैं कि सुकृत कर्म कम हो गया। ऐसा मानते हैं। सबसे बड़ा विपत्ति वह है जिसमें हम परमात्मा को भूल जाएं। उनकी संस्कृति, संदेश को भूल जाएं। जिस विपत्ति में हमारे घर में, परिवार में रहन-सहन, उठन-बैठन, बोल चाल, खान पान, सब जहां बिगड़ जाए तो समझना चाहिए सबसे बड़ा विपत्ति यही है। यह विपत्ति का समाधान एक मात्र विनाश है। सर्वनाश के अलावा कोई दूसरा उपाय नहीं है, जहां भगवान नारायण की स्मृति हो जाय घर परिवार की स्थिति थोड़ी दयनीय हो जाए, जिसने संकल्प ले लिया कि चोरी, बेईमानी, अनीति, अन्याय , कुकर्म, अधर्म नहीं करूंगा सबसे बड़ा श्रेष्ठ कर्म वह है। एक दिन वह परिवार ऊंचाई पर चढ़ेगा।

# दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर (गढ़वा)।** सरस्वती विद्या मंदिर, भवनाथपुर टाउनशिप में बुधवार को दादा-दादी व नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व सेल कर्मी बजरंगी साह, आशा देवी, विद्यालय प्रबंध कारिणी के सचिव अरविंद प्रताप सिंह सेंगर, उपाध्यक्ष सीताराम पाठक विद्यालय प्रबंध कार्यकारिणी की महिला सदस्या माया दास, प्राचार्य सह संकुल प्रमुख रविकांत पाठक एवं विद्यालय के प्राचार्य ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर समारोह की शुरूआत की। आचार्या अदिति पाठक ने की अतिथि परिचय कराया। हिन्दी आचार्या और कार्यक्रम की प्रमुख विभा पांडे ने कहा कि सेवा मानवता का धर्म है। यह सद्गुण केवल इंसानों में ही पाया जाता हैं। पशुओं में सेवा की प्रवृत्ति नहीं होती है। एक इन्सान जब वृद्ध हो जाता है और उसका शरीर भी साथ नहीं देने लगता है तो जो व्यक्ति उनकी सेवा चाकरी करती है। उसे सेवा कहा जाता हैं। यह एक प्रकार की ऋण अदायगी एवं परोपकार से प्रेरित कर्म हैं। जो हरेक मानव को पूर्ण निष्ठां के साथ निभाना चाहिए। मुख्य अतिथि बजरंगी साह ने कहा कि बुजुर्गों का सम्मान ही हमारी संस्कृति है। बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उन्होंने कहा कि हम सब कुछ बदल सकते हैं, लेकिन पूर्वज नहीं। हम उन्हें छोड़कर इतिहास बोध से कट जाते हैं और इतिहास बोध से कटे समाज जड़ों से टूटे पेड़ जैसे सूख जाते हैं। जिस परिवार में बड़े बुजुर्गों का सम्मान नहीं होता उस परिवार में सुख, संतुष्टि और स्वाभिमान नहीं आ सकता। समारोह में प्रत्येक दादा-दादी एवं नाना- नानी को सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा भेंट किया गया। मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में प्रधानाचार्य बर्जेस कुमार सिंह के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। समारोह का संचालन विद्यालय की आचार्या विभा पांडे ने किया।

### केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 85वां स्थापना दिवस मनाया गया

# सीआरपीएफ का है गौरवशाली इतिहास इसकी गरिमा बनाये रखना हम सब की जिम्मेदारी है : कमांडेंट



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

रघुटोली स्थित सीआरपीएफ के 158 बटालियन में गुरुवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल का 85वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर 158 बटालियन के कमांडेंट राहुल कुमार द्वारा क्वार्टर गार्ड पर तैनात स्पेशल गार्ड से सलामी ली गई। सलामी लेने के पश्चात कमाण्डेन्ट ने गार्ड के जवानों व उपस्थित सभी अधिकारियों/ कार्मिकों को 85वें स्थापना दिवस की बधाई दी तथा सभी को मिठाई वितरित की गई। तत्पश्चात 158 बटालियन मुख्यालय में सैनिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कमाण्डेन्ट द्वारा सैनिक सम्मेलन में उपस्थित सभी अधिकारियों / कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 85वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ बताया कि इस बल की स्थापना दिनांक 27/07/1939 को नीमच में क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस के नाम से हुई थी, जिसे स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के रूप में परिवर्तित कर दिया गया । साथ ही कमाण्डेन्ट ने बल के अतीत को याद करते हुए बल के गौरवशाली इतिहास व उपलब्धियों के बारे में भी अवगत कराया व सभी से अच्छा कार्य करते हुए बल की गरिमा को बनाए रखने हेतु आग्रह किया। इसी क्रम में पर्यावरण को स्वच्छ रखने हेतु बटालियन मुख्यालय में वृक्षारोपण का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी अधिकारियों/जवानों के साथ जलपान का आयोजन किया गया। इसके उपरान्त शाम को जवानों के बीच बॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं विजयी टीम के जवानों को उपहार स्वरूप पारितोषित प्रदान किये गए । रात्री के समय बटालियन के सभी मेसो में संयुक्त रूप से बड़े खाने का भी आयोजन किया गया। जिसमें बटालियन के सभी अधिकारी/अधीनस्थ अधिकारी व जवान एक साथ सम्मिलित हुए तथा एक दूसरे के साथ अपने-अपने अनुभव साझा किये ।

## मणिपुर कांड को लेकर जागरुकता कार्यक्रम जरूरी : राधा तिर्की

**सेन्हा-लोहरदगाः** मणिपुर में महिलाओं के साथ हुई घटना का निंदा करते हुए सेन्हा गरिमा परियोजना में जिला परिषद सदस्य के नेतृत्व में महिला जागरुकता कार्यक्रम चलाया गया. मणिपुर में हुई महिलाओं के साथ हुए घटना को निंदनीय बताते हुए जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि महिलाएं आज पुरुष के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही है.और रोजगार के क्षेत्र में समाजिक क्षेत्र में या सरकारी कर्मचारी के रूप में महिला अपनी बहुमूल्य समय प्रदान कर रही है.बताते हुए कहा कि महिला समहू जिस प्रकार पंचायत गांव मूहल्ला में डायन कुप्रथा,महिला उत्पीड़न,दहेज उत्पीड़न सहित विभिन्न बिंदुओं पर जगरुक करने का कार्य कर रही है। और लोगों की इन सभी बुराइयों से दूर रहने को लेकर प्रेरणा देने का कार्य किया जा रहा है।

## सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, पुत्र घायल

**मेराल (गढ़वा)।** एनएच 75 पर मेराल थाना क्षेत्र के लातदाग पेट्रोल पंप के समीप गुरुवार की सुबह अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पुत्र घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मृतक कादिर अंसारी उम्र लगभग 50 वर्ष घायल पुत्र राइस अंसारी उम्र लगभग 30 वर्ष दोनों पिता पुत्र रमुना थाना क्षेत्र के रोहिला गांव निवासी बताया जा रहा है। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। जबकि घायल राइस अंसारी को मेराल सीएचसी में लाया गया। जहां डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। जानकारी के अनुसार पिता-पुत्र आज सुबह अपने घर से रेहला जा रहे थे। इसी क्रम में लातदाग शिवनंदन पेट्रोल पंप के समीप पुलिया के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार पिता-पुत्र सड़क पर गिर गये। जबकि पीछे से आ रही दूसरी अज्ञात वाहन ने कादिर अंसारी को रौंदते हुए चली गई। जिससे कादिर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## मुखिया ने पंचायत के ताजिया दारों को आर्थिक सहयोग किया

**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बरवाडीह के मुखीया पम्मी देवी के द्वारा गुरुवार को पंचायत के आधे दर्जन ताजिया दारो को आर्थिक सहयोग किया गया है। मौके पर उपस्थित मुखिया पम्मी देवी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी हमारे पंचायत में लगभग आधे दर्जन ताजिया दारो के सीधे घर पहुंच कर ताजिया निर्माण कार्य के लिए के लिए सहयोग राशि प्रदान की गई है। साथ ही कहा कि क्षेत्र के सभी मुस्लिम धर्मावलंबी मुहर्रम पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्द पूर्ण तरीके से मनायें। इस मौके पर मुखीया पम्मी देवी ने अपने पंचायत सहित पूरे देशवासियों को मुहर्रम पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुहर्रम पर्व शांति एवं भाईचारे को बढ़ावा देता है। इसलिए सभी लोग आपसी भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ पर्व को मनाये। इस मौके पर पंचायत के जेएमएम अध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी, सचिव चंद्रदेव यादव, मुखिया प्रतिनिधि मुख्तार अंसारी, उमेश यादव, विनोद पासवान, नीरज सिंह, किशोर साह, नीरज पासवान, नारायण साहू, सलीम अंसारी, छोटू पासवान, मेराज अंसारी सहीत अन्य लोग उपस्थित थे।

## पलामू प्रमंडल को सूखा क्षेत्र घोषित कर अनुदान देने की मांग की

**श्री बंशीधर नगर (गढ़वा)।** नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्षा सह भाजपा नेत्री विजया लक्ष्मी देवी ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव से विशेष जांच टीम गठित कर, जांचोपरांत पलामू प्रमंडल को सूखा क्षेत्र घोषित कर राहत कार्य चलाने व किसानों को उचित अनुदान देने की मांग किया है। उन्होंने कहा है कि वर्षा नहीं होने के कारण पलामू प्रमंडल के किसानों में त्राहिमाम मचा है। धान के बिचड़े सुख गये। पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होने से आम जनमानस पर इसका बुरा असर पड़ रहा है। इस प्रमंडल के किसान त्राहिमाम कर रहे है। किसानों के पास जो पूंजी था वह धान के बिचड़े में लगाकर वर्षा होने की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने कहा कि पलामू प्रमंडल अति पिछड़ा गरीब क्षेत्र है। यहां के अधिकांश लोग खेती बाड़ी पर निर्भर है। इस प्रमंडल में बीपीएल परिवारों की संख्या अधिक है। उन्होंने किसानों को उचित अनुदान देने, सुखाड़ राहत कार्य चलाने व बीपीएल परिवारों को पर्याप्त खाद्यान्न उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। ताकि किसी की मौत भूख से नहीं हो।

## जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच ने की प्रेस कांफ्रेंस

**माझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अतर्गत राजा शू टेंट हाउस के आवास पर जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के द्वारा प्रेस वार्ता की गई। जिसमें जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के अध्यक्ष शायद अंसारी ने अपने क्षेत्रवाशियों को मुहर्रम पर्व को शांति, शौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का अपील किया। वहीं उन्होंने कहा कि मुस्लिम एकता मंच के तत्वधान में मुहर्रम के अवसर पर दिन शनिवार दोपहर 03 बजे स्थान बस स्टैंड में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। स्वागत समारोह में भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय अतल सिंह सरीक होंगे। साथ ही क्षेत्र के गण्यमान लोग सासन-प्रसाशन को मुस्लिम एकता मंच कमिटी के द्वारा सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष अंसारी ने कहा कि पूर्व में भाईचारा के साथ मुहर्रम पर्व मनाया गया है। इस बार भी शांतिपूर्ण वातावरण में ही मनाया जाएगा। मौके पर मीडिया प्रभारी शहबाज आलम व जन प्रगतिशील मुस्लिम एकता मंच के सदस्य लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड मुख्यालय के सभागार में कृषि कार्यशाला का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल (गढ़वा)।** कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में किसान एवं कृषक मित्र शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ प्रवेश कुमार साव, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, बीटीएम पंकज कुमार मिश्रा, चंद्रमणि पाठक, सतीश कुमार सिंह, मुखिया रामसागर महतो, रुपु महतो इत्यादि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ प्रवेश कुमार साव ने किसानों को आधुनिक वैज्ञानिक विधि से खेती करने, मौसम एवं बरसात के अनुसार मोटे अनाजों का खेती अधिक से अधिक करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं दीघार्यु रहने के लिए खानपान में मोटे अनाजों को शामिल करने की जरूरत है। प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी ने कार्यशाला में कृषक मित्रों की उपस्थिति कम होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए बीटीएम को निर्देश दिया। काम नहीं करने वाले कृषक मित्रों को हटाकर ऐसे लोगों को शामिल करें, जो किसानों के हित में काम कर सके। उन्होंने उपस्थित किसान मित्रों से कार्यशाला में मिली जानकारी को किसानों तक पहुंचाने की बात कही। बीटीएम पंकज मिश्रा द्वारा किसानों को मिट्टी जांच कराने, रासायनिक खाद के जगह पर जैविक खाद का प्रयोग करने, मोटे अनाज के साथ-साथ साग सब्जी मत्स्य पालन पर अधिक ध्यान देने की बात कही। मौके पर उपस्थित मेराल पूर्वी के मुखिया रामसागर महतो, एजीएम सतीश कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि चंद्रमणि पाठक, रूपू महतो ने भी किसानो से परंपरागत कृषि पद्धति से हटकर आधुनिक वैज्ञानिक तरीके से खेती करने फसलों में ज्वार बाजरा मक्का मड़वा इत्यादि को व्यापक पैमाने पर शामिल करने की बात कही। कार्यशाला में कृषक मित्र रामा शंकर चौबे, वीरेंद्र महतो, उदय चंद्रवंशी, अयोध्या बिंद, सुरेंद्र बैठा, राकेश शर्मा, अजय तिवारी, जितेंद्र कुमार

## प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन




**भवनाथपुर (गढ़वा)।** पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के द्वारा बुधवार को प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बीडीओ जयपाल महतो, प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रदेव बैठा, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, ब्रजेश चौबे, एवं बीटीएम राकेश कुमार रजक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि प्रखंड में किसानों को योजनाओं का लाभ लेने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसको लेकर प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कर्मी सजग रहे। प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कर्मी ध्यान दें कि किसानों के हित में चलाये जा रहे योजनाओं का हर सुयोग्य लाभुकों को योजना के लाभ मिले। उन्होंने बीटीएम को सख्त निर्देश दिया कि जो भी कृषि मित्र कार्यशाला में नहीं आ रहे हैं उन्हें हटाकर नये कृषि मित्र बनाया जाए। बीटीएम राकेश कुमार रजक ने बताया कि किसान मोटे अनाज का विशेष ध्यान दें क्योंकि कम वर्षा में यह मोटे अनाज की खेती हो जाती है। क्योंकि अभी तक प्राप्त वर्षा नहीं हुई है जिससे किसान चिंतित है। ऐसे में किसानों का अनाज का उत्पादन कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। किसानों से कहा कि खेतों में जैविक खाद का अधिक प्रयोग करें। कार्यक्रमका का संचालन बीटीएम राकेश कुमार रजक ने किया। इस मौके सुनील राउत, अनुज पाठक, प्रदीप राउत, मनोज बैठा, सुनील पासवान, ओम प्रकाश शर्मा, प्रेम यादव, सुशील राउत सहित कई लोग मौजूद थे।

'प्रार्थना हमे ईश्वर के महल में ले जाती है, लेकिन दान के माध्यम से ही हम उसके अंदर प्रवेश कर पाते है।' - अज्ञात



# घुसपैठ चिन्ता की बात

***झारखंड*** में हाल के दिनों में बांग्लादेशी घुसपैठ जारी है। इसके भविष्य के साथ वर्तमान में भी अच्छे संकेत नहीं हैं। कारण इससे राज्य की डेमोग्राफी बदलने का खतरा बढ़ गया है। इस बाबत राज्यपाल ने भी चिन्ता जतायी है। हाईकोर्ट भी इस मामले पर सुनवाई कर रहा है। बीजेपी ने तो इसे चुनावी मुद्दा ही बना लिया है। राज्यपाल की चिंता है कि घुसपैठिये जिस तरह आदिवासी युवतियों से ब्याह रचा रहे हैं, उससे आदिवासी परंपरायें बदल जायेंगी। घुसपैठ पर चौतरफा आवाज उठने लगी है। अब से करीब दो महीने पहले झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड में कैसे प्रवेश कर रहे हैं? क्या केंद्र सरकार को इसकी जानकारी है ? अब तो राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने भी गहरी चिंता जताते हुए कहा है कि यह बहुत खतरनाक है। विदेशियों की घुसपैठ से आदिवासी समुदाय की जीवनशैली बदल जाने का खतरा पैदा हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के लोग तो अक्सर बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाते रहते हैं। आम लोग भी मानते हैं कि झारखंड का संथाल परगना इलाका बांग्लादेशी घुपैठियों का सुरक्षित पनाहगार बन गया है। पीआईएल के हवाले सख्त रुख अपनाने की जरूरत है। हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से पूछा कि बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड में कैसे घुसते रहे हैं। चीफ जस्टिस की खंडपीठ ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से पूछा कि संथाल परगना के सीमावर्ती इलाकों में बांग्लादेशियों के घुसपैठ की जानकारी है या नहीं। अगर घुसपैठ की जानकारी है तो घुसपैठ रोकने के लिए क्या कदम उठाये गये। जनहित याचिका में कहा गया है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज सहित झारखंड के सीमावर्ती क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठिये आकर बस रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या तो बढ़ ही रही है, जनजातीय जीवन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। याचिका में यह भी जानकारी दी गई है कि इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे खोले जा रहे हैं। स्थानीय आदिवासी युवतियों से घुसपैठिये शादी-संबंध भी बना रहे हैं। बताते चलें कि झारखंड में जब रघुवर दास के नेतृत्व में भाजपा की सरकार थी तो एनआरसी लागू करने के लिए एक रिपोर्ट तैयार कराई गई थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि पाकुड़ और साहिबगंज जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों की आबादी तेजी से बढ़ी है। ऐसा इसलिए हो रहा है कि झारखंड से बांग्लादेश की सीमा लगभग 40-45 किलोमीटर की दूरी पर है। झारखंड के कई इलकों में यह खेल बदस्तूर जारी है। इसमें मुस्लिम आबादी वालों क्षेत्रों में आदिवासी और उनकी संस्कृति विलुप्त हो रही है। आबादी बढ़ने की बड़ी वजह घुसपैठ के साथ आदिवासी महिलाओं से शादी कर यहीं बस जाना है। हाईकोर्ट भी इन तथ्यों से चिंतित है और केंद्रीय गृह मंत्रालय से बांग्लादेशी घुसपैठियों की जानकारी के बारे में पूछा है। राज्यपाल का इस मुद्दे पर बयान आने के बाद भाजपा को काफी बल मिला है। बीजेपी अब राज्य सरकार पर अधिक आक्रामक हो गई है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्यपाल के प्रति आभार जताया है कि उन्होंने सच्चाई सामने रखी। मरांडी ने हेमंत सोरेन की सरकार पर आरोप लगाया है कि वोट बैंक के लोभ में राज्य सरकार ने आदिवासी समाज के अस्तित्व को ही दांव पर लगा दिया है। संथाल परगना में घुसपैठियों ने वहां की संस्कृति, परंपरा और पहचान को खत्म करना शुरू कर दिया है। भाजपा के प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि राज्यपाल ने आदिवासियों की सरकार होने का दंभ भरने वाली हेमंत सोरेन की सरकार को आईना दिखा दिया है। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण आदिवासियों की संस्कृति और सभ्यता खतरे में पड़ गई है। घुसपैठिए आदिवासी बेटियों से विवाह कर न सिर्फ अपना कुनबा बढ़ा रहे, बल्कि सत्ता पर भी काबिज होने लगे हैं।

**घुसपैठ पर चौतरफा आवाज उठने लगी है। अब से करीब दो महीने पहले झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य और केंद्र सरकार से पूछा था कि बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड में कैसे प्रवेश कर रहे हैं? क्या केंद्र सरकार को इसकी जानकारी है?**

# समझनी ही होगी प्रकृति की मूक भाषा





योगेश कुमार गोयल

***प्रदूषित*** हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हमें यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विडम्बना है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्त्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? अपनी छोटी-छोटी पहल से हम सब मिलकर प्रकृति संरक्षण के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें। जहां तक संभव हो, वर्षा के जल को सहेजने के प्रबंध करें। प्लास्टिक की थैलियों को अलविदा कहते हुए कपड़े या जूट के बने थैलों के उपयोग को बढ़ावा दें। बिजली बचाकर ऊर्जा संरक्षण में अपना अमूल्य योगदान दें। आज के डिजिटल युग में तमाम बिलों के ऑनलाइन भुगतान की ही व्यवस्था हो ताकि कागज की बचत की जा सके और कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है।

**पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है।**

**इन दिनों**

## बोधि वृक्ष

### आइये सुने कथा शिव पुराण की

***इसी*** संहिता में विष्णु द्वारा शिव के सहस्त्र नामों का वर्णन भी है। साथ ही शिवरात्रि व्रत के माहात्म्य के संदर्भ में व्याघ्र और सत्यवादी मृग परिवार की कथा भी है। भगवान 'केदारेश्वर ज्योतिर्लिंग' के दर्शन के बाद बद्रीनाथ में भगवान नर-नारायण का दर्शन करने से मनुष्य के सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे जीवन-मुक्ति भी प्राप्त हो जाती है। इसी आशय की महिमा को 'शिवपुराण' के 'कोटिरुद्र संहिता' में भी व्यक्त किया गया हैः **तस्यैव रूपं दृष्ट्वा च सर्वपापैः प्रमुच्यते। जीवन्मक्तो भवेत्सोऽपि यो गतो बदरीबने।।**
**दृष्ट्वा रूपं नरस्यैव तथा नारायणस्य च। केदारेश्वरनाम्नश्च मुक्तिभागी न संशयः।**
इस संहिता में भगवान शिव के लिए तप, दान और ज्ञान का महत्त्व समझाया गया है। यदि निष्काम कर्म से तप किया जाय तो उसकी महिमा स्वयं ही प्रकट हो जाती है। अज्ञान के नाश से ही सिद्धि प्राप्त होती है। 'शिवपुराण' का अध्ययन करने से अज्ञान नष्ट हो जाता है। इस संहिता में विभिन्न प्रकार के पापों का उल्लेख करते हुए बताया गया है कि कौन-से पाप करने से कौन-सा नरक प्राप्त होता है। पाप हो जाने पर प्रायश्चित्त के उपाय आदि भी इसमें बताये गये हैं।

**उमा संहिता :**
'उमा संहिता' में देवी पार्वती के अद्भुत चरित्र तथा उनसे संबंधित लीलाओं का उल्लेख किया गया है। चूंकि पार्वती भगवान शिव के आधे भाग से प्रकट हुई हैं और भगवान शिव का आंशिक स्वरूप हैं, इसीलिए इस संहिता में उमा महिमा का वर्णन कर अप्रत्यक्ष रूप से भगवान शिव के ही अर्द्धनारीश्वर स्वरूप का माहात्म्य प्रस्तुत किया गया है।

**कैलास संहिता :** कैलास संहिता में ओंकार के महत्त्व का वर्णन है। इसके अलावा योग का विस्तार से उल्लेख है।

*(क्रमशः)*

# 'वंदे भारत' पर करम 'साधारण ट्रेन्स' पर सितम?



निर्मल रानी

***बहुप्रचारित*** सेमी तीव्र गामी ट्रेन वंदे भारत लगता है रेल मंत्रालय के लिये सफेद हाथी जैसा साबित हो रहा है। अब तक चलने वाली लगभग सभी क्षेत्रों की सभी वंदे भारत ट्रेन्स को स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झंडी दिखाकर रवाना कर इस ट्रेन के बारे में मीडिया व मंहगे विज्ञापनों के माध्यम से कुछ ऐसा ढिंढोरा पीटा था गोया तीव्रगामी बुलेट ट्रेन ने ही 'वंदे भारत' के रूप में अवतार ले लिया है। इस सेमी बुलेट ट्रेन, वंदे भारत को ट्रेन-18 के रूप में विकसित किया गया है। परन्तु अपने परिचालन की शुरूआत से ही 'वंदे भारत' को लेकर अनेक नकारात्मक खबरें आती रही हैं। यहां तक कि इस तीव्र रेल की प्रसिद्धि दुर्घटनाओं के लिये ज्यादा है, विशेषताओं के लिये कम। कभी वंदे भारत एक्सप्रेस की गुजरात में उदवाडा और वापी स्टेशनों के बीच पड़ने वाले क्रॉसिंग गेट नंबर 87 के पास दुर्घटना का समाचार मिला तो कभी मुंबई-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के सामने एक गाय की टक्कर हो जाने से ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया। इसके बाद 7 अक्टूबर 2022 को वंदे भारत एक्सप्रेस गुजरात के आणंद में गाय से टकरा गई थी। यह हादसा वडोदरा मंडल के आणंद के समीप हुआ था। उस समय रेल प्रशासन ने कहा था रेलवे के ट्रैक पर गाय के झुंड के आ जाने से यह हादसा हुआ। इसके बाद रेलवे बोर्ड ने वंदे भारत एक्सप्रेस के पूरे रूट में कंटीले तार लगाने का निर्देश दिया था ताकि जानवर रेलवे ट्रैक पर नहीं आ पाये। गुजरात में ही 6 अक्टूबर 2022 को मुंबई से अहमदाबाद जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भैंसों के एक झुंड से भीषण टक्कर हो गई थी। यह हादसा वटवा और मणिनगर स्टेशन के बीच हुआ था। भैंसों के झुंड से हुई इस टक्कर में कई भैंसों की मौत तो हुई ही थी, ट्रेन का अगला हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था। इसके बाद नई दिल्ली से वाराणसी जाने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस में गत वर्ष आठ अक्टूबर को अचानक तकनीकी गड़बड़ी आ गयी और ट्रेन के पहिए ही जाम हो गये थे। इस कारण ट्रेन करीब पांच घंटे खुर्जा स्टेशन पर रुकी रही। चूँकि खुर्जा स्टेशन पर उसकी मुरम्मत संभव नहीं थी इसलिये इसके यात्रियों को शताब्दी एक्सप्रेस से उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहाँ तक कि पिछले दिनों दिल्ली से भोपाल जा रही वंदे भारत ट्रेन जोकि रानी कमलापति स्टेशन से हजरत निजामुद्दीन के लिए रवाना हुई थी उसकी सी-14 बोगी में कुरवाई स्टेशन के पास बैट्री से आग लग गई। शुक्र है कि यात्रियों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। ऐसे और भी कई हादसों से वन्दे भारत दोचार होती रही है। इसके परिचालन के उद्घाटन में प्रधानमंत्री का सीधा दखल, इसके उद्घाटनों पर होने वाली बेतहाशा पब्लिसिटी और स्टेशंस की सजावट पर लुटाया जाने वाला जनता का टैक्स का पैसा देखकर ही जब भी यह ट्रेन दुर्घटनाओं या अन्य किसी फाल्ट के चलते खबरों की सुर्खियां बनती है तो उस समय सोशल मीडिया पर वंदे भारत ट्रेन की खूब फजीहत होती है। बहरहाल इतनी ढोल पीटकर चलाई जाने वाली यही वन्दे भारत अपने शुरूआती दौर से ही रेल के लिए एक सफेद हाथी साबित हो रही है। इसका अत्याधिक किराया होने व अन्य सुपर फास्ट ट्रेन्स की तुलना में गंतव्य तक पहुँचने के अंतराल में कोई विशेष फर्क न होने के चलते आम यात्री इसपर यात्रा करना पसंद नहीं कर रहे हैं। विभिन्न क्षेत्रों में चलने वाली वंदेभारत रेल गाड़ियों में 50 प्रतिशत से लेकर 21 प्रतिशत तक ही सवारियां मिल पा रही हैं जिससे रेल विभाग को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।


**गुजरात में ही 6 अक्टूबर 2022 को मुंबई से अहमदाबाद जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की भैंसों के एक झुंड से भीषण टक्कर हो गई थी। यह हादसा वटवा और मणिनगर स्टेशन के बीच हुआ था।**

**रेल मंत्रालय**

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# नैतिकता व मर्यादा के मामले में हम कब अव्वल होंगे?



ललित गर्ग

***नैतिकता,*** मर्यादा एवं आदर्श मूल्यों के लिये दुनिया में पहचान बनाने वाले भारत की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं ने लगातार नैतिकता को तार-तार किया है। नये राजनीतिक मौसम में सत्ता और दाग दोनों साथ-साथ चलते हैं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है एवं नये बनते भारत की सबसे बड़ी बाधा है। इन हालातों में छोटे से देश न्यूजीलैंड से आई एक खबर भारतीय राजनेताओं के लिए नसीहत भरी है। वहां की न्याय मंत्री किरी एलन को अपने पद से इस्तीफा देना पड़ गया। इस्तीफे की वजह यह रही कि हद से ज्यादा नशे की हालत में वाहन चलाते हुए किरी ने एक खड़ी हुई कार को टक्कर मार दी थी। जो हादसा हुआ वह यों तो सामान्य लगता है लेकिन प्रतिक्रिया के रूप में नैतिक आधार पर मंत्री ने पद छोड़ दिया, यह भारत के आधुनिक राजनेताओं के लिये एक प्रेरणा है। भारत के सन्दर्भ में न्यूजीलैंड में मंत्री के इस्तीफे का यह उदाहरण इतना ही बताने के लिए काफी है कि कानून-कायदे सख्त हों इससे ज्यादा जरूरी यह है कि कानून सबके लिए समान भी हों। अपराध या गलती होने पर राजनेता पहले उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अपने पद को त्यागे। यह एक अवसर है कि न्यूजीलैंड से मिली नसीहत और नैतिकता के मापदण्डों पर भारत के राजनेता एवं सत्ता पर बैठे लोगों के लिये खरा उतरने की प्रेरणा लेने का। लेकिन ऐसा न होना एक गंभीर स्थिति है। मणिपुर में 4 मई का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुकी समुदाय की महिलाओं को मैतेई समुदाय के पुरुषों के एक समूह ने नग्न परेड कराया और उनके साथ दरिंदगी की। मणिपुर की घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दो महिलाओं को नग्न घुमाने की घटना ने 140 करोड़ भारतीयों को शर्मसार किया है, लेकिन प्रश्न है कि वहां के मुख्यमंत्री ने इसकी जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद को त्यागने का उदाहरण क्यों नहीं प्रस्तुत किया। इससे पूर्व लम्बे समय तक ब्रजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों से लगातार यौन उत्पीडन के आरोप लगते रहे, प्रदर्शन होते रहे, उन्होंने सचाई सामने आने तक अपने पद से त्यागपत्र क्यों नहीं दिया। जबकि उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 506 ( आपराधिक धमकी), 354 (महिला की शीलता भंग करना), 354-ए (यौन उत्पीड़न) और 354-डी (पीछा करना) के तहत आरोप तय हो गए हैं। इससे पूर्व लखीमपुर खिरी में जिस क्रूर तरीके से मंत्री के बेटे ने हिंसक घटना को अंजाम दिया गया, उसकी वीडियो भी वायरल हुई। इसके बावजूद सम्बन्धित मंत्री महोदय से न तो इस्तीफा लिया गया, न एक जिम्मेदार पद पर होने की नैतिकता के निर्वहन के लिए इस मामले में न्याय होने तक स्वयं इस्तीफे की कोई पेशकश की गई। वर्तमान दौर पर निगाह डालें तो राजनीति में संवेदना, मर्यादा और नैतिकता लगातार छिजती जा रही है। जो न केवल राजनीति पर ही सवाल खड़ा नहीं करती, बल्कि मानवीय संवेदना को भी कठघरे में लाती है। अभी तक अमीर बापों की नशे में धुत संतानों द्वारा गरीब लोगों को कुचलकर मार डालने के मामले ही सामने आते रहे हैं। लेकिन जब कभी समाज में अमीर और रसूखदार लोगों द्वारा जघन्य अपराध किये गये, तो पूरे समाज ने विरोध में उतरकर अपने सभ्य होने का प्रमाण दिया। नैना साहनी तंदूर हत्याकांड हो या नितीश कटारा मर्डर केस या निर्भया का मामला, इन मामलों पर पूरे समाज ने एकजुटता दिखाई, लेकिन लखीमपुर खीरी, बृजभूषण की घटना हमें सोचने के लिए मजबूर करती है कि मानवीय संवेदना का स्तर लगातार कम होता जा रहा है या हम एक निष्ठुर और असंवेदनशील समाज होने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं? राजनीति में अनैतिकता तरह-तरह से पांव पसार रही है।

**भारत के सन्दर्भ में न्यूजीलैंड में मंत्री के इस्तीफे का यह उदाहरण इतना ही बताने के लिए काफी है कि कानून-कायदे सख्त हों इससे ज्यादा जरूरी यह है कि कानून सबके लिए समान भी हों।**

**राजनीति**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

# डबल चिन से बचने के लिए रोजाना करें ये एक्सरसाइज

अनियंत्रित खानपान और एक्सरसाइज की कमी से न सिर्फ पेट बढ़ता है, बल्कि डबल चिन की समस्या भी हो जाती है। ऐसे में इस समस्या से निजात पाने के लिए आप इन 4 एक्सरसाइज को अपनी डेली रूटीन में शामिल करें। ठोड़ी की एक्स्ट्रा चर्बी यानी की डबल चिन से लोग काफी परेशान रहते हैं। अनियंत्रित खानपान और शारीरिक स्थिरता पेट के साथ त्वचा पर भी एक्स्ट्रा फैट जमने का कारण होती है। यह समस्या आमतौर पर शरीर में बढ़ते फैट को दर्शाता है। ऐसी समस्या होने पर जबड़े के आसपास जमी चर्बी से चेहरा खराब लगने लगता है। डबल चिन होने पर महिलाएं कई बार कॉन्फिडेंस में कमी महसूस करने लगती हैं। ऐसे में ज्यादातर महिलाएं इस समस्या को मेकअप से छिपाने की कोशिश करती हैं। लेकिन मेकअप से इसे छिपाना एक टेंपरेरी सॉल्यूशन है। क्योंकि मेकअप हटते ही आपका डबल चिन वापस नजर आने लगता है। बता दें कि इस समस्या से निजात पाना कोई बहुत मुश्किल काम नहीं होता है। एक्सरसाइज की कमी और अनियंत्रित खानपान के कारण यह समस्या होने लगती है। लेकिन आप इन 4 एक्सरसाइज को अपनी डेली रूटीन में शामिल कर इस समस्या से निजात पा सकते हैं।



### स्ट्रेट जॉ

इस एक्सरसाइज को करने के लिए अपने सिर को पीछे की तरफ मोड़ते हुए छत की ओर देखें।
फिर अपने नीचे के जबड़े को थोड़ा सा ऊपर उठाने का प्रयास करें। लेकिन इस दौरान आपको चिन के नीचे स्ट्रेच ज्यादा महसूस नहीं होना चाहिए।
इस पोजीशन में 15 सेकेंड रहने के बाद सामान्य पोजीशन में आ जाएं।
इस एक्सरसाइज को कम से कम 5 बार जरूर करें।

### टंग स्ट्रेच

अपने फेस को सीधा रखते हुए सामने की तरफ देखें और अपनी जीभ को जितना हो सके, उतना बाहर की तरफ निकालें।
अब अपनी जुबान को ऊपर की तरफ लिस्ट करते हुए जीभ को छूने का प्रयास करें।
इस पोजीशन में 10 सेकेंड तक रहने के बाद अपनी सामान्य मुद्रा में वापस आ जाएं।
बेहतर रिजल्ट पाने के लिए कम से कम इस एक्सरसाइज को 5-7 बार जरूर करें।

### बॉल एक्सरसाइज

स्ट्रेस बॉल को लेकर अपनी चिन और गर्दन के बीच रखें।
इस स्ट्रेस बॉल को करीब 1 मिनट तक अपनी गर्दन और चिन के बीच पकड़े रहें।
इस एक्सरसाइज को करते समय आपको गर्दन और चिन की मांसपेशियों में खिंचाव महसूस होगा।
बेहतर रिजल्ट के लिए कम से कम इस एक्सरसाइज को 8-10 बार दोहराएं।

### ए-ड एक्सरसाइज

इस एक्सरसाइज को करने के लिए सिर को सीधा व स्थाई रखें।
अब अपने जबड़ों को स्ट्रेच करते हुए लगातार -ड प्रोनाउंस करते रहें।
5 से 7 सेकंड का पॉज लेते हुए हर 15 सेकेंड में इस प्रक्रिया को दोहराएं।
नियमित रूप से इस एक्सरसाइज को 5 मिनट के लिए जरूर करें।

### डाइट का भी रखें ख्यास

अपनी डाइट में ज्यादा से ज्यादा फल और सब्जियों का सेवन करें।
साबुत अनाज का सेवन रिफाइंड ग्रेन्स की जगह ज्यादा फायदेमंद होता है।
प्रोसेस्ड और जंक फूड का सेवन नहीं करना चाहिए।
ज्यादा मात्रा में प्रोटीन का सेवन नहीं करना चाहिए।
हेल्दी फैट जैसे ऑलिव ऑयल, एवोकाडो और नट्स आदि का सेवन करना चाहिए।
लो फैट डेयरी प्रोडक्ट्स का सेवन करें।
शुगर इंटेक का सीमित मात्रा में सेवन करें।
प्रतिदिन कैलोरी काउंट को मेंटेन करें।

**एग व्हाइट मिल्क और हनी**
बता दें कि डबल चिन की समस्या को कम करने के लिए यह नुस्खा भी काफी हद तक कारगर है। इसके लिए आप दूध, शहद और एग के व्हाइट पार्ट को अच्छे से मिक्स कर लें। अब इसे अपने गर्दन और चिन पर अप्लाई करें और सूखने के लिए छोड़ दें। इस मिश्रण को लगाने से स्किन टाइट होती है। यह नुस्खा डबल चिन की समस्या को कम करता है।

### ऑलिव ऑयल

अपने जबड़ों और गर्दन पर ऑलिव ऑयल की मदद से अच्छे से मसाज करें। इसे रात भर लगाकर सो जाएं। क्योंकि ऑलिव ऑयल में एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। यह आपकी स्किन को पर्याप्त पोषण देने के साथ ही त्वचा को टाइट करने में मदद करती है।

### विटामिन ई कैप्सूल

विटामिन ई में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। यह स्किन को प्रोटेक्ट करने के साथ ही डबल चिन की समस्या को कम करता है। इसको अप्लाई करने के लिए विटामिन ई कैप्सूल को काटकर उसका ऑयल निकालकर अपनी ठोड़ी पर मसाज दें।

❖ अनन्या मिश्रा

## खर्राटों की वजह से झेलनी पड़ती है शर्मिंदगी, तो

# डेली रूटीन में शामिल करें ये मुद्रा

खर्राटें की समस्या होने पर कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। ऐसे में अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं, तो आपको इस मुद्रा को अपनी डेली रुटीन में शामिल करना चाहिए। इस मुद्रा को करने कई समस्याओं से निजात मिलती है।
ऐसे तो सोते समय खर्राटें आना एक आम समस्या है। लेकिन आपके खर्राटें के कारण दूसरों की नींद खराब होती है। इसके साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। खर्राटें की समस्या होने पर कई बार शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। कुछ लोग खर्राटों से निजात पाने के लिए कई तरह के उपाय आजमाते हैं। लेकिन इससे कोई बहुत ज्यादा लाभ देखने को नहीं मिलता है। अगर आप भी इस समस्या से परेशान हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है।
बता दें कि खर्राटें की समस्या से निजात पाने के लिए आपको अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव करने की जरूरत है। इसके साथ ही डेली रूटीन में नीचे बताई गई मुद्रा को शामिल करने से आप खर्राटें की समस्या को कंट्रोल कर सकते हैं। इस आर्टिकल के जरिए हम आपको खर्राटें को कंट्रोल करने वाली एक असरदार मुद्रा के बारे में बताने जा रहे हैं। लेकिन उससे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि आखिर खर्राटें आने का कारण क्या है।



### खर्राटें आने के कारण

नींद की कमी
बढ़ता वजन
थकान
स्मोकिंग
अल्कोहल
तनाव

**खर्राटें से निजात पाने वाली मुद्रा :** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार, खर्राटों की समस्या को कम करने के लिए आदि मुद्रा एक असरदार तकनीक है। इस मुद्रा को कोई भी व्यक्ति कर सकता है। अगर आप अपनी डेली रुटीन में इस मुद्रा को शामिल करते हैं और 10-15 मिनट कर इस मुद्रा को करने के आपको बेहतर रिजल्ट प्राप्त होंगे। इस मुद्रा को करने से बॉडी में ऑक्सीजन का फ्लो अच्छा रहने के साथ ही लंग्स की कार्यक्षमता भी बढ़ती है। इस मुद्रा को डेली रूटीन में शामिल करने से दिमाग शांत होता है और नर्वस सिस्टम अच्छे से काम करता है। इस मुद्रा को करने से खर्राटें से राहत मिलती है।

### ऐसे करें आदि मुद्रा

सबसे पहले पीठ को सीधा करके बैठ जाएं।
अब अपने अंगूठे को छोटी उंगली के किनारे पर रखें।
फिर बाकी उंगलियों को अंगूठे से कवर कर मुट्ठी बनाएं।
इसके बाद हाथों को घुटनों या फिर अपनी जांघों पर रखें।
फिर आंखें बंद रखें, इस मुद्रा को करने के दौरान सांस लेते और छोड़ते रहें।

### आदि मुद्रा के फायदे

यह मुद्रा कोर्टिसोल के लेवल को कम करने के साथ ही मन को शांत करती हैं।
पेट को स्वस्थ रखने के साथ ही हड्डियों और मसल्स को मजबूती मिलती है।
सांस संबंधी रोगों के निजात मिलने के साथ ही बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है।
यह मुद्रा दिल को हेल्दी रहती है।
लो ब्लड प्रेशर से परेशान लोगों को इस मुद्रा से फायदा मिलती है।
आदि मुद्रा करने से पैंक्रियाज के काम को बेहतर करती है।
इसके साथ ही ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है।

# अद्भुत है कोणार्क के सूर्य मंदिर की वास्तुकला

कोणार्क सूर्य मंदिर का चित्र आपने 10 रुपये के नोट के पीछे जरूर देखा होगा। ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। इस मंदिर की वास्तुकला बेहद शानदार है। ओडिशा के पुरी जिले में स्थित कोणार्क सूर्य मंदिर पूरे देश में फेमस है। इस मंदिर की वास्तुकला काफी शानदार है। इस मंदिर का आध्यात्म की दृष्टि से भी विशेष महत्व है। पुरी का कोणार्क मंदिर सूर्य देव को समर्पित है। बता दें कि हिंदू धर्म में सूर्य देव को सभी रोगों का नाशक माना गया है। इस मंदिर की कई खासियत के चलते इसे यूनेस्को विश्व धरोहर में शामिल किया गया है।



**मंदिर की पौराणिक कथा :** इस मंदिर के इतिहास की बात करें तो पुराणों में बताया गया है कि भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र साम्ब ने एक बार नारद मुनि के साथ गलत व्यवहार किया था। जिसके कारण नारद जी ने क्रोधित होकर भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र को श्राप दे दिया था। नारद मुनि के श्राप के कारण भगवान श्रीकृष्ण के पुत्र को कुष्ठ रोग हो गया। जिसके बाद साम्ब ने इस रोग से मुक्ति पाने के लिए चंद्रभागा नदी के सागर संगम पर कोणार्क में 12 वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। जिसके कारण सूर्यदेव ने साम्ब से प्रसन्न होकर उन्हें दर्शन दिए। रोगों के नाशक सूर्यदेव ने साम्ब के रोग का भी निवारण कर दिया।
बीमारी से मुक्ति पाने के बाद साम्ब ने भगवान सूर्यदेव का एक मंदिर बनवाने का निर्णय किया। रोग का नाश होने और चंद्रभागा नदी में स्नान करते हुए साम्ब को सूर्यदेव की एक मूर्ति मिली। बताया जाता है कि स्वयं देव शिल्पी श्री विश्वकर्मा ने यह मूर्ति सूर्यदेव के शरीर के ही एक भाग से बनाई थी। लेकिन फिलहाल यह मूर्ति पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रख दी गई है।

**रथ का महत्व :** बता दें कि सूर्य देव को समर्पित कोणार्क मंदिर समय की गति को दर्शाने का काम करता है। इस मंदिर को भगवान सूर्य देव के रथ के आकार का बनाया गया है। इस रथ में 12 जोड़ी पहिए लगे हुए है। इस रथ को 7 घोड़े खींचते हैं। कहा जाता है कि यह 7 घोड़े 7 दिन के प्रतीक है। वहीं 12 पहिए 12 महीनों के प्रतीक है। या फिर इन 12 जोड़ी पहियों को दिन के 24 घंटे के रूप में भी देखा जा सकता है। इसके अलावा 4 पहियों को समय बताने वाले धूपघड़ी की तरह इस्तेमाल किया जाता है। कोणार्क मंदिर में 8 ताड़ियां भी बनी हुई हैं, जो दिन के 8 प्रहर को दशार्ता है।

# ऐसे व्यक्ति के साथ रोमांटिक रिश्ते में होने से बढ़ सकती है उम्र

मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने शोध किया है। उनके शोध के अनुसार, दिल से खुश रहने वाले व्यक्ति के साथ रोमांटिक रिश्ते में रहने से लोगों की जिंदगी और मस्तिष्क क्षमता बढ़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिल से खुश रहने वाले लोगों का व्यवहार हमेशा स्वस्थ रहता है, जो एक रिश्ते के लिए जरुरी और अच्छा माना जाता है। एक खुश दिल व्यक्ति के साथ रिश्ते में रहना मानसिक स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं बल्कि हाल ही में हुए एक सर्वे में सामने आया है। कुछ दिनों पहले सामने आये इस शोध में पता चला है कि किसी खुश रहने वाले व्यक्ति के साथ रिश्ते में रहने से लोगों की मस्तिष्क क्षमता बढ़ सकती है। इतना ही नहीं ऐसे लोगों का जीवन भी अच्छा हो जाता है।



मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने ये शोध किया है। उनके शोध के अनुसार, दिल से खुश रहने वाले व्यक्ति के साथ रोमांटिक रिश्ते में रहने से लोगों की जिंदगी और मस्तिष्क क्षमता बढ़ सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि दिल से खुश रहने वाले लोगों का व्यवहार हमेशा स्वस्थ रहता है, जो एक रिश्ते के लिए जरुरी और अच्छा माना जाता है। अच्छे और स्वस्थ व्यवहार वाले लोग एक रिश्ते और अपने पार्टनर को खुश रखते हैं। इस शोध के अनुसार, अधिक उम्र में लोगों का दिमाग तेज चलने का कारण उनके पार्टनर के स्वस्थ व्यवहार में छिपा होता है। अगर पार्टनर का व्यवहार स्वस्थ और अच्छा है तो लोग खुश रहते हैं और उनका दिमाग तेज काम करता है। इसके विपरीत जिनके पार्टनर का व्यवहार नकारात्मक रहता है उन लोगों का दिमाग हमेशा स्ट्रेस में रहता है और ठीक से काम नहीं करता है। इसके अलावा शोध में कुछ कारक निकलकर सामने आए हैं, जो समझने की क्षमता को कम या बढ़ा देने की वजह बनते हैं। प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख लेखक विलियम जे. चोपिक ने कहा कि संज्ञानात्मक गिरावट के कई कारण हो सकते हैं। इनमें आनुवंशिक मुद्दे, जैविक मार्कर और जीवनशैली कारक शामिल हैं।

❖ एकता

## सूडोकु नवताल- 6774

✱✡✡✡✡ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6773 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**28 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 07.01 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | कन्या | 09.12 बजे से |
| मंगल | सिंह में | तुला | 11.23 बजे से |
| बुध | सिंह में | वृश्चिक | 13.38 ब.से |
| गुरु | मेष में | धनु | 15.54 बजे से |
| शुक्र | सिंह में | मकर | 17.59 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कुंभ | 19.46 बजे से |
| राहु | मेष में | मीन | 21.18 बजे से |
| केतु | तुला में | मेष | 22.49 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | वृष | 00.29 बजे से |
| | | मिथुन | 02.27 बजे से |
| | | कर्क | 04.40 बजे से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 209 वां दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** श्रावण **पक्ष** शुक्ल **तिथि** दशमी 14.52 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** अनुराधा 00.55 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 11.56 बजे को समाप्त। **करण** गर 14.52 बजे तदनन्तर वणिज 02.05 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 19° 05' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871688 **जूलियन दिन** 2460153.5 **कलियुग संवत्** 5123 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 **हिजरी सन्** 1444 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 09 **विशेष** हेपेटाइटिस दिवस, विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7836

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 |
| | ■ | ■ | 5 | 6 | 7 | | ■ | |
| 8 | 9 | ■ | ■ | 10 | | ■ | ■ | |
| ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ | 13 | 14 | |
| ■ | 15 | | | ■ | 16 | | | ■ |
| 17 | | | ■ | 18 | ■ | 19 | | ■ |
| | ■ | ■ | 20 | | ■ | ■ | 21 | 22 |
| | ■ | 23 | | | 24 | ■ | ■ | |
| 25 | | | ■ | ■ | 26 | | | |

**बाएँ से दाएँ**

1. अँगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभाशीर्वाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. माँड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढ़ेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

**शब्द पहेली -7835 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | न | ब | न | ■ | सौ | ■ | ■ |
| ■ | प | ■ | री | ■ | स | त | ल | ज |
| जि | रा | फ | ■ | द | म | न | ■ | ल |
| ■ | ध | र | ती | ■ | ड़ा | ■ | रा | ज |
| फि | ■ | क | मा | नी | दा | र | ■ | ला |
| त | न्हा | ■ | र | ■ | र | ह | म | ■ |
| र | ■ | म | दा | री | ■ | ना | र | द |
| त | र | का | री | ■ | जा | ■ | घ | ■ |
| ■ | ■ | न | ■ | प | न | घ | ट | ■ |

## आज का राशिफल

**मेष राशि** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृष राशि** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ायेंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**मिथुन राशि** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा।

**कर्क राशि** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**सिंह राशि** : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा।

**कन्या राशि** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेंगी।

**तुला राशि** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

**वृश्चिक राशि** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**धनु राशि** : कार्य सार्थक दिन है व्यर्थ न गंवाए। विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**मकर राशि** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन राशि** : कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें।

NEWS इन ब्रीफ

## रामू ने की धुआंधार बल्लेबाजी, सीआईडी ने जीता मैच

**लखनऊ।** फिटनेस रेजिमेंट टी-20 कारपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में सीआईडी क्लब ने अविरल टाइम्स क्लब को सात विकेट से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में सीआईडी के आलराउंडर रामू यादव ने धुआंधार बल्लेबाजी की। अविरल टाइम्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट गवांकर 153 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज प्रातुल सिंह ने पांच चौका की मदद से 29 रन का योगदान दिया। वहीं प्रखर ने 14 रन बनाकर रामू यादव की गेंद पर आउट हो गये। केन्नी ने 54 रन का योगदान दिया और अंत तक क्रीज पर जमे रहे, जबकि दीपक ने 37 रन बनाये। सीआईडी क्लब 14 ओवर में ही तीन विकेट गवांकर 154 रन बना लिये और मैच को सात विकेट से जीत लिया।

## सिटी ओपन से हटे डेनियल मेदवेदेव और निक किर्गियोस

**वाशिंगटन।** रूसी टेनिस स्टार डेनियल मेदवेदेव और ऑस्ट्रेलिया के निक किर्गियोस 31 जुलाई से शुरू होने वाले सिटी ओपन से हट गए हैं। मेदवेदेव ने वाशिंगटन एटीपी 500 इवेंट में तीन पूर्व अवसरों पर प्रतिस्पर्धा की है, जिसमें उनका 8-3 का रिकॉर्ड है। वर्ष 2019 में वह फाइनल में पहुंचे थे, जहां उन्हें किर्गियोस से हार का सामना करना पड़ा था। 27 वर्षीय मेदवेदेव ने 2023 सीजन में पांच खिताब अर्जित किए हैं। मेदवेदेव ने रॉटरडैम, दोहा, दुबई, मियामी और रोम में जीत हासिल की है।

# भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने नीदरलैंड से ड्रॉ खेला

**एजेंसी। बार्सीलोना**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2022-23 खिताब जीतने वाली नीदरलैंड टीम को स्पेनिश हॉकी महासंघ की सौंवी वर्षगांठ पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में 1-1 से ड्रॉ पर रोका। भारत को पहले मैच में स्पेन ने हराया था लेकिन भारतीय टीम ने दूसरे मैच में प्रभावी प्रदर्शन किया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने भारत के लिए एकमात्र गोल 12वें मिनट में किया जबकि डच टीम के लिये जैस्पर ब्रिंकमैन ने 40वें मिनट में बराबरी का गोल दागा।



भारत ने शुरूआत से ही आक्रामक खेल दिखाया लेकिन पहला पेनल्टी कॉर्नर डच टीम को मिला जिस पर गोल नहीं हो सका। भारत को 12वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को हरमनप्रीत ने गोल में बदला। हार्दिक सिंह से मिली गेंद को गोल के भीतर डालने में उन्होंने कोई चूक नहीं की।

दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों को पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन गोल नहीं हो सका। भारत के लिए पीआर श्रीजेश की जगह उस समय खेल रहे गोलकीपर कृशन पाठक ने प्रभावी प्रदर्शन किया। डच गोलकीपर मौरिटिस विस्सेर ने भी भारतीयों को गोल नहीं करने दिए। तीसरे क्वार्टर की शुरूआत में दोनों टीमों को एक एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। श्रीजेश ने मैदान पर लौटने के बाद डच टीम को गोल से वंचित रखा। आखिरकार ब्रिंकमैन का अनुभव डच टीम के काम आया जिन्होंने पेनल्टी कॉर्नर पर बराबरी का गोल किया। आखिरी क्षणों में भारत ने हरमनप्रीत की अगुवाई में जवाबी हमला किया लेकिन कामयाबी नहीं मिली।

तैराकी विश्व चैम्पियनशिप 2023

# नटराज 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में 31वें स्थान पर रहे

**एजेंसी। फुकुओका (जापान)**



भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज गुरुवार को यहां फीना विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में पुरुषों की 200 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में निराशाजनक 31वें स्थान पर रहे। नटराज (22 वर्ष) अपनी हीट में 2:04.42 सेकेंड के समय से अंतिम स्थान पर रहे जिससे वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। स्पर्धा में भाग ले रहे 39 तैराकों के बीच चार हीट (सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइंग रेस) में से शीर्ष 16 तैराक ही सेमीफाइनल में पहुंचते हैं। नटराज इस स्पर्धा में भारत के सर्वश्रेष्ठ तैराक हैं जिसमें उन्होंने अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हासिल किया जिसमें उन्होंने 2:00.84 सेकेंड का समय लिया था।

# पाक ने श्रीलंका को पारी से रौंदा 2-0 से सीरीज पर जमाया कब्जा

**एजेंसी। कोलंबो**

पाकिस्तान ने गुरुवार को श्रीलंका को दूसरे टेस्ट में पारी और 222 रनों से रौंदकर सीरीज 2-0 से अपने नाम करते हुए मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में अपना शीर्ष स्थान मजबूत कर लिया है। श्रीलंका के खिलाफ पाकिस्तान ने एक बड़ी जीत दर्ज की है। स्पिनर नोमान अली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए श्रीलंका को दूसरी पारी में सिर्फ 188 रन पर आउट कर दिया। नोमान ने चौथे दिन 7 विकेट चटकाए और खूब सुर्खियां बटोरीं, जबकि सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक 201 रन बनाकर पाकिस्तान के स्टार रहे, साथ ही उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। श्रृंखला में 2-0 से जीत के साथ, पाकिस्तान ने डब्ल्यूटीसी 25 स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान और मजबूत कर लिया है। इस टीम ने दो जीत और 100 प्रतिशत सफलता से 24 अंक अर्जित किए हैं, जबकि भारत, अब सूची में दूसरे नंबर पर है।



पाकिस्तान ने चौथे दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 563 रन से की और जैसे ही विकेटकीपर-बल्लेबाज सरफराज अहमद के कन्कशन रिप्लेसमेंट मोहम्मद रिजवान ने दिन के दूसरे ओवर में अपना अर्धशतक पूरा किया, टीम ने पारी घोषित कर दी। मेहमान टीम ने पहली पारी में 410 की विशाल बढ़त के साथ पांच विकेट पर 576 रन बनाकर पारी घोषित की।

इस विशाल स्कोर का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम की पारी लड़खड़ाती नजर आई। सलामी बल्लेबाजों ने 69 रनों की साझेदारी के साथ अपनी टीम को अच्छी शुरुआत जरूर दिलाई, लेकिन उसके बाद टीम ने लगातार विकेट गवाए। श्रीलंका ने लंच तक एक विकेट पर 81 रन बनाये। ब्रेक के बाद, नोमान ने दोपहर के सत्र के अपने पहले ओवर में श्रीलंका के कप्तान दिमुथ करुणारत्ने को 41 रन पर आउट कर दिया। इसके बाद उन्होंने अपने दो ओवरों में दो विकेट लेकर श्रीलंका को ध्वस्त कर दिया - कुसल मेंडिस ने 14 रन बनाए, और इसके बाद अपने अगले ओवर में दिनेश चांडीमल को जल्दी आउट कर दिया। नोमान ने अपने खाते में तीन और विकेट जोड़े और अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज नाबाद 63 रन बनाकर एक छोर पर डटे रहे, लेकिन अन्य बल्लेबाजों ने उनका साथ नहीं दिया। युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने अंतिम तीन विकेट लेकर श्रीलंकाई पारी को समाप्त किया।

# जोफ्रा आर्चर वनडे विश्व कप तक फिट हो सकते हैं : पॉल फारब्रेस

**एजेंसी। लंदन**

इंग्लैंड के पूर्व सहायक कोच पॉल फारब्रेस ने खुलासा किया है कि तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर इस साल भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए फिट होने की राह पर हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर काफी समय से इंजरी से जूझ रहे हैं। इंग्लिश टीम को लगातार उनकी कमी खली है, लेकिन अब खबर आ रही है कि वो जल्द टीम में वापसी करेंगे। ये साल वनडे क्रिकेट के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल भारत में वनडे वर्ल्ड कप खेला जाना है। ऐसे में आर्चर की वापसी इंग्लैंड को मजबूत कर सकती है। आर्चर ने 2019 में इंग्लैंड को पहला विश्व कप खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, दाएं हाथ के तेज गेंदबाज टूर्नामेंट में 20 विकेट लेकर टीम के हाईएस्ट विकेट टेकर की लिस्ट में शामिल रहे। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी उनका प्रदर्शन अच्छा रहा था।



लेकिन 28 वर्षीय यह तेज गेंदबाज पिछले कुछ वर्षों से चोटों से जूझ रहा है, उनकी कोहनी की कई सर्जरी हुई हैं और पीठ में स्ट्रेस फ्रैक्चर हुआ है। जिसके कारण उन्हें मैदान से बाहर बैठना पड़ा।

फारब्रेस, जो काउंटी टीम ससेक्स में आर्चर के कोच हैं और 2019 में विश्व कप की सफलता से पहले इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम में महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाई।

फारब्रेस ने कहा, "आर्चर तेजी से रिकवर कर रहे हैं और उनके वनडे वर्ल्ड कप में शामिल होने की संभावना है।"

आर्चर ने हाल ही में इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ व्हाइट बॉल क्रिकेट में अपने देश के लिए प्रदर्शन किया था, लेकिन मई में पीठ की चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही एशेज श्रृंखला से चूक गए थे।

हालांकि, फारब्रेस का मानना है कि अगर आर्चर की अपनी चल रही चोट की चिंताओं को दूर करना है और भविष्य में फिट रहना है तो इंग्लैंड को एक ऐसा रास्ता बनाना होगा जो उन्हें अपनी फिटनेस बनाए रखने में मदद करे।

फारब्रेस ने कहा, वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अगर इंग्लैंड को अगली एशेज सीरीज (2025) के लिए उन्हें टीम में शामिल करना है तो उसके लिए अभी से तैयारी करनी होगी।

# सऊद शकील ने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कोलंबो में पाकिस्तान और श्रीलंका के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील ने जैसे ही अपना 7वां अर्धशतक पूरा किया। वह एक विशेष उपलब्धि अपने नाम कर गए। शकील ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं इसमें प्रत्येक में वह अर्धशतक बनाने में कामयाब रहे हैं। ऐसा करने वाले वह दुनिया के पहले बल्लेबाज हैं। शकील ने सुनील गावस्कर, बेसिल बुचर, सईद अहमद और बर्ट सटक्लिफ को पीछे छोड़ दिया है, जिन्होंने अपने पहले छह मैचों में से प्रत्येक में पचास या अधिक रन बनाए थे। शकील श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दौरान जब क्रीज पर आए थे तो पाकिस्तान टीम तीन विकेट खोकर 210 रन बना चुकी थी। शकील ने ओपनर अब्दुल्ला शफीक का भरपूर साथ दिया और लीड को 150 से पार ले गए।



अब्दुल्ला शफीक ने 326 गेंदों पर 201 रन की पारी खेली थी।

बहरहाल, शकील ने इससे पहले गॉल के मैदान पर पहले टेस्ट में श्रीलंकाई धरती पर दोहरा शतक बनाने वाले पहले पाकिस्तानी बल्लेबाज बनकर भी इतिहास रचा था। उन्होंने मोहम्मद हफीज (196) को पीछे छोड़ा। टेस्ट मैच की बात करें तो श्रीलंका को पहली पारी में 166 रन पर सिमटने के बाद पाकिस्तान ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 563 रन बना लिए हैं। टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश से प्रभावित रहा था।

# हैम्बर्ग ओपन में आंद्रेयी रुब्लेव की शानदार जीत

**हैम्बर्ग।** आंद्रेयी रुब्लेव ने हैम्बर्ग यूरोपियन ओपन में एक रोमांचक मुकाबले में अंतिम समय में स्पेन के बर्नाबे जपाटा मिरालेस के खिलाफ जीत अपने नाम की। आंद्रेयी रुब्लेव ने यह मैच 5-7, 6-1, 7-6(7) से जीतकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे वरीय ने एटीपी 500 क्ले-कोर्ट इवेंट में धीमी शुरुआत से उबरते हुए, तीसरे सेट में जपाटा मिरालेस को रोकने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया जो सीजन की अपनी पहली शीर्ष 10 जीत का पीछा कर रहे थे। रुब्लेव ने तीसरे सेट के टाई-ब्रेक में 4/6 से वापसी की और फोरहैंड विनर के साथ 6/7 पर अपना तीसरा मैच प्वाइंट बचाया। 25 वर्षीय खिलाड़ी ने दो घंटे, 53 मिनट तक चले पहले दौर के रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद अपनी खुशी जाहिर की। अन्य मैचों में, चौथी वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने राउंड ऑफ 32 में जर्मनी के वाइल्ड कार्ड मैक्सीमिलियन माटेरेंर को 6-3, 7-5 से हराया।

पुर्तगाल ने वियतनाम को महिला विश्व कप से किया बाहर

# इंग्लैंड ने पहले मैच में दर्ज की जीत



**एजेंसी। हैमिल्टन**

टेल्मा एनकानार्को के शानदार खेल की मदद से पुर्तगाल ने महिला विश्व कप फुटबॉल के मैच में गुरुवार को वियतनाम को 2 . 0 से हरा दिया। इस हार के साथ ही वियतनाम के नॉकआउट के रास्ते बंद हो गए। पुर्तगाल के पास अभी भी अगले चरण में पहुंचने का मौका है जिसे अमेरिका के खिलाफ जीत या ड्रॉ की जरूरत है। इसके साथ ही वियतनाम को नीदरलैंड पर जीत दर्ज करनी होगी। पुर्तगाल के लिये टेल्मा ने एक गोल किया और दूसरे गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। पुर्तगाल को अब आकलैंड में मौजूदा विश्व चैम्पियन अमेरिका से खेलना है जबकि वियतनाम का सामना नीदरलैंड से होगा।

# प्रणय, लक्ष्य, सात्विक-चिराग जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**एजेंसी। टोक्यो**

भारत के एच एस प्रणय, लक्ष्य सेन और सात्विक साइराज रंकीरेड्डी तथा चिराग शेट्टी की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता 21 वर्ष के सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को 21.14, 21.16 से हराया। कोरिया ओपन जीतने वाले सात्विक साइराज और चिराग ने डेनमार्क के लास्से मोल्हेडे और जेप्पे बे को 21.17, 21.11 से मात दी। वहीं प्रणय ने हमवतन किदाम्बी श्रीकांत को 19.21, 21.9, 21.9 से हराया। महिला युगल में गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली को नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21.21, 21.19 से मात दी। सेन ने 50 मिनट के भीतर जापानी प्रतिद्वंद्वी को हराया। पहला गेम जीतने के बाद उसने सुनेयामा को वापसी का मौका ही नहीं दिया। वहीं प्रणय पहला गेम हार गए थे लेकिन शानदार वापसी करके अगले दो गेम जीते। सात्विक और चिराग के लिये मुकाबला लगभग एकतरफा रहा जिन्होंने सीधे गेमों में जीत दर्ज की।

टी-20 मैच | टोरंटो नेशनल्स की जीत के हीरो रहे कॉलिन मुनरो

# ब्रैम्पटन ने 15 रन से मॉन्ट्रियल को दी मात

**एजेंसी। ब्रैंपटन**

कॉलिन मुनरो ने मात्र 31 गेंदों में 67 रन की तूफानी पारी खेलकर अपनी टीम को धमाकेदार जीत दिलाई। उनकी इस पारी के दम पर टोरंटो नेशनल्स ने मिसिसॉगा पैंथर्स को 6.4 ओवर शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। ग्लोबल टी-20 कनाडा के दसवें मैच में मिसिसागा पैंथर्स और टोरंटो नेशनल्स के बीच एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। जहां टोरंटो नेशनल्स ने कॉलिन मुनरो की तूफानी बल्लेबाजी के दम पर आसान जीत दर्ज की। वहीं बुधवार को खेले गए दूसरे मुकाबले में, कॉलिन डी ग्रैंडहोम के ऑलराउंडर परफॉर्मेंस के दम पर ब्रैम्पटन वॉल्व्स ने मॉन्ट्रियल टाइगर्स को 15 रनों से हरा दिया। ब्रैम्पटन वॉल्व्स ने टाइगर्स के सामने 143 रन का स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में वो केवल 128 रन ही बना पाए।





बुधवार को खेले गए पहले मैच की बात करें तो, टोरंटो नेशनल्स ने टॉस जीता और गेंदबाजी चुनी। फहीम अशरफ और साद बिन जफर के शानदार स्पैल से नेशनल्स ने पैंथर्स के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया, जिन्होंने शुरुआत में ही 2-2 विकेट हासिल किए। क्रिस गेल (4), नवनीत धालीवाल (5) और आजम खान (8) सभी पावर-प्ले में आउट हो गए, जिससे पैंथर्स ने छह ओवर में महज 28 रन पर 3 बड़े विकेट खो दिए। इसके बाद कैमरन डेलपोर्ट (4) भी जल्द ही आउट हो गए। वहीं शोएब मलिक (37) और जेम्स नीशम (18) ने मिलकर पारी को संभाला और पैंथर्स के लिए 44 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की। सातवें नंबर पर आए टॉम कूपर (26) ने डेथ ओवरों में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 14 गेंदों में तेज-तर्रार पारी खेली। पैंथर्स के 115 रन के जवाब में टोरंटो ने 13.2 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 118 रन बनाकर जीत हासिल की। कॉलिन मुनरो (67) ने आउट होने से पहले सिर्फ 20 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा करते हुए पावर हिटिंग का जोरदार प्रदर्शन किया।

### संक्षिप्त स्कोर

मिसिसॉगा पैंथर्स 20 ओवर में 115/9 (शोएब मलिक 37, टॉम कूपर 26, जेम्स नीशम 18; साद बिन जफर 3-31, जमान खान 2-20, फहीम अशरफ 2-30) टोरंटो नेशनल्स 13.2 ओवर में 118/4 (कॉलिन मुनरो 67, हमजा तारिक 25, निखिल दत्ता 2/36) ब्रैम्पटन वॉल्व्स 19.5 ओवर में 143 रन पर ऑल आउट (कॉलिन डी ग्रैंडहोम 56, उस्मान खान 33, मार्क चैपमैन 21, कार्लोस ब्रेथवेट 4-21, अयान अफजल खान 4-21) ने मॉन्ट्रियल टाइगर्स को 19.1 ओवर में 128 (शाकिब अल हसन 28, दीपेंद्र सिंह ऐरी 28; लोगन वैन बीक 3-20, कॉलिन डी ग्रैंडहोम 2-8, शाहिद अहमदजई 2-33) को 15 रन से हराया।



## NEWS इन ब्रीफ

### 2 अगस्त को फिर जीएसटी काउंसिल की बैठक

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के फैसले का सरकार के भीतर से लेकर गेमिंग इंडस्ट्री की तरफ से भारी विरोध हो रहा है। ऐसे में ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और हार्स रेसिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने पर 2 अगस्त, 2023 को जीएसटी काउंसिल की बैठक होने वाली है। ऑनलाइन गेमिंग, कैसिनो और हार्स रेसिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लगाने के बाद इस बैठक में जीएसटी काउंसिल के सामने जीएसटी कानून में बदलाव करने और नियमों के अप्रूवल के लिए प्रस्ताव रखा जा सकता है।

### अमेरिकी कंपनी 1,000 करोड़ रुपये का करेगी निवेश

**भुवनेश्वर।** अमेरिका के सिलिकॉन पावर ग्रुप ने 1,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ओडिशा में 150 मिमी सिलिकॉन कार्बाइड विनिर्माण सुविधा स्थापित करने का प्रस्ताव दिया है। राज्य के मुख्यमंत्री कार्यालय ने गुरुवार को कहा कि यह निवेश समूह की भारतीय सहायक कंपनी आरआईआर पावर इलेक्ट्रॉनिक्स द्वारा किया जाएगा। समूह के प्रमोटर और चार दशकों के नेतृत्व अनुभव वाले इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग के दिग्गज हर्षद मेहता ने अमेरिका के आधिकारिक दौरे पर गए ओडिशा सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल को इस संबंध में अभिरुचि पत्र सौंपा है। सिलिकॉन पावर 1994 में मेहता द्वारा शुरू किया गया था। इसका मुख्यालय अमेरिका में है। कंपनी उच्च-शक्ति अर्धचालक उपकरणों और यूटिलिटी में काम आने वाले प्रणालियों के डिजाइन, विकास, निर्माण और परीक्षण में एक प्रमुख प्रौद्योगिकी डेवलपर और समाधान प्रदाता है।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने प्रू प्रोटेक्ट एन गेन' लॉन्च किया




**एजेंसी। नई दिल्ली**

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च किया है। यह एक ऐसा अनूठा उत्पाद है जो व्यापक जीवन बीमा कवर, दुर्घटना के कारण आकस्मिक मृत्यु और स्थायी विकलांगता से सुरक्षा और दीर्घकालिक धन सृजन और वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए बाजार से जुड़े रिटर्न प्रदान करता है। यह उत्पाद वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक जीवन बीमा कवर प्रदान करता है। यह ग्राहकों के लिए इक्विटी और डेट में 18 फंड विकल्पों की पेशकश करके अधिकतम रिटर्न प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। यह ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सुरक्षा और दीर्घकालिक बचत का सही मिश्रण प्रदान करता है। यह सुनिश्चित करता है कि पॉलिसी अवधि के दौरान परिवार के लिए पूर्ण वित्तीय सुरक्षा हो और जीवित रहने पर स्वयं के लिए एक महत्वपूर्ण एकमुश्त राशि प्राप्त हो। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने खरीद प्रक्रिया को सरल बना दिया है जिसके अनुसार घोषित आय के आधार पर पॉलिसी जारी की जा सकती हैं। विशेष रूप से, 45 वर्ष से कम आयु के ग्राहकों को शारीरिक चिकित्सा परीक्षण कराने की आवश्यकता नहीं है। किसी दुर्घटना के कारण पॉलिसीधारक की मृत्यु या स्थायी विकलांगता के मामले में लाभार्थी/नामित व्यक्ति को जीवन कवर या दावा राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि परिवार आर्थिक रूप से कमजोर नहीं हो। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी श्री अमित पाल्टा ने कहा, ₹हमें आईसीआईसीआई प्रू प्रोटेक्ट एन गेन लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है। यह एक अनूठा उत्पाद है जो ग्राहकों को वार्षिक प्रीमियम का 100 गुना तक जीवन कवर प्रदान करता है जो किसी भी स्थिति में ग्राहकों के वित्तीय बचत लक्ष्य की रक्षा करता है। इसके अलावा, इस उत्पाद द्वारा दिए गए बाजार से जुड़े रिटर्न, निवेश किए गए प्रीमियम पर ग्राहकों को पॉलिसी अवधि के अंत में एक बड़ी एकमुश्त राशि की पेशकश की जा सकती है।

### आकाश बायजूस ने लांच की अपनी सबसे बड़ी बहुप्रतीक्षित परीक्षा ANTHE 2023

# कक्षा 7वीं-12वीं के छात्रों को मिलेगा 100% तक स्कॉलरशिप व अवार्ड पाने का मौका




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी, आकाश बायजूस ने बुधवार को अपनी सबसे बड़ी लोकप्रिय और बहुप्रतीक्षित परीक्षा (आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम) 2023 के 14वें संस्करण का अनावरण किया। 100% तक छात्रवृत्ति और असाधारण नकद पुरस्कारों के साथ, प्रमुख वार्षिक छात्रवृत्ति परीक्षा सातवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों को उनकी पूरी क्षमता का एहसास करने का मौका प्रदान करती है। ANTHE 2023 का लक्ष्य सफलता के लिए एक उल्लेखनीय प्रवेश द्वार बनना है, जो युवाओं को इंजीनियरिंग या चिकित्सा में उज्ज्वल भविष्य की उनकी आकांक्षाओं के लिए उड़ान भरने के लिए प्रेरित करता है।

ANTHE छात्रवृत्ति प्राप्तकर्ता आकाश में नामांकन कर सकते हैं और एनईईटी, जेईई, राज्य सीईटी, स्कूल/बोर्ड परीक्षाओं और एनटीएसई और ओलंपियाड जैसी प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति सहित विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह प्राप्त कर सकते हैं। ANTHE 2023 में छात्रों के लिए रोमांचक उपलब्धि यह है कि 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप और कैश अवार्ड के अलावा विभिन्न कक्षाओं के 100 बच्चों को नेशनल साइंस मिशन की 5 दिवसीय यात्रा जीतने का अवसर मिलेगा। जिसका सारा खर्च आकाश की ओर से वहन किया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों में, ANTHE ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, आकाश के कई छात्र नीट (यूजी) और जेईई (एडवांस्ड) जैसी परीक्षाओं में शीर्ष रैंकर के रूप में उभरे हैं।

### आनंद महिंद्रा का नाम जुड़ते ही रॉकेट बना आरबीएल का शेयर

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स और निफ्टी ने गुरुवार को तेजी के साथ दिन की शुरूआत की। सेंसेक्स में 0.38% और निफ्टी में 0.42% तेजी आई है। फेवरेबल मार्केट सेंटिमेंट्स के बीच आरबीएल बैंक लिमिटेड के शेयरों में 3.18 फीसदी तेजी आई है। बीएसई पर यह शेयर 251.20 रुपये पर पहुंच गया जो इसका 52 हफ्ते का टॉप है। इसके साथ ही कंपनी की मार्केट कैप भी 14,620.62 करोड़ रुपये पहुंच गया। आरबीएल ने एक बैंकिंग इंस्टीट्यूशन के रूप में अपनी अलग पहचान बनाई है। बैंक ने होलसेल बैंकिंग, रिटेल बैंकिंग, ट्रेजरी ऑपरेशंस और बैंकिंग से जुड़े दूसरे प्रोग्राम्स में अपना बिजनस फैलाया है। 22 जुलाई 2023 को कंपनी ने फाइनेंशियल ईयर 2024 की पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा की। फाइनेंशियल ईयर 2023-24 में आरबीएल बैंक के रेवेन्यू में काफी तेजी आई। पिछले साल की समान तिमाही की तुलना में यह 28.29 परसेंट की तेजी आई और यह 2,680 करोड़ रुपये रहा। लेकिन इस दौरान कंपनी को 304 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ जबकि पिछले साल बैंक को 337 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। इन चुनौतियों के बावजूद कंपनी के ऑपरेशंस बेहतर रहा और उसके प्रॉफिट बेफोर टैक्स 381 करोड़ रुपये पहुंच गया। यह जून 2022 की तिमाही की तुलना में 38.03 परसेंट बेहतर है। इतना ही नहीं बैंक के नेट प्रॉफिट में इस दौरान पिछले साल की समान तिमाही के मुकाबले 43.28 फीसदी की तेजी रही।

### अमेरिका में ब्याज दर 22 साल के बाद टॉप पर

**नई दिल्ली।** अमेरिका के सेंट्रल बैंक फेडरल रिजर्व ने एक बार फिर ब्याज दरों में इजाफा किया है। इस बार इसमें 25 बेसिस पॉइंट की बढ़ोतरी की गई है। इसके साथ ही बेंचमार्क ओवरनाइट इंटरेस्ट रेट 5.25 परसेंट से 5.50 परसेंट की रेंज में चला गया है। यह 2001 के बाद इसका उच्चतम स्तर है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक ने महंगाई का हवाला देते हुए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की है। साथ ही बैंक ने संकेत दिया है कि ब्याज दरों में आगे और बढ़ोतरी हो सकती है। फेडरल रिजर्व के प्रमुख जेरोम पॉवेल ने कहा कि जब तक महंगाई काबू में नहीं आ जाती है, तब तक ब्याज दर में तेजी आ सकती है। जून में अमेरिका में महंगाई तीन प्रतिशत रही। फेडरल रिजर्व को इसे दो फीसदी से कम रखने का लक्ष्य मिला है।

जानकारों का कहना है कि जब भी अमेरिका का सेंट्रल बैंक पॉलिसी रेट्स बढ़ाता है तो भारत और अमेरिका के इंटरेस्ट रेट में अंतर कम हो जाता है। अभी भारत में रेपो रेट 6.50 परसेंट है। इससे करेंसी कैरी ट्रेड में भारत जैसी एमर्जिंग इकॉनमी निवेशकों के लिए ज्यादा आकर्षित नहीं रह जाती है। इससे भारत से कैपिटल फ्लो बाहर जा सकता है। ऐसा होने पर रुपये में गिरावट आ सकती है और आयात महंगा हो सकता है। इससे आरबीआई भी रेपो रेट में तेजी ला सकता है। आरबीआई ने लगातार दो बार से रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं किया है। लेकिन अब आरबीआई एक बार फिर रेपो रेट में बढ़ोतरी कर सकता है।

### मुकेश अंबानी अमेरिकन कंपनी ब्लैकरॉक से मिलाया हाथ




**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर कंपनी ब्लैकरॉक इंक ने 2018 में भारत को अलविदा कर दिया था। लेकिन एक फिर यह अमेरिकी कंपनी भारत में वापसी कर रही है। इसके लिए उनसे देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ हाथ मिलाया है। मुकेश अंबानी की जियो फाइनेंशिल सर्विसेज और ब्लैकरॉक 50:50 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाने की तैयारी हैं। जियो को ब्लैकरॉक के इनवेस्टमेंट मैनेजमेंट, रिस्क मैनेजमेंट, प्रोडक्ट, ऑपरेशंस, स्केल से जुड़ी विशेषज्ञता का फायदा मिलेगा तो वहीं ब्लैकरॉक को जियो के घरेलू बाजार में पहुंच, जानकारी और उसके डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर का लाभ मिलेगा। अमेरिका की मल्टीनेशनल इनवेस्टमेंट कंपनी ब्लैकरॉक इंक दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजर है। जून तिमाही में इसका एसेट अंडर मैनेजमेंट 9.43 ट्रिलियन डॉलर था। पिछले साल की तुलना में इसमें 11 फीसदी तेजी आई है जबकि पिछली तिमाही के मुकाबले यह चार फीसदी बढ़ा है। यह भारत की जीडीपी का करीब तीन गुना और अमेरिका की जीडीपी का आधा है। ब्लैकरॉक की हैसियत का अंदाजा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि दुनिया के कुल शेयरों और बॉन्ड्स का 10 फीसदी यही कंपनी संभालती है।

## पेज एक के शेष

### हर प्रतिभावान ...

किसी भी बच्चे बच्ची की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। इसका सरकार ने संकल्प ले रखा है। बच्चों की पढ़ाई से लेकर उसके करियर निर्माण तक के लिए सरकार कई योजनाएं चला रही है। युवक-युवतियों को कौशल विकास का भी निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, उनके रोजगार की भी व्यवस्था सरकार कर रही है। जो स्वरोजगार करने के इच्छुक है, उन्हें मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना के तहत आर्थिक सहायता दी जा रही है। प्रवीण उरांव रांची जिले के बेड़ो प्रखंड स्थित एक सुदूरवर्ती गांव का प्रतिभावान छात्र है। उसके पिता मनमोहन उरांव जी का देहांत हो चुका है, जबकि माता श्रीमती सुमित्रा उरांव जी की तबीयत अच्छी नहीं रहती है। प्रवीण की पढ़ाई- लिखाई का जिम्मा उनकी चाची प्रिया मणि जी कर रही हैं, जो स्वयं काफी गरीब है। प्रवीण ने रांची जिले के नरकोपी स्थित सरकारी विद्यालय से पांचवी कक्षा तक की पढ़ाई की। इसके बाद कक्षा छठी से बारहवीं तक उसने जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा से पढ़ाई पूरी की। प्रवीण ने 10 वीं बोर्ड एग्जाम में 89 प्रतिशत अंक हासिल किए थे, जबकि 12वीं में 85 प्रतिशत अंक आए थे । इसके बाद उसका चयन पुणे में आईआईटी जेईई का निःशुल्क कोचिंग कराने वाले एक संस्थान के लिए हुआ। यहां उसने एक वर्ष तक पढ़ाई की । इसके बाद उसने अपने पहले ही प्रयास में आईआईटी जेईई को क्रैक किया। उसका चयन आईआईटी खड़गपुर में मैकेनिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के लिए हुआ है।

### सुभाष मुंडा हत्याकांड...

आईजी अभियान के अनुसार, पूरे मामले में नगड़ी थाना प्रभारी की लापरवाही सामने आई है, जिसके बाद उन्हें सस्पेंड कर दिया गया है. मामले की तफ्तीश में अगर किसी अन्य अफसर की भी लापरवाही सामने आएगी तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

वहीं दूसरी तरफ सुभाष मुंडा की हत्या से आक्रोशित आदिवासी समाज के सैकड़ों लोग दिनभर राजधानी में हंगामा करते नजर आएं। जैसे ही सुभाष मुंडा का शव नगड़ी पहुंचा, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने शव के साथ ही रांची-गुमला मार्ग को जाम कर दिया। इस सड़क पर जाम की स्थिति दोपहर तक बनी रही। हत्या के विरोध में गुरुवार को रांची बंद का भी बुलाया गया। बंद के दौरान राजधानी में कई स्थानों पर सड़क पर आगजनी भी की गई। रातू, नगड़ी, पुंदाग, बेड़ो, मांडर, ओरमांझी और बरियातू थाना क्षेत्रों में बंद समर्थकों का उत्पात भी देखने को मिला। रांची गुमला और रांची डाल्टनगंज मार्ग पर गुरुवार की सुबह सात बजे से लेकर दोपहर के दो बजे तक जाम की स्थिति बनी रही। राजधानी रांची के आउटर रिंग रोड को समर्थकों ने घंटों जाम किए रखा। जाम की वजह से गुमला और डाल्टनगंज जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बुधवार को भी हत्या के विरोध में जमकर हंगामा किया गया था। रात करीब सवा आठ बजे ग्रामीण सड़क पर उतर आए। आक्रोशित भीड़ ने दलादली चौक को जाम कर दिया। इसके बाद उग्र भीड़ ने जमकर उत्पात मचाया। लाठी-डंडे से लैस भीड़ ने रिंग रोड से गुजर रहे दो दर्जन से ज्यादा ट्रक, दो और तीन पहिया वाहनों के शीशे को ना सिर्फ क्षतिग्रस्त किया, बल्कि उनके चालकों के साथ भी जमकर मारपीट की। भीड़ में शामिल ग्रामीण इतना आक्रोशित थे कि दलादली चौक के पास शराब दुकान में घुसकर उसे आग के हवाले कर दिया।उन्होंने दलादली चौक के आसपास दर्जनों झुग्गी-झोपड़ियों को भी नहीं बक्शा। उसमें भी आग लगा दी। भीड़ में महिला, पुरुष और बच्चे भी शामिल थे। हंगामे और तोड़फोड़ की घटना की जानकारी मिलने के बाद सिटी एसपी शुभांशू जैन बुधवार की रात पुलिस बल के साथ दलादली चौक पहुंचे थे। उन्होंने भीड़ को समझाने का प्रयास किया। इसी दौरान भीड़ उनसे उलझ गयी, धक्का-मुक्की करने लगी। सिटी एसपी ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो भीड़ उन पर और मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों पर टूट पड़ी। कुछ ग्रामीण अन्य पुलिसकर्मियों को खदेड़ने लग। उन पर पथराव करने लगी। भीड़ इतनी उग्र थी कि सिटी एसपी की गाड़ी के शीशे को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

### आत्म विकास की ओर...

दुमका के अन्य 60 स्कूलों में विगत 2 साल से चल रहा है। आने वाले दिनों में झारखंड के सभी प्रखंडों में 360 स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में बच्चे हर्ष जोहार से जुड़ेंगे। राज्य सरकार ने 80 उत्कृष्ट विद्यालय में से प्रत्येक से दो शिक्षकों का प्रशिक्षण हर्ष जोहार के लिए पूरा हो चुका है।

**झारखंड की संस्कृति की झलक :** हर्ष जोहार पाठ्यक्रम में झारखंड के प्रासंगिक क्षेत्र और संस्कृति की झलक है। इसमें लोककथाओं, वास्तविक अनुभवों, क्षेत्रीय गतिविधियों को एकीकृत किया गया है। इस पाठ्यक्रम को बदलते समय के अनुरूप नए तरीके से डिजाइन किया गया है, जो हमेशा खुश रहने की गतिविधियों से शुरू होगा। साथ ही संकल्पना और अभिव्यक्ति के साथ समाप्त होगा। हर्ष जोहार का शत-प्रतिशत लाभ बच्चों को देने के लिए सभी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शिक्षकों और हेड मास्टर के प्रशिक्षण की एक श्रृंखला इस शैक्षणिक वर्ष से शुरू की जाएगी, जो प्रशिक्षण हर्ष जोहार पाठ्यक्रम पर आधारित होगी।

### बरही में एटीएम ...

और पूरी जानकारी लेते हुए बैंक अधिकारियो को सूचित करते हुए जांच में जुट गए।

**क्या कहा एसडीपीओ ने :** घटना के संबंध में एसडीपीओ ने बताया कि सीसीटीवी के फुटेज और डीवीआर से डाटा लिए जा रहे है। उन्होंने बताया कि कुछ वर्ष पहले हजारीबाग में भी ऐसी ही घटना हुई थी। उस घटना को भी ध्यान में रखते हुए विभिन्न विन्दुओ पर जांच की जा रही है।

### 2024 को लेकर...

अवध क्षेत्र के 48 सांसदों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में अमित शाह और राजनाथ सिंह भी मौजूद रहेंगे। इस बैठक की मेजबानी का जिम्मा केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय और अनुप्रिया पटेल को सौंपा गया है। इसके बाद 2 अगस्त को ही शाम 7:30 बजे प्रधानमंत्री तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह एवं लक्षद्वीप के 48 सांसदों के साथ भी बैठक करेंगे। इस बैठक में जेपी नड्डा और नितिन गडकरी मौजूद रहेंगे। यह बैठक कराने का दायित्व केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और वी मुरलीधरन को सौंपा गया है। पीएम 3 अगस्त को शाम 6:30 बजे बिहार के 27 सांसदों से मिलेंगे। मुलाकात के दौरान अमित शाह और राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। मेजबानी का दायित्व केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय को सौंपा गया है। पीएम 3 अगस्त को ही शाम 7:30 बजे दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख के 36 सांसदों के साथ मुलाकात करेंगे। इस दौरान जेपी नड्डा और नितिन गडकरी मौजूद रहेंगे। मेजबानी का दायित्व अनुराग ठाकुर और अजय भट्ट को दिया गया है। अन्य राज्यों से आने वाले एनडीए सांसदों की बात करें तो प्रधानमंत्री 8 अगस्त को शाम 6:30 बजे राजस्थान से जुड़े 28 सांसदों और शाम 7:30 बजे महाराष्ट्र एवं गोवा के 48 सांसदों के साथ मुलाकात करेंगे। पीएम 9 अगस्त को गुजरात, दादरा और नागर हवेली, दमन और दीव, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, सिक्किम, असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, नागालैंड, मिजोरम, मेघालय और त्रिपुरा के सांसदों के साथ बैठक करेंगे। हर मुलाकात की मेजबानी का जिम्मा दो-दो केंद्रीय मंत्रियों को सौंपा गया है और मुलाकात के दौरान भी दो वरिष्ठ नेताओं या मंत्रियों के मौजूद रहने का भी कार्यक्रम तय किया गया है।

## विदेश

### दक्षिणी मिशिगन में भीषण तूफान से तबाही

**मिशिगन।** दक्षिणी मिशिगन में भीषण तूफान आया जिससे जगह जगह पेड़ उखड़ गए, शाखाएं टूट गईं तथा बिजली के तार क्षतिग्रस्त हो गए और 140,000 से अधिक उपभोक्ताओं और प्रतिष्ठानों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। डीटीई एनर्जी ने शाम पाँच बजकर चालीस मिनट तक लगभग 108,000 उपभोक्ताओं के बिजली संकट का सामना करने की सूचना दी। वहीं कंज्यूमर्स एनर्जी ने 32,000 से अधिक लोगों और प्रतिष्ठानों के पास बिजली न होने की सूचना दी। राष्ट्रीय मौसम विभाग ने बताया कि डेट्रॉइट क्षेत्र, एन आर्बर और दक्षिणी मिशिगन में कई जगहों पर पेड़ गिर गए और शाखाएं टूट गई हैं। मौसम विभाग ने बताया कि इस दौरान रोमुलस के डेट्रॉइट उपनगर में 67 मील प्रति घंटे (107.83 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से हवाएं चलीं।

# 8 साल के लड़के ने ऑनलाइन मंगवाई एके-47 राइफल



**एजेंसी। बल्गारिया**

ऑनलाइन डिलीवरी की सहूलियत कभी जी का जंजाल भी बन सकती है इसका एहसास एक मां को उस समय हुआ जब उसके 8 साल के बेटे खतरनाक चीज आर्डर कर दी। अभी तक लोगों ऑनलाइन फूड आइटम्स, गैजेट्स या दूसरे घरेलू आइटम्स मंगवाए होंगे लेकिन 8 साल के एक लड़के ने डार्क वेब के जरिए ऑनलाइन एके-47 ऑर्डर कर दी। सबसे अधिक हैरानी की बात यह है कि उसे ये राइफल डिलीवर भी कर दी गई। खुद लड़के की मां ने इस हैरतअंगेज कहानी को बयां किया है। मामला नीदरलैंड का है जहां एक महिला ने दावा किया कि उसके 8 वर्षीय बेटे ने उसकी जानकारी के बिना ऑनलाइन एके-47 खरीद डाली। ये राइफल जब घर पहुंची तो उसके होश उड़ गए। उसने फौरन जानकारी जुटानी शुरू की तो पता चला कि इसके पीछे इंटरनेट की काली दुनिया डार्क वेब थी, जहां धड़ल्ले से इस तरह के अवैध काम होते हैं । यूरोन्यूज को दिए इंटरव्यू में एके-47 खरीदने वाले लड़के की मां बारबरा जेमेन ने खुलासा किया कि उनका बेटा कंप्यूटर पर बहुत समय बिताता था और उसने हैकिंग आदि शुरू कर दी थी। उन्होंने यहां तक कहा कि हैकर्स ने उनके बेटे का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग के लिए भी किया। बारबरा के मुताबिक जब हम बेटे के कमरे में जाते वो ऑनलाइन गेम्स खेलते वक्त कोड वर्ड में बात करता रहता था। चीजें तब बिगड़ीं जब पता चला कि बेटे ने एके-47 मंगवा ली । बेटे ने सीमा शुल्क से बचने के प्रयास में बंदूक को पोलैंड से बुल्गारिया भेज दिया, फिर वो नीदरलैंड पहुंची। बारबरा ने आगे कहा कि मैंने राइफल को स्थानीय पुलिस विभाग को सौंप दिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके बेटे के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की।

### समझौता: कंगाल पाकिस्तान को बचाने के लिए आगे आया सऊदी अरब

# शहबाज सरकार के साथ होगी महाडील



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

कंगाल हो चुके पाकिस्तान को बचाने के लिए सऊदी अरब की सरकार सामने आई है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच 10 अरब डॉलर का समझौता होने जा रहा है। इसके तहत दोनों देश ग्वादर में विशाल रिफाइनरी लगाने जा रहे हैं। इस रिफाइनरी के लिए पाकिस्तान की 5 सरकारी कंपनियां और सऊदी अरब की चर्चित तेल कंपनी अरमाको निवेश करेंगी। पाकिस्तान इस प्रॉजेक्ट में 70 फीसदी पैसा लगाएगा, वहीं सऊदी अरब की कंपनी 3 अरब डॉलर खर्च करेगी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक तबाही की कगार पर पहुंचा पाकिस्तान पहले चाहता था कि सऊदी अरब 10 अरब डॉलर पूरा पाकिस्तान में निवेश करे लेकिन उसने ऐसा करने से इंकार कर दिया। पाकिस्तान की आर्थिक हालत बहुत ही खराब है और सऊदी अरब पहले ही उसे काफी लोन दे चुका है। सऊदी अरब के इस रुख के बाद आखिरकार शहबाज सरकार को पूरी रिफाइनरी में 70 फीसदी पैसा लगाने के लिए बाध्य होना पड़ा है। दोनों देशों के बीच आज इस सहमति पत्र पर समझौता हो सकता है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के बीच इमरान खान के कार्यकाल में रिश?ते रसातल में चले गए थे। इमरान खान ने सीधे सऊदी प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान पर हमला बोला था। अब शहबाज सरकार के आने के बाद हालात बदलते दिख रहे हैं। शहबाज शरीफ से लेकर आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर तक सऊदी प्रिंस से गुहार लगा चुके हैं। इसके बाद भी सऊदी अरब ने पूरा पैसा इस प्रॉजेक्ट के लिए नहीं दिया है। सऊदी अरब के राजदूत ने ग्वादर में रिफाइनरी स्थल का दौरा किया है। इस संयुक्त रिफाइनरी में हर दिन 4 लाख बैरल तेल साफ करने की क्षमता होगी। पाकिस्तान खुद को बचाने के लिए अब खाड़ी देशों की शरण में पहुंच गया है। इससे पहले पाकिस्तान ने यूएई को कराची पोर्ट का कुछ हिस्सा दे दिया था ताकि उसे पैसा मिल सके। पाकिस्तान रिश्ते सुधारने के लिए मुस्लिम देश होने की दुहाई दे रहा है। ग्वादर वही इलाका है जहां पर चीन अरबों डॉलर का सीपीईसी का निवेश कर रहा है। ग्वादर बंदरगाह को चीन आधुनिक बना रहा है। इससे पहले सऊदी प्रिंस ने साल 2019 की अपनी यात्रा के दौरान 20 अरब डॉलर के निवेश पैकेज का ऐलान किया था जिसमें 10 अरब डॉलर रिफाइनरी पर खर्च किया जाना था।

### एर्दोगन ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति व हमास नेता से की मुलाकात

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अंकारा में देश के दौरे पर आए फिलिस्तीनी समकक्ष महमूद अब्बास और हमास नेता इस्माइल हानियेह के साथ बंद कमरे में बैठक की। तुर्की की अर्ध-आधिकारिक अनादोलु समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति परिसर में बुधवार की बैठक के एर्दोगन और अब्बास द्वारा द्विपक्षीय संबंधों, फिलिस्तीन-इजराइल मुद्दे और अन्य क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय विकास पर चर्चा के लिए एक दिन बाद हुई। बुधवार को बैठक के दौरान एर्दोगन ने इजरायली सुरक्षा बलों और बसने वालों के हमलों में मारे गए फिलिस्तीनियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बैठक के बाद तुर्की के संचार निदेशालय ने ट्विटर पर कहा, फिलिस्तीनी लोगों की एकता और एकजुटता के महत्व को इंगित करते हुए, राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि जो लोग शांति प्रक्रिया को कमजोर करना चाहते हैं, उन्हें फिलिस्तीनी विभाजन से लाभ होता है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## NEWS इन ब्रीफ

### उ.प्र केमिकल फैक्ट्री में विस्फोट, दो की मौत, एक घायल

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में गुरुवार को थाना नई मंडी इलाके में केमिकल फैक्ट्री में बॉयलर फटने से दो मजदूरों की मौत हो गई। जबकि, एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। शहर पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि नई मंडी थाना अंतर्गत मख्याली गांव के पास बजरंग ऐलम रसायन फैक्ट्री का बॉयलर सुबह अचानक फट गया। इससे मौके पर काम कर रहे अली नवाज (42) और रामभरोसे (55) नामक मजदूरों की मौत हो गयी। जबकि, हादसे में जयपाल (60) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### महाराष्ट्र में आकाशीय बिजली गिरने से 6 की मौत, 7 झुलसे

**मुंबई।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले में लगातार हो रही भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। तेज बारिश के साथ जिले में अलग-अलग स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और सात लोग गंभीर रूप से झुलस गए हैं। झुलसे लोगों का इलाज जिला अस्पताल में हो रहा है। पुलिस के अनुसार पिछले 24 घंटों में चंद्रपुर जिले में चार स्थानों पर बिजली गिरने से पांच महिलाओं सहित छह लोगों की मौत हो गई और सात महिलाएं जख्मी हुई है। जिला मुख्यालय से करीब 75 किलोमीटर दूर सिंदेवाही तहसील के देलान्वादी गांव में बुधवार को धान के खेत में काम कर रही 45 और 47 साल की दो महिलाओं की आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर ही मौत हो गई।

### गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम का तीसरा हॉट टेस्ट सफल

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम का तीसरा हॉट सफल परीक्षण किया। इसरो ने ट्वीट करके जानकारी दी कि गगनयान सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम पर दो और हॉट परीक्षण 26 जुलाई को सफलतापूर्वक किए गए। इसरो ने कहा कि मिशन के लिए आवश्यक और निरंतर मोड में परीक्षण आयोजित किए गए।

# भ्रष्टाचारियों-परिवारवादियों ने केवल अपनी जमात का नाम बदला : पीएम

## कांग्रेस की लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद लाल डायरी चुनाव में उसे खत्म कर देगी



**एजेंसी। राजकोट/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को विपक्षी गठबंधन पर तीखा हमला करते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों ने केवल अपनी जमात का नाम बदला है। इनके तौर तरीके और इरादे वही पुराने हैं। प्रधानमंत्री राजकोट के रेसकोर्स ग्राउंड में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। राजकोट को राजनीति की अपनी पहली पाठशाला बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, 'मैंने राजकोट से बहुत कुछ सीखा है। मेरा राजनीतिक करियर यहीं से शुरू हुआ। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि आज जब देश आगे बढ़ रहा है तो कुछ लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि इन लोगों को जनता की आवश्यकताओं और आकांक्षाओं से कोई मतलब नहीं था वो आज जनता के सपने पूरे होते देखकर ज्यादा चिढ़े हुए हैं। उन्होंने कहा, आजकल इन भ्रष्टाचारियों और परिवारवादियों ने अपनी जमात का नाम भी बदल दिया है। चेहरे वही पुराने हैं, पाप भी पुराने हैं, तौर तरीके भी पुराने हैं लेकिन जमात का नाम बदल गया है। इनके तौर तरीके भी वहीं हैं, पुराने हैं, इरादे भी वो ही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मिडिल क्लास को कुछ सस्ता मिलता है तो ये कहते हैं कि किसान को सही कीमत नहीं मिल रही।

**जयपुर।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस की लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद लाल डायरी आगामी चुनाव में पार्टी को खत्म कर देगी। वे अपने राजस्थान दौरे के दौरान सीकर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पहले केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान में विकास की प्रक्रिया लगातार जारी थी, लेकिन जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है, उसने विकास कार्यों में बाधाएं खड़ी करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार का मतलब है लूट की दुकान और झूठ का बाजार। इस लूट की दुकान का नवीनतम उत्पाद लाल डायरी है। मोदी ने कहा कि चाहे कितनी भी ताकत लगा लो, इस चुनाव में लाल डायरी पूरी कांग्रेस को लपेटने वाली है। लाल डायरी के नाम पर कांग्रेस नेताओं को चुप कराया जा रहा है। लोकतंत्र में सरकार को अपने काम का हिसाब देना होता है, लेकिन जो चार साल तक सिर्फ सोती रहे, वह अपने काम का हिसाब कैसे देगी? इन लोगों ने आए दिन आपसी खींचतान और वर्चस्व की लड़ाई में शासन-व्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। पीएम ने आरोप लगाया कि कहा जाता है कि कांग्रेस सरकार के काले-कारनामे लाल डायरी में दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि डायरी के पन्ने खोले जाएं तो नए तथ्य सामने आएंगे। सीकर को शिक्षा नगरी के नाम से जाना जाता है, लेकिन यहां सत्ताधारी दल के लोग ही पेपर लीक उद्योग चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने युवाओं के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है, इसलिए उसे हटाना होगा। मोदी ने राजस्थान की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यहां हमारे तीज-त्योहार भी खतरे में हैं। उन्होंने विपक्षी गठबंधन द्वारा घोषित नए नाम 'इंडिया' पर भी टिप्पणी की और कहा कि सिमी में भी भारत है लेकिन वह एक आतंकवादी संगठन है।

# जगुआर ने छात्रा को मारी टक्कर, 15 फीट दूर गिरी

**एजेंसी। रायचूर, (कर्नाटक)**

कर्नाटक के रायचूर में तेज रफ्तार जगुआर कार की चपेट में आने से एक छात्रा के हवा में उछलने और 15 फीट दूर गिरने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो को देख कर लोग हैरान हैं। कर्नाटक पुलिस हरकत में आ गई है और चालक का ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित करने की सिफारिश की है। पुलिस उस बाइक चालक के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई शुरू कर रही है जिसने लापरवाही से यू-टर्न लिया, जिसके चलते ये दुर्घटना हुई। पुलिस के मुताबिक घटना 18 जुलाई को रेलवे स्टेशन रोड पर राम मंदिर के सामने की है। 34 सेकंड के वीडियो फुटेज में बाइक सवार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार को देखे बिना यू-टर्न लेते हुए दिखाया गया है। बाइक से टक्कर से बचने के लिए कार



चालक गाड़ी को बिल्कुल बायीं ओर ले जाता है और नियंत्रण खो देता है। हालांकि, वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी और सड़क के किनारे चल रही तीन छात्राओं को भी टक्कर मार दी। लड़कियों में से एक मौके पर ही गिर जाती है और दूसरी हवा में उछल जाती है और घटनास्थल से 15 फीट दूर गिरती है। दोनों छात्रा चमत्कारिक ढंग से बच गए और उन्हें केवल मामूली चोटें आईं। पुलिस ने बताया कि बाइक सवार का पैर फ्रैक्चर हो गया। बाइक सवार की पहचान शिवराज पाटिल के रूप में हुई है।

# प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के भवन का राष्ट्रपति ने किया शिलान्यास

**एजेंसी। भुवनेश्वर**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को भुवनेश्वर जिले में स्थित तमांडो दासबाटिया में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के दैवीय लोक भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केवल एक संगठन ही नहीं बल्कि महिलाओं द्वारा चलाये जा रहे एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक आंदोलन है। मानवता के लिए दोनों भौतिक एवं आध्यात्मिक विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी परिवर्तन के वाहक हैं



और उस परिवर्तन की अनदेखी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह विकास के लिए जरूरी है। भौतिक परिवर्तन हमें खुसी दे सकती है लेकिन आध्यात्मिक मार्ग पर चलने से मानसिक शांति प्राप्त होती है। विभिन्न समयों में नकारात्मक विचार हमारी मानसिकता को प्रभावित करता है। हम आत्मसमीक्षा न करने के कारण नकारात्मक विचारों के शिकार हो जाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे अंदर घृणा एवं ईर्ष्या की भावना बढ़ती जा रही है। हमारे सामने वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती है नकारात्मक विचारों का मुकाबला करना तथा सकारात्मकता की ओर अग्रसर होना। मानवता को जागरूक करने और सकारात्मकता की ओर अग्रसर होने के लिए लोगों की सहायता करने को लेकर उन्होंने ब्रह्मकुमारी संगठन के प्रयासों की सराहना की।

# जटिल वैश्विक परिस्थितियों में भारत मजबूत : जयशंकर



**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने गुरुवार को पिछले दिनों भारत की उच्च स्तरीय यात्राओं और विदेशी मेहमानों के आगमन सहित देश में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए राज्यसभा में वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा कि जटिल वैश्विक परिस्थितियों में भारत सकारात्मकता का बल बनते हुए दुनिया भर में अपनी साख स्थापित कर रहा है। राज्यसभा में उनके वक्तव्य के दौरान विपक्षी दलों का हंगामा जारी रहा। राज्यसभा के सभापति ने कहा कि पिछले वर्षों में भारत की दुनिया भर में साख बढ़ी है। अपनी विदेश यात्राओं में उन्होंने स्वयं इसका अनुभव किया है। हमें इसका उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने विदेश मंत्री के वक्तव्य के दौरान विपक्षी सांसदों के व्यवहार पर आपत्ति जताई। इस दौरान सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्षी सांसदों के व्यवहार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह काले कपड़े पहन कर आए हैं, क्या उनका मन भी काला है। उन्होंने कहा कि 'काले कपड़े, काला काम, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।' उनके इस कथन के बाद सत्ता पक्ष की ओर से सांसदों ने नारे को दोहराना शुरू कर दिया। बाद में हंगामा बढ़ता देख सभापति में सदन की कार्यवाही को 12:00 बजे तक स्थगित कर दिया।

## अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा की तारीख को लेकर सरकार-विपक्ष आमने-सामने

**मोदी** सरकार के खिलाफ कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई द्वारा दिए गए अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस बुधवार को ही स्वीकार हो जाने के बाद गुरुवार को इस पर चर्चा की तारीख को लेकर लोक सभा में सरकार और विपक्ष आमने-सामने आ गए। गुरुवार को लोक सभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस स्वीकार होने के बावजूद विधेयकों को पेश कर पारित करवाने पर कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस स्वीकार होने के बाद पहले इस पर तुरंत चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने इस पर पॉइंट ऑफ ऑर्डर का मसला उठाते हुए पीठासीन सभापति किरीट प्रेमजी भाई सोलंकी से फैसला देने की मांग की। कांग्रेस नेता के बयान पर लोक सभा में जवाब देते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि इन लोगों ने अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया है, मामला स्पीकर के संज्ञान में है, 10 दिन का समय है और 10 दिन के समय के अंदर स्पीकर जब भी निर्धारित करेंगे, सरकार चर्चा के लिए तैयार है।

# ईडी प्रमुख का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वर्तमान ईडी निदेशक संजय मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। संजय मिश्रा 31 जुलाई को सेवानिवृत्त होने वाले थे। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई, विक्रम नाथ और संजय करोल ने अपने आदेश में कहा, सामान्य परिस्थितियों में हम इस तरह के आवेदन को स्वीकार नहीं करेंगे... व्यापक जनहित को ध्यान में रखते हुए हम ईडी निदेशक को 15 सितंबर तक पद पर बने रहने की अनुमति देते हैं। हालांकि, पीठ ने स्पष्ट किया कि वह वर्तमान ईडी निदेशक के कार्यकाल के विस्तार की मांग करने वाले केंद्र के किसी भी अन्य आवेदन पर विचार नहीं करेगी और मिश्रा 15-16 सितंबर, 2023 की मध्यरात्रि से पद पर नहीं रहेंगे। केंद्र सरकार ने शीर्ष अदालत से मिश्रा का कार्यकाल 15 अक्टूबर तक बढ़ाने का अनुरोध किया था। केंद्र का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत के समक्ष कहा कि ईडी में नेतृत्व में कोई भी बदलाव मौजूदा एफएटीएफ समीक्षा के मद्देनजर भारत के राष्ट्रीय हितों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

# दरभंगा जिले में तीन दिनों तक बंद रहेगी इंटरनेट सेवा

**एजेंसी। पटना**

बिहार के दरभंगा जिले में विधि व्यवस्था को लेकर सरकार ने बड़ा निर्णय लिया है। यहां दो समुदायों के बीच भारी तनाव को देखते हुए आज यानी 27 जुलाई दोपहर चार बजे से 30 जुलाई दोपहर चार बजे तक इंटरनेट सर्विस बंद रहेगी। दरभंगा में बढ़ रहे सांप्रदायिक मामलों को लेकर दरभंगा प्रशासन ने 27 से 30 जुलाई तक सरकार के निर्देश पर इंटरनेट सेवा बंद रखने का निर्णय लिया है। कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से दरभंगा में समाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश के मद्देनजर गृह विभाग बिहार सरकार ने इंडियन टेलीग्राफ एक्ट 1875 की धारा-5 के तहत यह निर्णय लिया है। इस दौरान सभी सोशल साइट्स बैन रहेंगी। दरअसल, दरभंगा में बीते 23 जुलाई को मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर शुरू हुआ बवाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिवधारा इलाके में मुहर्रम का झंडा लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच भारी विवाद हो गया था। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया था और पत्थरबाजी शुरू हो गई थी।




## अनुराग कश्यप की 'कैनडी' आईएफएफएम के अंतिम दिन समापन फिल्म बनेगी

**फिल्म** निर्माता और लेखक अनुराग कश्यप अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म



'कैनेडी' को प्रतिष्ठित फिल्म के रूप में चुने जाने से 'खुश और उत्साहित' हैं। फिल्म 'कैनेडी' 14वें भारतीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2023 (आईएफएफएम) के अंतिम दिन समापन फिल्म के रूप में प्रदर्शित की जाएगी। भारतीय फिल्म फेस्टिवल 20 अगस्त को मेलबर्न में 'कैनेडी' की स्क्रीनिंग के साथ समाप्त होगा। फिल्म निमार्ता अनुराग कश्यप ने इसके बारे में बात करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि कैनेडी आईएफएफएम, मेलबर्न की समापन फिल्म होगी। यह पहला भारतीय फिल्म महोत्सव है, जिसे हम दुनिया में प्रदर्शित कर रहे हैं और मैं दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के लिए बेहद उत्साहित हूं। मैं फिल्म महोत्सव में हिस्सा लेने और लोगों की प्रतिक्रिया जानने के लिए वहां पर मौजूद रहूंगा।

## एक पुराने ट्वीट को लेकर अमिताभ बच्चन हुए ट्रोल



**सोशल** मीडिया पर एक्टिव रहने वाले बॉलीवुड मेगास्टार अमिताभ बच्चन नेटिजन्स के निशाने पर हैं, उन्हें उनके पुराने ट्वीट जिसमें उन्होंने महिलाओं के अंतर्वस्त्रों के बारे में कहा था, उनके लिए ट्रोल किया गया है। हाल ही में एक रेडिट उपयोगकर्ता ने बिग बी के ट्वीट का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसे अभिनेता ने 12 जून 2010 को पोस्ट किया था, जहां उन्होंने लिखा था, टी 26 : 'ब्रा' एकवचन और 'पैंटी' बहुवचन क्यों है। अनजान लोगों के लिए रेडिट एक सामाजिक समाचार वेबसाइट और मंच है जहां सामग्री को सामाजिक रूप से क्यूरेट किया जाता है और साइट के सदस्यों द्वारा वोटिंग के माध्यम से प्रचारित किया जाता है।

## फिल्म 'मंडप' का फर्स्ट लुक रिलीज, शादी के जोड़े में नजर आए निरहुआ और आम्रपाली

**सांसद** और अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ व खूबसूरत अभिनेत्री आम्रपाली दुबे की अपकमिंग भोजपुरी फिल्म 'मंडप' का फर्स्ट लुक आउट हो गया है। इसमें निरहुआ और आम्रपाली शादी के मंडप में नजर आ रहे हैं। दोनों की जोड़ी भोजपुरी स्क्रीन की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली जोड़ी है, जो एक बार फिर से निमार्ता रौशन सिंह की फिल्म ह्यमंडपह्न में




नजर आने वाले हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक इस बात की ओर इशारा भी करता है कि फिल्म की कहानी सामाजिक और पारिवारिक मानदंडों के इर्द-गिर्द होने वाली है। फिल्म को आनंद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक आने के बाद से फिल्म समीक्षकों को इससे काफी उम्मीद नजर आ रही है। यह निरहुआ की इस साल आने वाली प्रमुख फिल्मों में से एक है। भोजपुरी फिल्म 'मंडप' विशुद्ध भोजपुरी घर परिवार की कहानी है। यह बड़े कैनवास की फिल्म है। फिल्म को लेकर निरहुआ ने कहा कि हमारी फिल्म बेहद खास है। यह जब भी रिलीज हो, इसे जरूर देखें। हम सबों ने फिल्म में अपना पूरा योगदान दिया है।

**सावधान** सार्वजनिक स्थल पर लगे चार्जर में अपना फोन चार्ज के लिए न लगाएं

# वरना आपका खाता हो जाएगा खाली

### हैकर इस तरह जूस जैकिंग से करने लगे हैं आपका खाता खाली

### बचने के लिए अपना पावर बैंक लेकर चलें या यूएसबी डाटा ब्लॉकर्स खरीद लें

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**



कुछ लोग अपना मोबाइल, लैपटाप या टैब रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट व बस स्टेशन, होटल, गेस्ट हाउस में बने सॉकेट व उसमें लगे चार्जर में लगाकर चार्ज करने लगते हैं। लेकिन उसके मार्फत आपके फोन या लैपटॉप या टैब का डाटा हैकरों के पास जा सकता है। इधर आप अपना फोन चार्ज कर रहे हैं , उधर हैकर आपके खाते से आपका रकम उड़ा रहे हैं। जब तक चार्ज करते हैं तब तक आपका खाता खाली हो जाता है। आपका फोन या टैब या लैपटॉप हमेशा के लिए लाक भी हो सकता है। हैकरों के इस लूट तकनीक को जूस जैकिंग कहा जाने लगा है। साइबर चोर हर दिन नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। इस तरह हैकर नित नयी-नयी तकनीक अपना कर आपके खाते से रकम उड़ा रहे हैं। कभी कोई व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर लोगों को चूना लगा रहा है, कोई यूट्यूब वीडियो लाइक के नाम पर ठगी कर रहा है। इसी तरह अब जूस जैकिंग से स्कैम होने लगा है , लेकिन इसके बारे में अभी बहुत कम लोगों को जानकारी है। लेकिन यह जूस जैकिंग क्षण भर में आपकी जिंदगी भर की कमाई खत्म कर सकता है। हालत यह हो गई है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने इसे लेकर चेतावनी जारी की है।

### स्कैम का नया तरीका है जूस जैकिंग

कुछ लोग किसी रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट या होटल जैसी जगह पर अपने मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप की बैटरी खत्म होता देख वहां मौजूद चार्जिंग केबल या यूएसबी पोर्ट से डिवाइस चार्ज करने लगते हैं, लेकिन आपके फोन या लैपटॉप डिवाइस की बैटरी चार्ज होते-होते आपका बैंक खाता खाली हो सकता है या आपके निजी संदेश, ईमेल, मोबाइल पासवर्ड या अन्य जानकारियां उड़ाई जा सकती हैं। यहां तक कि आपका फोन, लैपटॉप हमेशा के लिए लॉक भी हो सकता है।

### बचने के लिए क्या करें

- ट्रेन, हवाई जहाज में या स्टेशन-होटलों पर पहले से लगी चार्जिंग केबल का इस्तेमाल भूलकर भी नहीं करें।
- प्रमोशनल उपहार में मिलने वाले चार्जिंग केबल या पोर्ट का भी उपयोग न करें।
- अपने फोन के साथ मिले या ओरिजिनल चार्जर और केबल का ही इस्तेमाल करें।
- यात्रा करते समय पावरबैंक साथ रखें।
- किसी चार्जिंग स्टेशन पर यूएसबी पोर्ट का इस्तेमाल करने की बजाय एडाप्टर का इस्तेमाल करें।
- होटल में भी यूएसबी पोर्ट से फोन या कोई अन्य गैजेट चार्ज ना करें।